## शहर में आज

- कलेक्ट्रेट में जिला मजिस्ट्रेट के न्यायालय कक्ष में प्रत्याशियों की नाम वापसी 11 :00 बजे।
- यूपी बोर्ड की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन महाराजा अग्रसेन इंटर कालेज केंद्र पर सुबह 10 :00 बजे।
- हुल्का देवी मंदिर कपूर कंपनी पर बसौड़ा मेला 6 :00 बजे।
- राजकीय पॉलीटेक्निक में पीठासीन अधिकारियों व मतदान अधिकारी प्रथम का प्रशिक्षण सुबह 10 :00 बजे।

### बच्ची को परिजनों से मिलाया

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** एसएचओ पाकबड़ा सत्येंद्र सिंह ने बताया कि ठाकुरद्वारा के लालपुर निवासी अमित अपनी पत्नी, डेढ़ वर्षीय बेटी व अन्य के साथ पाकबड़ा में रिश्तेदारी में आए थे। उसी दौरान अमित की बेटी खेलते हुए कहीं चली गई। कुछ पता नहीं चलने पर थाने में सूचना दी गई। कुछ देर बाद जुमेरात का चौराहा पर बच्ची घूमते हुए पुलिस टीम को मिली। जिसे परिजनों को सौंप दिया गया।



अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की बैठक में मौजूद राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप सक्सेना, साथ में अन्य पदाधिकारी व सदस्य। ● अमृत विचार

## होली मिलन समारोह 7 अप्रैल को

**मुरादाबाद, अमृत विचारः** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की बैठक में होली मिलन समारोह को लेकर चर्चा हुई। अध्यक्षता महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप सक्सेना एडवोकेट और संचालन राष्ट्रीय महामंत्री दीपक सक्सेना ने किया।

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने बताया कि हर साल की तरह इस साल भी ट्रस्ट द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन मिड टाउन क्लब में 7 अप्रैल को किया जाएगा। कार्यक्रम में डांस, सिंगिंग एवं हास्य कविता, सम्मान और फूलों की होली खेली जाएगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. अरुण कुमार सक्सेना वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) होंगे। जबकि विशिष्ट अतिथि नगर विधायक रितेश गुप्ता और कैप्टन अखिलेश सक्सेना कारगिल युद्ध विजेता की उपस्थिति रहेगी। बैठक में नीतू सक्सेना, दीपक स क्सेना, मेजर सुदेश भटनागर, अनिल सक्सेना, बीके सक्सेना, केबी सक्सेना, राजीव सक्सेना, डब्लू सक्सेना, अश्वनी सक्सेना, शिव अवतार सक्सेना, मनोज सक्सेना आदि लोग उपस्थित रहे।

## घर-घर पहुंचकर लोगों को मतदान के लिए करें प्रेरित

**मुरादाबाद, अमृत विचारः** जिला निर्वाचन अधिकारी मानवेंद्र सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को पंचायत भवन में पृष्ठ प्रहरियों के साथ बैठक हुई। उन्होंने जिले में शत-प्रतिशत मतदान कराने के लिए पृष्ठ प्रहरियों को जिम्मेदारी सौंपी। कहा कि 50 प्रतिशत से कम मतदान प्रतिशत वाले बूथों पर एक सिविल डिफेन्स वार्डन के साथ एनएसएस के दो छात्रों को लगाया जाए। पृष्ठ प्रहरी मतदाताओं के घर पर पहुंचकर दस्तक दें। उन्हें मतदान करने के लिए प्रेरित करें। कहा कि ऐसे मतदाता जो वोट नहीं डालते, छुट्टी मनाने चले जाते हैं उन्हें चिह्नित कर जागरूक करते हुए मतदान कराना सुनिश्चित करें। बैठक में अपर जिलाधिकारी नगर ज्योति सिंह, उप जिलाधिकारी बिलारी मणि अरोरा के अलावा अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### इस बार समाजवादी पार्टी ने महिला प्रत्याशी पूर्व विधायक रुचि वीरा को मैदान में उतारा

# किसी महिला को नहीं मिला प्रतिनिधित्व का मौका

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**मुरादाबाद लोकसभा**

- 2014 में रामपुर की बेगम नूर बानो मुरादाबाद से आजमा चुकी हैं किस्मत
- इस सीट से सबसे अधिक चार बार जीतकर हाजी गुलाम मोहम्मद पहुंचे थे संसद

**अमृत विचारः** जनपद में 19 अप्रैल को पहले चरण में मतदान होना है। जिसके लिए सभी राजनीतिक दल जोर-शोर से जुटें हैं। भारतीय जनता पार्टी, समाजवादी पार्टी, बहुजन समाज पार्टी और ऑल इंडिया मजलिस-ए- इत्तेहदुल मुस्लेमीन समेत अन्य प्रत्याशियों ने भी अपना नामांकन करा लिया है। जिसमें सपा से महिला प्रत्याशी रुचि वीरा मैदान में हैं। लेकिन अब तक हुए चुनावों में मुरादाबाद सीट से किसी भी महिला को प्रतिनिधित्व करने का मौका नहीं मिला है। जबकि यहां रहने वाली आधी आबादी ही निर्णायक है। उसके बाद भी मुरादाबाद से आज तक महिला सांसद नहीं बन पाई है।

मुरादाबाद लोकसभा सीट पर पहला चुनाव 1952 में हुआ था। इस सीट पर अब तक हुए 17 चुनावों में बसपा को छोड़कर लगभग सभी प्रमुख दलों के प्रत्याशी जीतकर संसद पहुंचे हैं। जिसमें कांग्रेस, जनसंघ, जनता पार्टी, जनता दल, सपा, अखिल भारतीय लोकतांत्रिक कांग्रेस और भाजपा के अलावा निर्दलीय उम्मीदवार शामिल हैं। इस सीट पर सबसे अधिक चार बार हाजी गुलाम मोहम्मद जीतकर सांसद बने हैं। उन्होंने दो बार जनता पार्टी और दो बार जनता दल के टिकट पर जीत हासिल की थी। जबकि सपा के टिकट पर तीन बार डॉ. शफीकुर्रहमान बर्क ने जीत दर्ज की थी। इसके अलावा रामसरन ने दो बार और हाफिज मोहम्मद सिद्दीक ने एक बार जीत हासिल की थी। लेकिन इस सीट पर अभी तक महिला उम्मीदवारों को जीत नहीं मिली है। यहां महिला उम्मीदवारों को अभी जीत का इंतजार है। वैसे तो हर बार लोकतंत्र के उत्सव में महिला मतदाताओं पर सबकी नजर रहती है। उनके वोट के लिए राजनीतिक दलों की ओर से कई वादे भी किए जाते हैं। लेकिन जब उनको राजनीति में हिस्सेदारी देने की बात आती है तो सभी पीछे हट जाते हैं। यही वजह है कि अब तक के लोकसभा चुनावों में मुरादाबाद लोकसभा सीट से किसी भी महिला को प्रतिनिधित्व करने का मौका नहीं मिला है। लेकिन 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए अभी तक प्रमुख राजनीतिक दलों की ओर से जो प्रत्याशी घोषित किए गए हैं, उसमें सपा ने ही महिला प्रत्याशी को मैदान में उतारा है। अब मुरादाबाद की जनता 19 अप्रैल को इसका फैसला करेगी कि इस बार लोकसभा सीट का प्रतिनिधित्व कौन करेगा।

### बसपा जिलाध्यक्ष भी पार्टी के स्टार प्रचारकों में शामिल

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** बहुजन समाज पार्टी ने लोकसभा चुनाव के लिए पार्टी के स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर दी है। इसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती, उनके भतीजे आकाश आनंद, सतीश चंद्र मिश्रा सहित 40 नाम शामिल हैं। जिसमें मुरादाबाद के बसपा जिलाध्यक्ष सुनील आजाद भी हैं। सुनील आजाद ने बताया कि बसपा लोकसभा चुनाव अकेले लड़ रही है। पार्टी के प्रत्याशी दमदारी से चुनाव लड़कर भाजपा, सपा, कांग्रेस के प्रत्याशियों पर भारी पड़ेंगे। जिलाध्यक्ष ने बताया कि सूची में विश्वनाथ पाल, मुनकाद अली, राजकुमार गौतम, नरेश गौतम, समसुद्दीन राइन सहित 40 शामिल हैं।

# 13 प्रत्याशियों के पर्चे वैध, एसटी हसन का नामांकन निरस्त

### नाम वापसी आज, कल आवंटित होगा प्रत्याशियों को चुनाव चिह्न, रिटर्निंग अधिकारी की जांच में चार अन्य के नामांकन भी खारिज

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचारः** लोकसभा चुनाव में भाजपा, सपा बसपा सहित अन्य दलों व निर्दलीय प्रत्याशियों के नामांकन पत्रों की जांच गुरुवार को कलेक्ट्रेट में रिटर्निंग अधिकारी मानवेंद्र सिंह ने की। इसमें 13 प्रत्याशियों के पर्चे जांच में सही पाए गए। सपा की ओर से नामांकन कराने वाले वर्तमान सांसद डॉ. एसटी हसन का नामांकन निरस्त कर दिया गया है। उनकी जगह रुचि वीरा को अधिकृत प्रत्याशी मानते हुए पर्चा सही माना गया है। कुल पांच प्रत्याशियों के नामांकन निरस्त किए गए हैं।

जिला मजिस्ट्रेट न्यायालय कक्ष में नामांकन पत्रों की जांच सुरक्षा व्यवस्था के बीच की गई। नामांकन पत्रों के साथ लगे एफीडेविट, निवास, शैक्षणिक योग्यता के प्रमाणपत्रों, मतदाता सूची में नाम, दलीय प्रत्याशियों को पार्टी से मिले अधिकृत पत्र व सिंबल आदि का मिलान किया गया। कमियों को इंगित कर रजिस्टर पर दर्ज किया गया।



नामांकन पत्रों की जांच करते रिटर्निंग अधिकारी मानवेंद्र सिंह। ● अमृत विचार

**इनके नामांकन हुए निरस्त**

डॉ. एसटी हसन, शीशपाल, सरताज आलम, संदीप त्रिवेदी, प्रदीप कुमार यादव।

जिसके नामांकन पत्र में त्रुटियां मिली उसे निरस्त किया गया। जांच में जिन 13 प्रत्याशियों के पर्चे सही पाए गए हैं उनमें मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय व राज्य राजनैतिक दलों में भाजपा के कुंवर सर्वेश कुमार सिंह, सपा की रुचि वीरा, बसपा के मोहम्मद इरफान सैफी हैं। जबकि अन्य दलों के प्रत्याशियों में अपना हक पार्टी के अजय यादव, भारतीय बहुजन समता पार्टी के ओंकार सिंह, राष्ट्रीय कांग्रेस (जे) पार्टी के गंगाराम शर्मा, समता पार्टी के शकील अहमद, सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर आफ इंडिया (कम्युनिस्ट) के हरकिशोर शामिल हैं। इनके अलावा निर्दलीय में अमरजीत सिंह, मोहम्मद जमशेद, मुशर्रत हुसैन, वकी रशीद और साधना सिंह के नाम शामिल हैं। शुक्रवार को इच्छुक उम्मीदवार अपना नाम वापस ले सकते हैं।

## दूसरे दिन भी गायब रहे 90 अधिकारी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचारः** लोकसभा चुनाव में मतदान के लिए गुरुवार को राजकीय पालीटेक्निक पुरुष व राजकीय पालीटेक्निक (महिला) में मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव की अध्यक्षता में पीठासीन अधिकारियों व मतदान अधिकारी प्रथम को प्रशिक्षण दिया गया। दूसरे दिन प्रशिक्षण में 90 पीठासीन व प्रथम मतदान अधिकारी अनुपस्थित रहे। उन्हें शुक्रवार को हर हाल में प्रशिक्षण में उपस्थित होने का निर्देश दिया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी मानवेंद्र सिंह ने प्रशिक्षण स्थल पर पहुंचकर जानकारी ली।

प्रशिक्षण दो पालियों में चला। प्रथम पाली का प्रशिक्षण सुबह 10 से दोपहर 12:30 बजे तक और दूसरी पाली में दोपहर 2:00 बजे से सायं 4:30 बजे तक प्रशिक्षण दिया गया। राजकीय पालीटेक्निक (पुरुष) में प्रथम पाली में कुल 330 पीठासीन अधिकारियों में से 319 उपस्थित रहे। जबकि 11 पीठासीन अधिकारी अनुपस्थित रहे।



राजकीय महिला पॉलीटेक्निक में कर्मचारियों को प्रशिक्षण देतीं अधिकारी।

वहीं 330 प्रथम मतदान अधिकारी में से 318 उपस्थित रहे। 12 अनुपस्थित रहे। दूसरी पाली में 330 पीठासीन अधिकारियों में से 317 पीठासीन अधिकारी उपस्थित और 13 पीठासीन अधिकारी अनुपस्थित रहे। 330 प्रथम मतदान अधिकारी में से 322 उपस्थित और 8 अनुपस्थित रहे।

राजकीय पालीटेक्निक (महिला) में चले प्रशिक्षण में प्रथम पाली में 300 पीठासीन अधिकारियों में से 285 अधिकारी उपस्थित और 15 अनुपस्थित रहे। जबकि 300 प्रथम मतदान अधिकारी में से 289 उपस्थित और 11 अनुपस्थित रहे। दूसरी पाली में 300 पीठासीन अधिकारियों में से 292 उपस्थित रहे और 8 पीठासीन अधिकारी अनुपस्थित रहे।

इस प्रकार दोनों प्रशिक्षण स्थलों के दोनों पालियों में 90 पीठासीन अधिकारी एवं प्रथम मतदान अधिकारी अनुपस्थित रहे। जिला निर्वाचन अधिकारी मानवेंद्र सिंह ने प्रशिक्षण स्थल पर पहुंचकर जानकारी ली। गंभीरता पूर्वक प्रशिक्षण देने और लेने का निर्देश दिया।

## बेसिक शिक्षा विभाग के स्कूलों में 30 मार्च को मिलेगा रिपोर्ट कार्ड

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**तैयारी**

- नए सत्र में पहले ही दिन सभी विषय की किताबें देने की तैयारी
- कक्षा तीन से आठ तक की 10 लाख किताबें विभाग को मिली

**अमृत विचारः** 27 मार्च को परिषदीय विद्यालयों की वार्षिक परीक्षाएं समाप्त हो गईं। अब 30 मार्च को बच्चों को रिपोर्ट कार्ड देने की तैयारी चल रही है। इसके लिए शिक्षक व शिक्षिकाएं रिपोर्ट कार्ड तैयार करने में जुटे हैं। उधर, इस बार प्राथमिक और उच्च प्राथमिक स्कूलों के बच्चों को नवीन शैक्षिक सत्र के पहले ही दिन सभी विषयों की किताबें मिल जाएंगी। कक्षा तीन से आठ तक की 14 लाख पुस्तकों के सापेक्ष 10 लाख किताबें विभाग को मिल चुकी हैं।

जनपद में 1401 प्राथमिक, उच्च प्राथमिक और कंपोजिट विद्यालय हैं। इनमें करीब 2.5 बालक-बालिकाओं का पंजीकरण है। बीएसए अजीत कुमार ने बताया कि बच्चों का रिपोर्ट कार्ड 30 मार्च को दिया जाएगा। जो बच्चे 30 मार्च को रिपोर्ड कार्ड लेने नहीं आएगे। उन बच्चों को 1 अप्रैल यानि नए सत्र के पहले दिन रिपोर्ट कार्ड दिया जाएगा। बता दें कि बीते सत्रों में बच्चों को नवीन सत्र की शुरुआत में किताबें उपलब्ध नहीं हो पाती थी। जिस वजह से इन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ता था। कई बार तक साल के आखिर तक भी बच्चों को किताबें नहीं मिलती थी। लेकिन, इस बार नए शिक्षा सत्र से पुस्तकों को समय से छात्र-छात्राओं को उपलब्ध कराने के लिए शासन पूरी तरह से गंभीर है। शासन से भेजी गई डिमांड के अनुसार अब तक जनपद में 10 लाख पुस्तकें आ गई हैं। मार्च के अंत तक सभी पुस्तकें आ जाएंगी। अभी भी 4 लाख किताबें आना बाकी हैं। एक अप्रैल से नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत होगी। अब तक कक्षा एक और दो के लिए दिशा-निर्देश शासन की ओर से नहीं मिला है। विभाग की मानें तो कक्षा एक और दो के लिए एनसीईआरटी से किताबें आएंगी। सत्यापन के बाद विद्यालयवार किताबों की आपूर्ति की जाएगी। माना जा रहा है कि मार्च के अंत तक सभी विद्यालयों में किताबें पहुंचा दी जाएंगी।

## खो-खो में सीएसके क्लब चैम्पियन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचारः** क्षेत्रीय खेल कार्यालय की ओर से नेताजी सुभाषचंद्र बोस स्पोर्ट्स स्टेडियम सोनकपुर में पुरुष सीनियर वर्ग जिला स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। फाइनल मुकाबला सोनकपुर स्टेडियम और सीएसके क्लब की टीमों के बीच खेला गया। सीएसके क्लब ने एक अंक से जीत दर्ज कर खिताब अपने नाम किया।

प्रतियोगिता का आरंभ क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी प्रेम कुमार ने किया। पहला सेमीफाइनल मुकाबला सोनकपुर स्टेडियम व रैम्प पब्लिक स्कूल के मध्य खेला गया। जिसमें सोनकपुर स्टेडियम की टीम 3 अंक विजयी हुई। दूसरा सेमीफाइनल सीएसके क्लब और सेन्ट मीरा एकेडमी के मध्य खेला गया। जिसमें सीएसके क्लब ने 4 अंक से जीत दर्ज की। फाइनल मैच सोनकपुर स्टेडियम और सीएसके क्लब के मध्य खेला गया। जिसमें सीएसके क्लब की टीम स्टेडियम की टीम को 1 अंक से हराकर चैंपियन बनी। उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ के संयुक्त सचिव अजय पाठक ने खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। इस दौरान क्रिकेट कोच यश शुक्ला, हॉकी कोच नेहा, एथ्लेटिक्स कोच ललिता चौहान, बैडमिंटर कोच मोहम्मद आसिफ सिद्दीकी व प्रदीप सक्सेना मौजूद रहे। जबकि बलवन्त सैनी, रोहित, अमन व धीरज प्रतियोगिता के निर्णायक रहे।



नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्पोर्ट्स स्टेडियम में पुरस्कृत खिलाड़ी व क्रीड़ाधिकारी।

- सोनकपुर स्टेडियम में हुआ जिला स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन

## इंटरलाकिंग कार्य से होगा ट्रेनों का संचालन प्रभावित

**मुरादाबाद, अमृत विचारः** रेल मंडल के आलम नगर-शाहजहांपुर रेल खंड में टोडरपुर में स्थगित इंटरलाकिंग का कार्य तीन अप्रैल से शुरू होगा। इसके चलते लखनऊ रूट पर आवाजाही प्रभावित होगी। बरेली से प्रयागराज व वाराणसी के बीच चलने वाली चार ट्रेनें तीन दिन रद रहेंगी। जबकि लखनऊ-शाहजहांपुर सेक्शन में दो पैसेंजर ट्रेनों को बीच रास्ते में स्थगित किया जाएगा। एनआई वर्क से 10 ट्रेनें प्रभावित रहेंगी। सीनियर डीसीएम आदित्य गुप्ता ने बताया कि मुरादाबाद रेल मंडल में टोडरपुर स्टेशन पर तीन से पांच अप्रैल तक एनआई कार्य होगा। रेल संचालन को सुधारने का काम तीन दिन चलेगा। इसके चलते इस रूट पर रेल संचालन में फेरबदल किया है। वाराणसी-बरेली और बरेली-प्रयागराज एक्सप्रेस का दो से पांच अप्रैल तक संचालन थमेगा।

## मां के दर्शन को लगीं भक्तों की कतारें

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचारः** कपूर कंपनी स्थित हुल्का देवी मंदिर में चल रहे बसौड़ा मेले में गुरुवार को भी भक्तों की लंबी-लंबी कतारें लगीं। सुबह कपाट खुलने के बाद बड़ी संख्या में लोग मंदिर में दर्शन करने पहुंचे। उधर, बच्चों ने यहां लगे मेले का लुत्फ उठाया।

15 दिन चलने वाले इस मेले में माता रानी के भक्त घरों से बासी भोजन लाए और मां को भोग लगाकर व पूजा अर्चना के बाद मंदिर परिसर में ही भोजन ग्रहण किया। दीनदयाल नगर निवासी श्रुति ने बताया कि वह लंबे समय से मंदिर में आ रही हैं। मान्यता है कि जो इस मंदिर में आकर पूजा-अर्चना करते हैं मां हुल्का देवी उनकी मनोकामना पूर्ण करती हैं। विशेष रूप से जिनकी शादी व संतान प्राप्ति के बाद पहली होली आई है। वह मंदिर में मनौती मांगते हैं तो हर ओर खुशहाली छाई रहती है। राजीव ने बताया कि मंदिर में दूरदराज से भक्त आते हैं और मां हुल्का देवी के दर्शन कर मन्नतें मांगते हैं। 15 दिनों तक मंदिर के कपाट सुबह पांच से रात दस बजे तक खुले रहेंगे। उधर, मंदिर परिसर में दुकानें सजी हैं। मां का प्रसाद, श्रृंगार से लेकर सौंदर्य प्रसाधन की दुकानें सज गई हैं। दुकानदार हाईवे तक स्टॉल व ठेले लगाकर पूजन सामग्री बेच रहे हैं। झूलों का लुत्फ भी बच्चे, महिलाएं और युवा उठा रहे हैं। भीड़ को देखते हुए पुलिस व्यवस्था भी की गई है। हाईवे पर यातायात की समस्या का ध्यान भी मेले के मद्देनजर रखा जा रहा है।



हुल्का देवी मंदिर में पूजन करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

## 150 सीटों के लिए 260 बच्चों ने दी प्रवेश परीक्षा

**मुरादाबाद, अमृत विचारः** जयप्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय में पांच कक्षाओं के लिए 150 सीटों के लिए अनुसूचित जाति के 260 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी।

गुरुवार को समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय में शैक्षिक सत्र 2024-25 में कक्षा 6 में 70 रिक्त सीटों के सापेक्ष 126, कक्षा 7 में 10 रिक्त सीटों के सापेक्ष 38, कक्षा 8 में 14 रिक्त सीटों के सापेक्ष 43 तथा कक्षा 9 में 24 रिक्त सीटों के सापेक्ष 53 छात्र प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित हुए। इसके अलावा कक्षा 11 में 32 रिक्त सीटों पर चयन का आधार कक्षा 10 बोर्ड परीक्षाफल के बाद प्राप्त अंकों पर आधारित रहेगा। जिला समाज कल्याण अधिकारी शैलेंद्र गौतम ने बताया कि प्रवेश परीक्षा में कुल 150 रिक्तियों के लिए 260 छात्र सम्मिलित हुए।

**पहल** — बच्चे सीखेंगे एनिमेशन, नए शैक्षिक सत्र से पाठ्यक्रम लागू करने की तैयारी

# स्कूलों में बच्चों को मिलेगी रोजगारपरक शिक्षा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचारः** परिषदीय स्कूलों के बच्चों को बेहतर शिक्षा देने के लिए सरकार लगातार कार्य कर रही है। इन्हें अब रोजगारपरक शिक्षा भी मुहैया कराई जाएगी। नई शिक्षा नीति के अंतर्गत अब कक्षा आठवीं के बच्चों को कंप्यूटर की बेसिक जानकारी के साथ डिजाइनिंग के पाठ्यक्रम भी पढ़ाए जाएंगे। अधिकारियों के मुताबिक नए शैक्षिक सत्र से सभी स्कूलों में इन पाठ्यक्रमों को लागू करा दिया जाएगा, इसकी तैयारी की गई है।

बीएसए अजीत कुमार ने बताया कि शासन से मिली जानकारी के मुताबिक बच्चों की रुचि और इन पाठ्यक्रमों की विभिन्न क्षेत्रों में मांग को देखते हुए इनकी शुरुआत कराई जा रही है। जिले के सभी 1401 परिषदीय स्कूलों में अधिकांश में स्मार्ट कक्षाओं का संचालन भी शुरू हो गया है। ऐसे में इन पाठ्यक्रमों को पढ़ाने और समझाने के लिए करीब 80 फीसदी संसाधन भी स्कूलों में उपलब्ध हो चुके हैं। जिन स्कूलों में संसाधन नहीं हैं उनमें भी कमियों को दूर कराया जाएगा। चित्रकला में कंप्यूटर ग्राफिक्स के व्यावसायिक उपयोग को शामिल करते हुए मॉड्यूल को विकसित किया गया है। इसमें बच्चों को कंप्यूटर हार्डवेयर व साफ्टवेयर की प्राथमिक जानकारी सबसे पहले दी जाएगी। इसके बाद पाठ्यक्रम में एमएस ऑफिस, कोरल ड्रा, पेजमेकर, फोटो शॉप के साथ एनिमेशन के बारे में बताया जाएगा। इसके लिए स्कूलों में प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया जाएगा। इस बारे में विस्तृत रूपरेखा तैयार की जा रही है। इसके लिए शिक्षकों को भी प्रशिक्षित किया जाएगा।

### गृह परीक्षाओं का परीक्षाफल तैयार करने में जुटेंगे शिक्षक

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन लगभग पूरा हो गया है। इसलिए अब माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाएं गृह परीक्षाओं का परीक्षाफल तैयार करने में जुट गए हैं। सभी माध्यमिक विद्यालयों में लोकसभा चुनाव को देखते हुए परीक्षाफल वितरण की तैयारी की जा रही है। माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के लिए माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाओं को प्रतिदिन केंद्रों पर आना पड़ता था। जिससे गृह परीक्षाओं का परीक्षाफल तैयार नहीं हो पा रहा था। बोर्ड परीक्षाओं का उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य समाप्त हो जाने पर अब माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षक- शिक्षिकाएं गृह परीक्षाओं के परीक्षा फल को तैयार करने में जुट गए हैं। राजकीय कन्या इंटर कॉलेज बहोरनपुर कला के प्रधानाचार्य प्रीतम सिंह ने कहा कि चुनाव को देखते हुए परीक्षाफल वितरण का कार्य जल्द से जल्द किया जाएगा। इसमें कक्षा 1 से 9 तक का रिपोर्ट कार्ड जारी किया जाएगा।

## खूंखार नस्ल के कुत्तों का आयात प्रजनन और पालना प्रतिबंधित

**मुरादाबाद, अमृत विचारः** खूंखार नस्ल के कुत्तों के हमलों में लोगों की जान जाने को देखते हुए जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह ने पशु क्रूरता निवारण नियम 2017 के नियमों को सख्ती से लागू और क्रियान्वित करने का आदेश दिया है। कहा कि ऐसे कुत्तों की नस्लों का आयात, प्रजनन व पालतू कुत्तों के रूप में बेचने व अन्य उद्देश्य के लिए रखने पर रोक लगाई जाती है।

जिलाधिकारी ने खूंखार कुत्तों की नस्लों को पालतु कुत्तों के रूप में बेचने, रखने के लिए लाइसेंस या परमिट जारी न करने और केंद्र सरकार द्वारा प्रकाशित पशु क्रूरता निवारण (कुत्ता प्रजनन और विपणन) नियम 2017 को लागू कराने के लिए नगर आयुक्त, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत, जिला पंचायत राज अधिकारी, उपजिलाधिकारियों, खंड विकास अधिकारियों को निर्देश दिया।

कहा कि इसमें लापरवाही पर यदि कोई अप्रिय घटना हुई तो उसकी जिम्मेदारी तय कर संबंधित के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई करेंगे।

# यूपी बोर्ड की उत्तर पुस्तिकाओं का पांच केंद्रों पर मूल्यांकन कार्य पूर्ण

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- महाराजा अग्रसेन इंटर कालेज केंद्र पर बची हैं सिर्फ 122 उत्तर पुस्तिकाएं

**अमृत विचारः** महानगर में 6 केंद्रों पर चल रहे यूपी बोर्ड की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन का कार्य गुरुवार को पांच केंद्रों पर पूर्ण हो गया। अब सिर्फ एक मूल्यांकन केंद्र महाराजा अग्रसेन इंटर कालेज पर 122 कापियां ही जांचने के लिए बची हैं। गुरुवार तक 99.98 प्रतिशत उत्तर पुस्तिकाओं को मूल्यांकन कार्य पूरा हो गया।

जनपद में उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की 10वीं और 12वीं की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन 16 मार्च से शुरू हुआ था। मूल्यांकन के लिए छह केंद्र बनाए गए थे। सभी केंद्रों को 5,99,473 उत्तर पुस्तिकाएं आवंटित की गई थीं। महाराजा अग्रसेन इंटर कालेज में 1,10,028 उत्तर पुस्तिकाओं के सापेक्ष 1,09,906 उत्तर पुस्तिकाएं जांची जा चुकी हैं। इस केंद्र पर अब केवल 122 उत्तर पुस्तिकाएं ही चेक होने के लिए बची हैं। यहां भी मूल्यांकन कार्य शुक्रवार को पूर्ण हो जाएगा। जबकि चित्रगुप्त इंटर कालेज, जीजी हिंदू इंटर कालेज, आरएन इंटर कालेज, पारकर इंटर कालेज व हैविट मुस्लिम इंटर कालेज केंद्र पर शत-प्रतिशत मूल्यांकन कार्य गुरुवार को पूर्ण हो गया। गुरुवार को चित्रगुप्त इंटर कालेज केंद्र पर 2945, जीजी हिंदू इंटर कालेज में 73, आरएन इंटर कालेज में 5662, पारकर इंटर कालेज में 2065 व हैविट मुस्लिम इंटर कालेज केंद्र पर 4039 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन हुआ। बता दें कि चित्रगुप्त इंटर कालेज केंद्र को 81,794, जीजी हिंदू इंटर कालेज को 92,419, आरएन इंटर कालेज को 86,139, पारकर इंटर कालेज को 1,28,858 तथा हैविट मुस्लिम इंटर कालेज केंद्र को 1,00,235 कापियां आवंटित की गई थीं। जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ.अरुण कुमार दुबे ने बताया कि जनपद में छह में से पांच केंद्रों पर मूल्यांकन कार्य पूर्ण हो चुका है। महाराजा अग्रसेन इंटर कालेज केंद्र पर बचीं 122 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य शुक्रवार को पूर्ण हो जाएगा।

## रमजान मुबारक

**शुक्रवार 18वां रोजा**
इफ्तार
सुन्नी- 6 बजकर 34 मिनट
शिया- 6 बजकर 41 मिनट

**शनिवार 19वां रोजा**
खत्म सहरी
सुन्नी- 4 बजकर 43 मिनट
शिया- 4 बजकर 40 मिनट












# गुस्साए परिजनों ने किया हाईवे जाम

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** मझोला थाना क्षेत्र में रहने वाले युवक की ससुराल में जहरीले पदार्थ के सेवन से मौत हो गई। इससे गुस्साए परिजनों ने ससुरालियों पर जहर देकर हत्या का आरोप लगाते हुए हाईवे पर जाम लगा दिया। जिससे काफी देर तक अफरा-तफरी का माहौल रहा। मौके पर पहुंची पुलिस ने हंगामा कर रहे लोगों को समझाकर शांत कराया।

थाना मझोला क्षेत्र के लाइनपार सूर्य नगर निवासी मोहित ठाकुर की ससुराल जनपद संभल के बहजोई में है। एक दिन पहले ही मोहित की पत्नी नाराज होकर अपने मायके चली गई थी। जिसके बाद मोहित उसे बुलाने के लिए ससुराल गया था। इस बीच ससुराल में मोहित की जहरीले पदार्थ के सेवन से मौत हो गई। परिजनों ने गुरुवार की शाम दिल्ली रोड पर मानसरोवर कॉलोनी के गेट पर शव रखकर जाम लगा दिया। लगभग एक घंटे तक परिजन हंगामा करते रहे। जिससे दिल्ली रोड पर एक किलोमीटर लंबा जाम लग गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन देकर जाम खुलवाया। परिजनों का कहना है कि बुधवार को मोहित की पत्नी नाराज होकर अपने मायके चली गई थी। मोहित उसे बुलाने गया था। आरोप है कि वहां उसे जहर खिला दिया गया। इससे उसकी मौत हो गई। सीओ सिविल लाइंस अर्पित कपूर ने बताया कि परिजनों को समझाकर जाम खुलवा दिया गया है। जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। वहीं मोहित की मौत से उसके परिवार में कोहराम मचा हुआ है।



जाम लगा रहे मृतक के परिजनों को समझाते सीओ अर्पित कपूर। ● अमृत विचार

▸▸ **युवक की जहरीले पदार्थ के सेवन से हुई मौत, ससुराल पक्ष पर लगाया हत्या का आरोप**

## महानगर के प्रमुख बाजारों में छाई रौनक, खरीदारी को बाजार में पहुंच रहे लोग

# ईद को लेकर बाजार में दिख रही चहल-पहल

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** पवित्र रमजान के अंतिम दौर में ईद का उल्लास दिखने लगा है। कपड़े और सौंदर्य सामग्री की खरीदारी बढ़ गई है। बड़ी संख्या में खरीदारों के पहुंचने से बाजारों में रौनक है। कपड़ों और पर्व से संबंधित कई सामग्रियों के मूल्य में विगत वर्ष की तुलना में औसतन 15 प्रतिशत तक की वृद्धि हुई है लेकिन, दुकानदारों के अनुसार इसका खरीदारी पर प्रभाव नहीं पड़ रहा है। उधर, ईसाई समुदाय के लोग गुड फ्राइडे के लिए बाजारों में खरीदारी करने में जुटे रहे।

चांद निकलने के आधार पर 10 या 11 अप्रैल को ईद मनाई जाएगी। इसे लेकर तैयारियां तेज हो गईं हैं। लगभग पूरे दिन बाजारों में खरीदारी के लिए लोगों के पहुंचने का सिलसिला जारी है। इस बार पाकिस्तानी व नायरा सूट की खरीदारी महिलाएं जहां बढ़-चढ़कर कर रही हैं तो वहीं कढ़ाई की हुई शरारा की भी अधिक मांग है। बुधबाजार के कपड़ा व्यवसायी आमिर ने बताया कि सूट जहां 2000 से 4000 रुपये में बिक रहा है तो वहीं लगभग 5000 रुपये में गरारा व शरारा बिक रहा है। गर्मी को देखते हुए चिकन और सिल्क के भी सूट की खरीदारी महिलाएं कर रही हैं। रेडीमेड कपड़े के विक्रेता दुकानदार मुकेश अग्रवाल ने बताया कि कुर्ते की खरीदारी युवक बढ़-चढ़कर कर रहे हैं। कोलकाता, दिल्ली व लखनऊ के कुर्ते की मांग और पसंद अधिक हैं। कपड़ों के दाम में लगभग 15 प्रतिशत की वृद्धि हुई है लेकिन, इसका खरीदारी पर असर नहीं पड़ा है। कुर्ता-पाजामा 1000 से लेकर 5000 रुपये तक के हैं। जैसे-जैसे ईद का समय नजदीक आता जा रहा है तो सभी वर्ग के लोग मनपसंद कपड़े खरीदने के लिए पहुंच रहे हैं।



ईद के लिए बाजार में चूड़ियां पसंद करती महिलाएं।

### मसीही समाज आज मनाएगा गुड फ्राइडे

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** गुड फ्राइडे मसीही समुदाय का बहुत खास पर्व है। इसे शोक दिवस के तौर पर भी मनाया जाता है। गुड फ्राइडे 29 मार्च मनाया जाएगा है। गुड फ्राइडे को ग्रेट फ्राइडे, ब्लैक फ्राइडे या होली फ्राइडे भी कहते हैं। ऐसी मान्यता है कि मानव जाति की रक्षा के लिए प्रभु यीशु ने बलिदान दिया था। दरअसल, यीशु को यहूदी शासकों ने शारीरिक और मानसिक रूप से यातनाएं दीं और उन्हें सूली पर चढ़ा दिया। जिस दिन यीशु को सूली पर चढ़ाया गया था वो दिन शुक्रवार था। इसलिए यह दिन गुड फ्राइडे के रूप में जाना जाता है। इसी वजह से ईसाई धर्म के लोग गुड फ्राइडे के दिन प्रभु यीशु के बलिदान को याद करते हैं। ओल्ड मैथोडिस्ट चर्च के फादर हिमांशु ने बताया कि यह दिन ईसाई धर्म के अनुयायियों के लिए बेहद ही खास होता है। इस दौरान ईसाई समुदाय के लोग गिरजाघरों में जाकर प्रार्थना करते हैं।

# असहनीय होने लगी गर्मी, 36 डिग्री सेल्सियस पहुंचा अधिकतम तापमान

## आज और कल हल्की बूंदाबांदी का अनुमान, पश्चिमी विक्षोभ का रहेगा मौसम पर प्रभाव

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** होली के बाद अचानक तापमान बढ़ने से गर्मी असहनीय होने लगी। तेज धूप मानो झुलसाने पर आमादा है। गुरुवार को अधिकतम तापमान 36 और न्यूनतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम वैज्ञानिक अभी तापमान बढ़ने का अनुमान बता रहे हैं। 29-30 मार्च को पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव के कारण कहीं-कहीं हल्की बूंदाबांदी हो सकती है।

होली के बाद गर्मी व उमस बढ़ने लगी है। बिना पंखा, कूलर, एसी के काम नहीं चल रहा है। घरों व कार्यालयों में इनका प्रयोग शुरू हो गया है। गुरुवार को सुबह से ही कड़ी धूप निकली। अधिकतम तापमान 36 और न्यूनतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। सुबह से तेज धूप पसीना निकाल रही है। लोग पंखा, कूलर, एसी चलाकर गर्मी से राहत ले रहे हैं। दोपहर में तापमान 36 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। आर्द्रता 52 प्रतिशत और आठ किलोमीटर प्रति घंटे की गति से हवा चलने से थोड़ी राहत है। लोग गर्मी से राहत पाने के लिए शीतल पेय पदार्थ का सेवन कर रहे हैं। बाजारों में गन्ने के जूस, कोल्ड ड्रिंक्स की दुकानों पर भीड़ रही। वहीं नारियल पानी का भी प्रयोग लोग कर रहे हैं। कच्चा नारियल 60-70 रुपये में बिक रहा है।

गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय पंतनगर उत्तराखंड के एग्रोमेट्रोलाजी विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष मौसम वैज्ञानिक डॉ. आरके सिंह का कहना है कि आने वाले दिनों में तापमान और बढ़ेगा। पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव के चलते 29-30 मार्च को कहीं कहीं हल्की बूंदाबांदी हो सकती है। लेकिन, इससे तापमान बहुत कम नहीं होगा। गर्मी बढ़ेगी। अप्रैल-मई में इस बार लू चलेगी। इससे बचने के लिए लोगों को सावधानी बरतनी होगी।



सिविल लाइंस क्षेत्र में गर्मी से राहत के लिए जूस पीतीं महिलाएं।



धूप से बचने को दोपहर में इस तरह छाता लगा कर जाती महिला।

## गन्ना आयुक्त की डीपी लगाकर ठगी का प्रयास

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** साइबर अपराधी आम जनता के साथ-साथ उच्च अधिकारियों को भी शिकार बनाने लगे हैं। ताजा मामला गन्ना विभाग से आया है। जहां व्हाट्सएप पर गन्ना आयुक्त की डीपी लगाकर उनके अधीनस्थों को मैसेज भेज कर ठगी की कोशिश की गई। इस मामले में जिला गन्ना अधिकारी राम किशन की तहरीर पर सिविल लाइंस पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

जिला गन्ना अधिकारी ने थाना सिविल लाइंस पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि 24 मार्च को शाम लगभग छह बजे उनके मोबाइल पर एक नंबर से व्हाट्सएप मैसेज आया। जिस नंबर से मैसेज आया उसमें गन्ना एवं चीनी आयुक्त की डीपी लगी थी। मैसेज भेजने वाले ने पहले जिला गन्ना अधिकारी का हाल पूछा। दूसरे मैसेज में उसने पूछा कि अभी कहां हो। इस पर उन्हें शक हुआ तो उन्होंने गन्ना आयुक्त के कैंप सहायक-स्टेनो को कॉल करके इस संबंध में जानकारी की। स्टेनो से पता चला कि जिस नंबर से मैसेज आ रहा है वह फर्जी है। आरोपी ने इसी तरह के मैसेज कई और अधिकारियों के पास भेज रखे थे। जिसके बाद जिला गन्ना अधिकारी ने व्हाट्सएप मैसेज के स्क्रीन शॉट के साथ सिविल लाइंस थाने में तहरीर दी।




पीलीकोठी स्थित नगर निगम कार्यालय में बैठक में मौजूद उप नगर आयुक्त राजकिशोर प्रसाद, वरिष्ठ नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुनील कुमार दोहरे व अन्य। ● अमृत विचार

# संचारी रोग नियंत्रण को फागिंग एंटीलार्वा का छिड़काव कराएं

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** एक अप्रैल से चलने वाले संचारी रोग नियंत्रण व दस्तक अभियान को सफल बनाने के लिए नगर निगम प्रशासन भी सहयोग कर रहा है। इसी क्रम में अभियान की सफलता के लिए महानगर के वार्डों में रोग के नियंत्रण के लिए फागिंग कराने व एंटीलार्वा का छिड़काव कराने पर जोर दिया गया।

उप नगर आयुक्त राजकिशोर प्रसाद व वरिष्ठ नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुनील कुमार दोहरे की मौजूदगी में पीलीकोठी स्थित कार्यालय में बैठक हुई। दोनों अधिकारियों ने सफाई व खाद्य निरीक्षकों से कहा कि अपने क्षेत्र में संचारी रोग नियंत्रण के लिए प्रभावी उपाय करें। दिमागी बुखार (जापानी इंसेफेलाइटिस) के लक्षण व इलाज के बारे में लोगों को जागरूक करें। नगर निगम की टीम को अभियान के दौरान जन सामान्य को जागरूक करने में सफाई व खाद्य निरीक्षकों को पूर्ण सहयोग देने के लिए निर्देश दिया। कहा कि सभी वार्डों में नियमित फागिंग व एंटी लार्वा स्प्रे का छिड़काव कराएं। बैठक में सभी खाद्य व सफाई निरीक्षक, सुपरवाइजर आदि मौजूद रहे।

# क्रय केंद्रों पर दुरुस्त कराएं व्यवस्थाएं

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह की अध्यक्षता में उनके कार्यालय सभागार में गुरुवार को गेहूं खरीद की तैयारियों के संबंध में बैठक हुई। मंडलायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि क्रय केंद्रों का निरीक्षण कर गेहूं खरीद के संबंध में सभी उपकरणों व अन्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराएं।

मंडलायुक्त ने कहा कि केंद्रों पर टैक्ट्रर-ट्राली, बैल गाड़ी के प्रवेश व निकासी का प्रबंध, पेजयल, प्रतीक्षा शेड की व्यवस्था कराएं। इसके अलावा केंद्रों पर खरीद का विवरण दर्ज करने के लिए सभी पंजिकाएं अपडेट रखें। गेहूं क्रय केन्द्रों पर पर्याप्त मानव संसाधन रखें। जिससे गेहूं खरीद में कोई अड़चन न आए। खरीद में किसी प्रकार की गड़बड़ी मिलने पर संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि गेहूं खरीद का सत्यापन जल्द कर लें। मंडलायुक्त ने सभी अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) को निर्देश दिया कि गांवों में यह सुनिश्चित कराएं कि गेहूं कटाई से पहले जो बिचौलिए किसानों से उनका गेहूं कम दाम पर खरीद कर जो कालाबाजारी करते हैं उनको रोकने के लिए अभियान चलाकर लोगों को जागरूक करें। जिससे किसानों को उनकी फसल का उचित मूल्य प्राप्त हो सके। बैठक में सम्भागीय खाद्य नियंत्रक मुरादाबाद संभाग मनोज कुमार, अपर आयुक्त द्वितीय, उप निदेशक मंडी, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अमरोहा, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संभल और रामपुर, बिजनौर, संभल व अमरोहा के डिप्टी आरएमओ समेत अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



अपने कार्यालय सभागार में गेहूं खरीद के संबंध में बैठक की अध्यक्षता करते मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह, साथ में अन्य अधिकारी। ● अमृत विचार

## सोशल मीडिया पर फोटो डाल तुड़वा दिया रिश्ता

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** अमरोहा जिले के तीन युवकों ने सोशल मीडिया पर युवती के फोटो अपलोड कर उसका रिश्ता तुड़वा दिया। पुलिस ने तीनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

थाना मझोला क्षेत्र के गागन वाली मैनाठेर की रहने वाले युवती ने बताया कि अमरोहा के थाना नौगांवा सादात निवासी आमिर, नौमान व सलमान लगातार उसके मोबाइल पर कॉल कर अश्लील हरकतें करते हुए उसे गालियां दे रहे हैं। तीनों युवक सोशल मीडिया पर उसके नाम से मैसेज कर रहे हैं जिससे उसकी बदनामी हो रही है। तीनों आरोपियों ने युवती की फोटो सोशल मीडिया पर डाल दी और उसके ससुराल वालों को भेज दी। जिससे युवती का रिश्ता भी टूट गया। युवती के भाइयों ने इसकी शिकायत की तो आरोपियों ने गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दी।

# टीम ने पकड़ी 62 क्विंटल खैर की लकड़ी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** वन विभाग की टीम ने मुखबिर की सूचना पर चोरी छिपे ले जाई जा रही 62.40 क्विंटल खैर की लकड़ी पकड़ी है। टीम ने लकड़ी को अपने कब्जे में लेकर चालक के खिलाफ कटघर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

वन दरोगा राजेंद्र सिंह ने कटघर थाना पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनको सूचना मिली की रामपुर दोराहे पर एक डीसीएम में चोरी छिपे खैर की लकड़ी ले जाई जा रही है। जिसके बाद क्षेत्रीय वनाधिकारी पुष्पेंद्र सिंह अपनी टीम उप क्षेत्रीय वनाधिकारी मनोज कुमार व वन दरोगा राजेंद्र सिंह के साथ मौके पर पहुंचे। चेकिंग के दौरान रामपुर दोराहे पर एक डीसीएम को रोक कर उसकी तलाशी ली गई। पहले तो चालक ने वाहन में प्रोसोपिस की लकड़ी बताई और उसके कागजात भी दिखाए, लेकिन जब टीम ने तिरपाल हटाकर देखा तो उसमें खैर की लकड़ी थी। जिसके बाद टीम लकड़ी से लदे वाहन को डियर पार्क ले आई। वाहन में मौजूद लकड़ी का वजन धर्मकांटे पर कराया तो पता चला कि वाहन में 62.40 क्विंटल खैर की लकड़ी लदी है। पूछताछ के दौरान चालक ने अपना नाम रवि निवासी गांव मीरगामी थाना हाथरस जंक्शन, जिला हाथरस बताया। चालक द्वारा बताया गया कि मेरे पास खैर लकड़ी से सम्बंधित कोई अभिलेख नहीं है। वह चोरी छिपे खैर की लकड़ी को सोनभद्र से हिमाचल प्रदेश लेकर जा रहा था। चालक ने अपने मालिक को फोन मिलाया और वन विभाग की कार्रवाई की जानकारी दी तो उसने बात नहीं की। चालक ने पूछताछ करने पर बताया कि जिस व्यक्ति ने यह लकड़ी लदवाई है, उसका खैर की लकड़ी का बहुत बड़ा काम है और वह जंगलों से खैर की लकड़ी कटवाकर एकत्रित करता है। जिसके बाद खैर की लकड़ी को गोंडा व सोनभद्र से अलग-अलग जगह भेजता है। यह व्यक्ति खैर की लकड़ी का संगठित गिरोह बनाकर शातिर तरीके से व्यापार करता है। चालक ने बताया कि पिछले एक माह में चार बार चोरी की लकड़ी सोनभद्र से अलग-अलग स्थानों पर लेकर गया हूं। चालक का मोबाइल लेकर उसकी छानबीन की तो उसमें खैर की लकड़ी का व्यापार करने वाले व्यक्तियों के नंबर मिले। जो खैर की लकड़ी को जंगलों से काटकर चोरी से व्यापार करते हैं। कटघर पुलिस ने वन दरोगा की तहरीर पर आरोपी चालक रवि व उसके अज्ञात मलिक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

▸▸ **चोरी छिपे सोनभद्र से हिमाचल प्रदेश जा रही थी लकड़ी**

## एक नजर

### चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मझोला थाना पुलिस ने होली पर मंदिर में घुसकर युवक के साथ मारपीट करने के मामले में चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। गायत्री नगर निवासी पारस ने बताया कि 25 मार्च को वह अपने साथी संजीव व लक्की के साथ माता मंदिर में बैठा था। इस बीच मोहल्ले का मित्रपाल अपने कुछ साथियों के साथ आया और गाली देने लगे। पारस ने विरोध किया तो आरोपियों ने उनके साथ मारपीट की। मझोला थाना पुलिस ने आरोपी मित्रपाल, उसकी पत्नी, मनीश व हिमांशु के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

**सराहनीय** सुशीला बायोमेडिकल वेस्ट प्लांट व रोटरी क्लब ने तीन दर्जन से अधिक क्षय रोगियों को गोद लिया

# क्षय रोग उन्मूलन अभियान को जन आंदोलन बनाने पर जोर

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** क्षय रोग का पूर्ण उन्मूलन राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन अभियान के अन्तर्गत चल रहे कार्यक्रम को जन आंदोलन बनाने से संभव होगा। समाज के जागरूक लोगों व संस्थाओं को क्षय रोगियों को पोषणयुक्त आहार देने व इलाज में सहायक बनने के लिए आगे आना होगा।

यह बातें जिला क्षय रोग अधिकारी डा. एनके कुरैचया ने गुरुवार को विश्व क्षय रोग उन्मूलन दिवस के क्रम में जिला क्षय रोग केंद्र टाउन हॉल में आयोजित संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए कहीं। संगोष्ठी में राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम को जन आंदोलन बनाने पर जोर दिया गया।

संगोष्ठी में वक्ताओं ने चेचक, पोलियो और कोरोना जैसी घातक बीमारियों को समाप्त कर स्वस्थ समाज की स्थापना में जो योगदान जन समुदाय ने दिया है, इसी तरह क्षय रोग को समाप्त करने के लिए भी आगे आने की जरूरत बताई। समाज के जिम्मेदार व्यक्तियों, प्रभावशाली लोगों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, राजनीतिक व्यक्तियों और सभी विभागों के अधिकारियों कर्मचारियों से अपील की गई कि वह अपने आसपास यदि किसी को दो हफ्ते से अधिक खांसी, बलगम में खून आना, बुखार आना, वजन घटना और रात में सोते वक्त पसीना आना जैसे लक्षण पाएं तो उस व्यक्ति को तुरंत किसी भी सरकारी या गैर सरकारी अस्पताल में जांच एवं उपचार के लिए भेज दें। क्षय रोगियों की जांच और उपचार निशुल्क है। निक्षय पोषण योजना के तहत उत्तर प्रदेश सरकार हर माह 500 रुपये भी डीबीटी के माध्यम से प्रदान करती है। संगोष्ठी को मनोज कुमार, डा. आयुष मालिक, महिपाल सिंह, राजेश कुमार पाठक, कमल सिंह, डॉ. जगबीर सिंह, नेहा भटनागर, राजीव कुमार, कुशल ठाकुर, योगेश, ऋषभ खन्ना आदि ने संबोधित किया।

इस अवसर पर सुशीला बायोमेडिकल वेस्ट प्लांट और रोटरी क्लब भारत की ओर से 3 दर्जन से अधिक क्षय रोगियों को गोद लेकर उन्हें पोषण पोटली दिया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला कार्यक्रम समन्वयक क्षय रोग उन्मूलन अभियान डॉ. मोहम्मद जावेद ने किया। मनोज कुमार ने सभी का आभार जताया।




राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के अन्तर्गत मिली पोषण पोटली के साथ क्षय रोगी और संगोष्ठी में उपस्थित जिला क्षय रोग अधिकारी व अन्य। ● अमृत विचार

▸▸ **विश्व क्षय रोग उन्मूलन दिवस के क्रम में जिला क्षय रोग केंद्र टाउन हॉल में संगोष्ठी का आयोजन**

▸▸ **निक्षय पोषण योजना के अंतर्गत सरकार हर माह क्षय रोगियों को दे रही 500 रुपये**

# टीम पर पथराव करने पर तीन महिलाओं समेत आठ पर रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** सिविल लाइंस थाना पुलिस ने नगर निगम की टीम पर पथराव करने व जातिसूचक शब्द कहने के मामले में तीन महिलाओं समेत आठ लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है।

थाना सिविल लाइंस पुलिस को दी गई तहरीर में नगर निगम कर्मचारी लल्ला बाबू द्रविड़ ने बताया कि वह बीती 24 मार्च को नगर निगम की टीम के साथ हरथला स्थित झांझनपुर में होलिका दहन के लिए सफाई कराने के लिए गए थे। जैसे ही निगम की टीम ने जेसीबी ने अवैध निर्माण को हटाने का प्रयास किया तो तीन महिलाएं कुछ लोगों को लेकर वहां पहुंच गईं और जेसीबी के आगे लेट गईं। महिला व अन्य लोगों ने जेसीबी चलाने का विरोध किया। आरोप है कि यह लोग नगर निगम की जगह पर कब्जा करने का प्रयास कर रहे थे और इन लोगों ने उस जगह पर अपना सामान भी रख रखा था। आरोप है कि मना करने पर महिला व उसके साथ लोगों ने लल्ला बाबू द्रविड़ को जातिसूचक शब्द कहते हुए निगम की टीम पर पथराव कर दिया। इतना ही नहीं आरोपियों ने टीम के सदस्यों पर सरियों से वार भी किए। जिससे दो लोगों को चोटें भी आईं। पुलिस ने लल्ला बाबू द्रविड़ की तहरीर पर आरोपी महिला सुमन, किरन, गीता, सचिन, तरुण, पप्पू, बंटी व विक्की के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

▸▸ **होलिका दहन के लिए झांझनपुर में जेसीबी से सफाई कार्य के दौरान हुआ था विवाद**

## एक नजर

### मारपीट के मामले में दो महिलाएं गिरफ्तार

कांठ, अमृत विचार : पुलिसकर्मियों के साथ मारपीट के मामले में पुलिस ने दो महिलाओं को गिरफ्तार किया है। गांव डहरा निवासी अन्नो उर्फ रतिया पत्नी रामकिशोर और उषा पत्नी जसवंत उर्फ खन्ना ने हेड कांस्टेबल विजय कुमार, कांस्टेबल सर्वेश कुमार के साथ गाली गलौज की थी। आरोप है कि रास्ता रोककर घर में खींचकर जान से मारने की नीयत से घायल कर दिया था। इस मामले में दोनों आरोपी महिलाओं को गिरफ्तार कर लिया है। दोनों महिलाओं के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर न्यायालय भेज दिया है।

### युवक के खिलाफ शांति भंग की कार्रवाई

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : अपने घर के मकान की छत पर चढ़कर पड़ोसी के घर में झांकने का विरोध करने पर दो पक्षों में मारपीट हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार कर लिया। गांव फरीद नगर निवासी अफसर ने पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर एसडीएम न्यायालय में पेश किया, जहां जमानत पर रिहा कर दिया ।

### कच्ची शराब बरामद, दो आरोपी किए गिरफ्तार

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : पुलिस ने 100 लीटर कच्ची शराब के साथ दो लोगो को गिरफ्तार कर लिया। कोतवाली पुलिस नगर में गश्त कर रही थी। इस दौरान सूचना मिली कि जसपुर तिराहे के पास खड़े युवक के पास से 60 कच्ची शराब है। टांडा अजजल के निकट पेड़ के नीचे खड़े युवक को पकड़ लिया। इसके पास 40 लीटर कच्ची शराब मिली। आरोपियों ने पुलिस की पूछताछ में अपना नाम दिनेश उर्फ फैन्टा निवासी गांव टांडा अफजल बताया। दूसरे आरोपी ने अपना नाम मोहम्मद नबी निवासी वार्ड 17 नई बस्ती ठाकुरद्वारा बताया।

### संचारी रोग की रोकथाम के लिए दिया प्रशिक्षण

डिलारी, अमृत विचार : विकासखंड के सभागार में गुरुवार को एक कार्यशाला हुई। इसमें संचारी रोग की रोकथाम के लिए प्रशिक्षण दिया गया। विशेष संचारी रोग अभियान के तहत सफाई कर्मचारी, खंड प्रेरक, और स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे। कार्यशाला का आरंभ खंड विकास अधिकारी डिलारी राजेश अग्रवाल ने किया।

# आर्थिक तंगी के चलते मजदूर ने की आत्महत्या, पेड़ पर लटका मिला शव

## मकनपुर की घटना, 25 अप्रैल को आनी है पुत्री की बरात

संवाददाता, बिलारी (मुरादाबाद)

▶▶ नूरुद्दीन उर्फ गंज का रहने वाला था हरिद्वारी, चौथाई पर भूमि लेकर करता था खेती

**अमृत विचार:** क्षेत्र के गांव मकनपुर के जंगल में गुरुवार सुबह मजदूर का शव पेड़ के सहारे फंदे पर लटका मिला। परिजनों व सीओ ने आत्महत्या करने की बात कही है। परिजनों ने मजदूर की आत्महत्या की वजह आर्थिक तंगी बताई है।



गांव नूरुद्दीन उर्फ गंज में भैरव सिंह का परिवार रहता है। उनका पुत्र हरिद्वारी मजदूर था। परिजनों ने बताया कि घर में आर्थिक तंगी के चलते वह काफी समय से परेशान था। उसकी तीन पुत्रियां, एक पुत्र हैं। सबसे बड़ी पुत्री व पुत्र को वह अच्छी शिक्षा दिलाने की कोशिश कर रहा था। पुत्री ने बीए और पुत्र ने बीएससी तक पढ़ाई की है। छोटी बेटी बीए प्रथम वर्ष की पढ़ाई कर रही है।

बड़ी पुत्र नेहा की शादी कुछ समय पहले संभल जनपद के गांव मितौली में तय कर दी थी। घर में दहेज का सामान एकत्रित करने की तैयारी चल रही है। 25 अप्रैल को बरात आनी है। इसे लेकर वह तनाव में था। हरिद्वारी के पास अपनी खेती की भूमि नहीं है। वह पड़ोस के गांव मकनपुर में संजीव चौधरी के खेतों में चौथाई पर फसलें उगाता था। वह गुरुवार सुबह शौच को जाने की बात कहकर घर से निकला था। इस बीच किसान जंगल जा रहे थे। तभी किसी की नजर संजीव चौधरी के खेत में खड़े पेड़ पर गई तो उस पर रस्सी के फंदे से हिरद्वारी लटका दिखा। किसी ने मृतक के परिजनों को सूचना दी तो वे मौके पर पहुंचे। इस दौरान सूचना के बाद क्षेत्राधिकारी राजेश कुमार भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने पेड़ पर लटके हरिद्वारी को नीचे उतरवाया तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। सीओ ने आर्थिक तंगी की वजह से आत्महत्या की बात कही है।



बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते खंड शिक्षा अधिकारी। ● अमृत विचार

# विद्यार्थियों को ऐतिहासिक स्थलों के भ्रमण पर भेजा

संवाददाता,छजलैट

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से क्षेत्र के जूनियर हाईस्कूलों के विद्यार्थियों को भ्रमण करने के लिए भेजा गया। खंड शिक्षा अधिकारी ने उनकी बसों को रवाना किया।

खंड शिक्षा अधिकारी विकास कुमार ने गुरुवार सुबह बसों को हरी झंडी दिखाई। उन्होंने कहा कि विज्ञान के ज्ञान के बिना अब जीवन में तरक्की संभव नहीं है। नई तकनीक सीखने से अवसर बढ़ते हैं। इसलिए विज्ञान के प्रति छात्रों का रुझान अधिक होना चाहिए। विद्यार्थियों ने रामपुर में रजा लाइब्रेरी, झील, बापू मॉल व अन्य जगहों का भ्रमण किया। इसके बाद बच्चों ने गांधी समाधि को भी देखा। कामिनी, हिमांशु, सिमरन, जैद, महिमा, राधिका, लवकेश ने कहा कि विज्ञान के आविष्कार और चमत्कार देखकर आश्चर्य की सीमा नहीं रही। इस दौरान एआरपी अरुण कुमार, मनीष कुमार गौतम, टीकाराम, दीपक कुमार, सुमन कुमार, मधुवाला आदि रहे।



पूर्णागिरि धाम जाने से पहले प्रसन्न मुद्रा में युवा। ● अमृत विचार

# नगर से पूर्णागिरि धाम के लिए साइकिल यात्रा रवाना

संवाददाता, बिलारी

**अमृत विचार:** नगर के मोहल्ला महाजनान से बुधवार देर शाम मां पूर्णागिरि धाम के लिए श्रद्धालु साइकिल यात्रा लेकर रवाना हुए। रवाना होने से पहले सभी श्रद्धालुओं ने नगर के मंदिरों में माथा टेका और दर्शन किए। अंत में जय माता दी का जयघोष करते हुए साइकिल से रवाना हो गए। बताया गया कि अप्रैल में उत्तराखंड के मां पूर्णागिरि धाम में मेले का आयोजन किया जाता है। देश के कई बड़े शहरों से लोग मां पूर्णागिरि दर्शनों के लिए जाते हैं। ऐसी मान्यता है कि मां पूर्णागिरि के दर्शन करने मात्र से मनुष्य की सभी मनोकामनाएं पूर्ण हो जाती हैं।

# होली मनमुटाव दूर करने का है त्योहार

संवाददाता, बिलारी

**अमृत विचार:** तहसील बार एसोसिएशन की ओर से सभागार में गुरुवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इसमें सभी ने एक-दूसरे के गले मिलकर होली की बधाई दी।

कार्यक्रम में तहसीलदार कमलेश कुमार, तहसीलदार न्यायिक अनिल कुमार मिश्रा, तहसीलदार लोकेश कुमार आदि शामिल हुए। इस बीच अधिकारियों ने बार और बेंच के बीच संबंध को लेकर विचार भी रखे। वक्ताओं ने कहा कि होली का त्योहार मनमुटाव दूर करने का त्योहार है। बार के अध्यक्ष आफाक हुसैन ने कहा कि यूं ही प्यार का कारवां चलता रहे। इसे लेकर होली मिलन जैसे समारोह का आयोजन किया गया है। आगे ईद मिलन समारोह का भी कार्यक्रम होगा। इस दौरान व्यापार मंडल के अध्यक्ष संजय जैन, प्राथमिक शिक्षक संघ के पूर्व जिला अध्यक्ष जगत नारायण शर्मा, प्रधान संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष हाजी मोहम्मद उस्मान, कृषि पंडित रघुपत सिंह, बार के संरक्षक चैतन्य पाल सिंह, भगवान शरण माथुर, उपाध्यक्ष महेश चंद शर्मा, नवाब हुसैन, भारत सिंह यादव, यूथ वार के अध्यक्ष परमजीत सिंह रहे।



होली मिलन समारोह में एक-दूसरे के गले मिलते लोग। ● अमृत विचार

### होली मिलन समारोह में किया स्वागत

बिलारी, अमृत विचार : अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के प्रज्ञा मंडल सिहारी लद्दा की ओर से आयोजित बालिका विद्यापीठ में होली मिलन समारोह हुआ। इस दौरा भी गोष्ठी हुई। इसमें वरिष्ठ कार्यकर्ता राम सिंह बानप्रस्ती ने अतिथियों का गुलाल लगाकर स्वागत किया। इससे पहले आचार्य श्रीराम शर्मा, माता भगवती देवी शर्मा के चित्र के सम्मुख पुष्प अर्पित कर क्षेत्र में सुख समृद्धि की मंगल कामना की। इस दौरान राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मुरादाबाद के जिलाध्यक्ष पंडित विनोद कुमार मिश्रा, सुखवीर सिंह यादव, चौधरी महावीर सिंह, चौधरी विजय सिंह, चौधरी मित्र पाल सिंह, ठाकुर सोमपाल सिंह तोमर आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### सड़क व नाली निर्माण कार्यों की जांच करने की मांग

कांठ, अमृत विचार : सभासदों ने अधिशासी अधिकारी को पत्र देकर सड़क व नाली निर्माण कार्य के नमूने की पीडब्ल्यूडी मेरठ और आईआईटी रुड़की में जांच कराने की मांग की है। सभासदों ने अधिशासी अधिकारी प्रियंका चौधरी को बताया कि नगर पंचायत क्षेत्र में सड़क व नाली निर्माण में ठेकेदारों ने घटिया सामग्री लगवाई है। ज्ञापन में इन कार्यों की सामग्री के नमूने वीडियो ग्राफी कर अधिकारी के समक्ष लेकर सील बंद कर पीडब्ल्यूडी मेरठ व आईआईटी रुड़की भेजने की मांग की गई। कहा कि सभासदों ने ठेकेदारों से इस बारे में बात की तो उन्होंने कहा कि कार्य मानक के अनुसार नहीं होगा और सभासदों से अभद्रता भी की। ठेकेदार झूठे मामले में फंसाने की धमकी देते हैं। इस दौरान सभासभा रुखसाना खातून, वसीम अहमद, नसीम अहमद, रिहाना परवीन, चमन सिंह, प्रियंका सैनी, हाजी शकील अहमद, मंजू, जमीला खातून, पिंकी रानी, सोनम कौर आदि सभासद मौजूद रहे।

### पुलिस ने की वाहनों की चेकिंग

कांठ, अमृत विचार : थाना प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र कुमार सिंह ने पुलिस बल लेकर स्टेटिक मजिस्ट्रेट के साथ गढ़ी सहसपुर बॉर्डर पर वाहनों की चेकिंग की और वाहनों में रखे सामान को भी जांच किया। थाना प्रभारी ने ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों को निर्देश दिए। कहा कि संदिग्ध वाहनों की चेकिंग करें। लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न कराना पुलिस प्रशासन की जिम्मेदारी है। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि अगर कोई प्रत्याशी आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करेगा तो उसके खिलाफ मामला दर्ज कराया जाएगा।

### बाजार में गायब हुए बच्चे को पुलिस ने किया तलाश

ठाकुरद्वारा, अमत विचार : कोतवाली पुलिस ने परिजनों से बिछड़े बच्चे को कुछ ही घंटों में कर तलाश लिया। नगर में बच्चा अपने परिजनों के साथ बाजार में खरीदारी करने आया था। वहां वह अपने परिजनो से बिछड़ गया। इस दौरान लोगों ने बच्चे को रोते हुए देखा तो कोतवाली पुलिस को सूचना दी। कोतवाली प्रभारी शैलेन्द्र सिंह मौके पर पहुंचे और बच्चे को कोतवाली परिसर ले आए। बच्चा अपने अपने माता-पिता का नाम पता बताने में असमर्थ था। पुलिस ने सोशल मीडिया पर के जरिये बच्चे के परिजनों को खोजने का प्रयास किया गया। इस बीच बच्चे के परिजनों को खोज लिया गया। पता चलने पर नगर निवासी प्रशांत जोशी पुत्र उत्कर्ष उर्फ रामा अपने परिजनों के साथ कोतवाली पहुंचे। बच्चे को सकुशल सुपुर्द किया गया।

### पुत्रवधू गायब, ससुर की तहरीर पर गुमशुदगी दर्ज

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : गांव लौंगी कला में घर से पुत्रवधू लापता हो गई। ससुर ने तहरीर देकर गुमशुदगी दर्ज कराई है। लौंगी कला निवासी एक व्यक्ति ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दगी। बताया कि उसकी 28 वर्ष पुत्रवधू सुबह अपने कमरे में नही थी। पीछे का दरवाजा खुला हुआ था। बिना बताए वह कहीं चली गई। गुरुवार को ससुर ने पुलिस उसे तलाश करने की मांग की है। पुलिस ने उसकी गुमशुदगी की दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

### महिला को पीटने में पति सहित तीन गिरफ्तार

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : महिला को पीटने के मामले में पुलिस ने पति, जेठ और जेठानी को गिरफ्तार किया है। गांव फरीदनगर निवासी उजाला देवी पत्नी सुरजीत सिह ने पुलिस से शिकायत की। बताया कि वे उसके साथ मारपीट करते हैं। पति सुरजीत सिंह, राजवीर सिंह व जेठानी ममता को शांति भंग के आरोप में गिरफ्तार कर लिया। एसडीएम न्यायालय में पेश किया, जहां जमानत पर रिहा कर दिया गया।

### दो बहनों को पीटने में एनसीआर दर्ज

कुंदरकी, अमृत विचार : थाना क्षेत्र के एक गांव में कहासुनी के बाद पड़ोसियों ने दो बहनों को पीट दिया। पुलिस ने पीड़िता मां की शिकायत पर एनसीआर दर्ज की है। गांव अहमदनगर जैतवाड़ा में घर से बाहर गोबर डालने गई दो बहनों के साथ गांव के ही एक परिवार के व्यक्तियों और कुछ महिलाओं ने मारपीट की थी। पीड़ित बहनों की मां कमरुल निशा ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया कि जब उसकी दोनों बेटियां घर से बाहर गोबर डालने गईं तो गांव की एक महिला, उसकी बेटियों पर गलत आरोप लगाने लगीं। बेटियों ने जब विरोध किया तो महिला ने अपने पति, पुत्र, पुत्री के साथ मिलकर उन्हें मारा पीटा।

### स्वास्थ्य और सुरक्षा के बारे में दी गई जानकारी

**बिलारी, अमृत विचार:** नगर स्थित बीआरसी में मीना मंच के तहत पावर एंगिल सुगमकर्ता को तीन दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। इसमें पहले दिन सुगमकर्ता अध्यापक अध्यापकों को किशोरी बालिकाओं को उनके स्वास्थ्य व सुरक्षा के बारे में जानकारी दी गई। छात्राओं को हाइजीन व उचित पोषण के बारे में बताया गया। प्रशिक्षण भानु प्रताप सिंह, मालती गौतम, शाहीन परवीन ने दिया। बताया कि किस तरह से शिक्षक बेहतर शिक्षण कार्य देकर बच्चों का उज्जवल भविष्य बना सकते हैं।

महिला शिक्षक किशोरियों को किस तरह से आवश्यक जानकारी देकर उन्हें कई रोगों से बचा सकती हैं। एसआरजी संजय विशाल ने शिक्षकों को जानकारी दी। खंड शिक्षा अधिकारी अजहरे आलम ने भी प्रशिक्षण दिया। इस मौके पर उच्च प्राथमिक विद्यालय,कंपोजिट विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं आदि मौजूद रहे।



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती मरीज। ● अमृत विचार

# गर्मी में बढ़ने लगी डायरिया बुखार के मरीजों की संख्या

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** मार्च के अंतिम दिनों में सूर्यदेव के तेवर तल्ख हो गए हैं। हर रोज तापमान बढ़ रहा है। गर्मी बढ़ने के साथ ही डायरिया और बुखार के मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है। इस बीच सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में गुरुवार को 280 मरीज ओपीडी में पहुंचे। ज्यादातर मरीज खांसी, जुकाम व बुखार से पीड़ित थे। बुखार व उल्टी दस्त के चार मरीजों को भर्ती किया गया। चिकित्सकों ने मरीजों को खानपान पर विशेष ध्यान रखने की सलाह दी। कहा कि फास्ट फूड व ठंडी चीजों का सेवन न करें और मच्छरदानी लगाएं।

होली का त्योहार होते ही गर्मी अधिक होने लगी है। गुरुवार को तेज धूप निकली। हालांकि सुबह-शाम ठंड का असर रहा। इस मौसम में मच्छर भी पनपने लगे हैं। बदलते मौसम में लोग बीमार पड़ रहे हैं। लोगों को सर्दी जुकाम और खांसी ज्यादा परेशान कर रही है। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राजपाल सिंह सैनी ने बताया कि गर्म हवा चलने लगी है।

### डायट में शिक्षकों के लिए प्रशिक्षण शुरू

**कांठ, अमृत विचार :** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) में राजकीय शिक्षकों के लिए तीन दिवसीय अभिमुखीकरण प्रशिक्षण का द्वितीय सत्र शुरू हो गया है। प्राचार्य डॉ. ओम प्रकाश गुप्ता ने इसका आरंभ किया।

उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति को सफल बनाने के लिए प्राथमिक शिक्षा को मजबूत करने का आह्वान किया। संदर्भदाता डॉ. अभिषेक मिश्रा ने भारतीय ज्ञान प्रणाली पर चर्चा की। संदर्भदाता डॉ. इदरीश अहमद ने शिक्षण अधिगम प्रक्रिया में अकादमिक नेतृत्व के बारे में शिक्षकों को बताया। डायट प्रवक्ता डॉ. टीना वर्मा ने सामुदायिक सहभागिता पर चर्चा की। बबीता महरोत्रा ने शिक्षा में प्रौद्योगिकी के बारे में जानकारी दी। इस दौरान चंचल कुमारी, डॉ. रिचा पाठक, राजीव, जाहिद हुसैन, लोकेंद कुमार, रीमा गोपाल आदि रहे।

**शिक्षा** — एसबीएस स्कूल और रानी प्रीतम कुंवर स्कूल में छात्र-छात्राओं का बांटे प्रमाण-पत्र

# परीक्षा परिणाम देखकर खिले विद्यार्थियों के चेहरे

संवाददाता, बिलारी

**अमृत विचार :** नगर स्थित एसबीएस सीनियर सेकेंडरी स्कूल में गुरुवार को सत्र-2023- 24 का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। अंक पत्र पाकर छात्र-छात्राओं के चेहरे खिले नजर आए।

बताया गया कि नर्सरी से आठवीं की कक्षाओं के बच्चों का परीक्षा परिणाम प्रधानाचार्य ने घोषित किया। विद्यार्थियों का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। प्रत्येक कक्षा में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को गोल्ड, सिल्वर, ब्रांज मेडल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। नर्सरी के अयाज खान, शिवांग, मोहम्मद अर्सलान प्रथम रहे। काम्या चौधरी और इनाया फातिमा द्वितीय रहीं। एलकेजी ए की नीति, सिंधी और मोहम्मद असद रजा प्रथम रहे। मिस्टी चौधरी और धैर्य भारद्वाज द्वितीय स्थान पर रहे।



एसबीएस सीनियर सेकेंडरी स्कूल में प्रमाण पत्र दिखाते विद्यार्थी, साथ में शिक्षक। ● अमृत विचार

एलकेजी वी में मोहम्मद हुसैन, हर्षित और सिद्ध फातिमा प्रथम रहे। यूकेजी ए में बिहान गुप्ता, आरुषि, पर्व चाहल, आजिया फातिमा प्रथम स्थान पर रहे। आठवीं में तेजस्व, गणेश प्रथम, हषर्ल चौधरी द्वितीय और कनिष्क शर्मा एवं मोहम्मद रेहान तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा आठ वी में विराट शर्मा प्रथम, प्रभु गुप्ता द्वितीय और अंशुल चौधरी तृतीय स्थान पर रहे। प्रधानाचार्य सयोंग वशिष्ठ ने अभिभावकों का स्वागत किया। प्रबंधक राजीव सहाय व प्रधानाचार्य विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र दिए। उधर, क्षेत्र के रुस्तम नगर सहसपुर स्थित रानी प्रीतम कुंवर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में भी परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। भूपेंद्र, तलहा खान, मोहम्मद आहिल, इनायत फातिमा, अली हसन, अनबिया, माहिरा समेत अन्य विद्यार्थियों को विद्यालय की निदेशिका मीनाक्षी प्रसाद, परमानंद सक्सेना और प्रधानाचार्य रंजीत ईश्वर ने प्रशस्ति पत्र दिए।





ओम शान्ति हॉस्पिटल



डॉ. पुलकित अग्रवाल
M.B.B.S., D.L.O., D.N.B. (ENT)
(नाक, कान, गला, थायराइड व कैंसर रोग विशेषज्ञ)

रिसर्च इंस्टीट्यूट से नवीनतम टेक्नोलॉजी की विशेष ट्रेनिंग प्राप्त दूरबीन विधि द्वारा नाक, कान, गले के सभी ऑपरेशन में माहिर

● कान का बहना, कम सुनाई देना ● चक्कर आना ● सिर में दर्द ● नाक, कान, गले में चुभन या दर्द होना ● नाक बंद होना, सायनस की समस्या, नाक से खून आना, अत्याधिक छींक आना ● सोते समय खर्राटे आना ● आवाज का बैठ जाना ● मुंह न खुलना ● चेहरे पे दाग या दाने होना, आंखें व चेहरे का भारीपन होना ● खाना निगलने में दिक्कत, मुँह में छाले ● गले में गाँठें

नाक, कान व गले के ऑपरेशन जैसेः-
● कान के पर्दे में छेद ● नाक में टेढ़ी या बढ़ी हुई हड्डी ● गले में टांसिल ● मुँह में कैंसर ● गले में घेंघा या अन्य किसी तरह की गांठ ● लार ग्रंथि में पथरी से आई सूजन ● नाक अथवा जबड़े की टूटी हड्डी ● गले में मांस के कारण बैठी आवाज ● आँख में नासूर का बिना चीरे के ऑपरेशन

दूरबीन द्वारा आधुनिक विधि से कान के पर्दे का चीरा व टाँका रहित ऑपरेशन

मुंह से आंतों तक की दूरबीन विधि की आधुनिक जाँच (ENDOSCOPY CENTRE)



दिल्ली के डॉक्टरों द्वारा एलर्जी का जड़ से इलाज (Immunotherapy)



डॉ. प्रियांशी अग्रवाल
BDS, FDIP, MIDA
(दन्त रोग विशेषज्ञ व इम्प्लांटोलॉजिस्ट)

उपलब्ध सुविधायें
● दाँतों का डिजिटल X-Ray ● दाँतों की नस का इलाज (RCT) ● अत्याधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई (Ultrasonic Scaling) ● दाँतों के कलर की फिलिंग व चाँदी भरना ● फिक्स दाँत (Bridges) ● बत्तीसी बनाना (Complete Denture) ● बिना दर्द के दाँत निकालना ● लेजर द्वारा दाँत के कलर का मसाला भरना (Composite Filing) ● हड्डी में फिक्स दाँत लगाना (Dental Implant) ● टेढ़े-मंढ़े दाँतों का इलाज (Orthodontic Treatment) ● बच्चों के दाँतों की सभी बीमारियों का इलाज

विभाग :- ● नाक, कान, गला रोग ● दन्त रोग ● हड्डी व जोड़ रोग ● चर्म रोग ● जनरल फिजीशियन

24 घण्टे भर्ती एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध

ओम शान्ति हॉस्पिटल
निकट बरेली कॉलेज मेन गेट, काली बाड़ी, बरेली
7500692860

## एक नजर

### शादी के नाम पर युवती से बनाए शारीरिक संबंध

**चौधरपुर, अमृत विचार :** दूसरे समुदाय के युवक ने गांव की युवती को प्रेम जाल में फंसा लिया और शादी के नाम पर शारीरिक संबंध बनाए। इस दौरान युवती सात माह की गर्भवती हो गई। युवती की मां ने गांव के युवक पर शादी के नाम पर दुष्कर्म का आरोप लगाया है। पुलिस ने युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। मामला डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव का है। पीड़िता की मां ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि गांव के दूसरे समुदाय के युवक ने उसकी पुत्री को प्रेम जाल में फंसा लिया और शादी के नाम पर उससे शारीरिक संबंध बनाए। पीड़िता का कहना है कि उसने युवक को कई बार समझाया लेकिन वह नहीं माना। अब वह सात माह की गर्भवती है। पुलिस ने महिला की तहरीर पर युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### आज निकलेगी श्री सनातन कलश यात्रा

**गजरौला, अमृत विचार :** नार्दन इंडिया पब्लिक स्कूल में चार अप्रैल तक श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन होगा। विद्यालय के चेयरमैन राकेश मोहन गर्ग ने बताया कि कथावाचक पंडित शिवकान्त महाराज कथा का वाचन करेंगे। बताया कि दोपहर 12 बजे से 4 बजे तक कथा होगी। समापन चार अप्रैल को होगा। शुक्रवार को प्रात: 10 बजे श्री सनातन कलश यात्रा भी निकाली जाएगी।

### घेर में खड़े ट्रैक्टर से बैटरी चोरी, तहरीर दी

**हसनपुर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव करनपुर निवासी भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष रामकिशोर चौहान के छोटे भाई महिपाल चौहान का घेर गांव के बाहर अतरासी मार्ग पर है। बुधवार की रात घेर में खड़े ट्रैक्टर से चोरों ने बैटरी चोरी कर ली। गुरुवार सुबह जब वह घेर पहुंचे तो बैटरी गायब देख दंग रह गए। इसके बाद पीड़ित महिपाल चौहान कोतवाली पहुंचे और चोर के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। हल्का इंचार्ज योगेंद्र मलिक ने बताया कि चोरी की तहरीर प्राप्त हुई है, कार्रवाई की जा रही है।

### 130 ग्राम चरस बरामद

**सैदनगली, अमृत विचार :** पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर 130 ग्राम चरस बरामद की है। गुरुवार को पुलिस ने गश्त के दौरान सूचना पर अंकुश पुत्र महा सिंह निवासी ग्राम सकतपुर थाना सैदनगली को 130 ग्राम चरस के साथ पकड़ लिया। पुलिस ने इस मामले में रिपोर्ट दर्ज की है।

# एनडीए सरकार ने पूरे किए अपने वादे : जयंत

## रालोद प्रमुख ने जनसभा में कहा-उनके दिल और रगों में बसते हैं किसान, विपक्षियों पर साधा निशाना

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** जिले से लोकसभा चुनाव के प्रचार की शुरुआत कर जयंत चौधरी ने विपक्ष दलों पर जमकर हमला बोला। जयंत चौधरी ने कहा कि पिछली सरकारों ने किसानों को ठगने का काम किया है। किसानों के मसीहा चौधरी चरण सिंह की झलक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी में दिखाई देती है।

गुरुवार को भाजपा-आरएलडी गठबंधन के प्रत्याशी चौधरी कंवर सिंह तंवर के लिए जयंत चौधरी ने वोट की अपील की। इस दौरान उन्होंने कहा कि एनडीए सरकार ने जो वादे किए थे वह सभी पूरे किए हैं। उन्होंने कहा अमरोहा जिले की पहचान किसानों से होती है। इस बात को कहने में गर्व है कि ये वो सरकार है जिसने चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न दिया है। पहली सरकारों ने इसके बारे में एक बार भी नहीं सोचा। जयंत चौधरी ने कहा कि मेरे दिल और रगों में किसान बसे हैं। पिछले 10 सालों में हमने विपक्ष में रहकर खूब संघर्ष किया। पूरी जिम्मेदारी के साथ विपक्ष की भूमिका निभाई है। दूसरी पार्टी के लोग कहते थे कि विपक्ष मजबूत करो। लेकिन इस बार हमने सरकार मजबूत करने का फैसला लिया। कहा कि बागपत सीट पर चुनाव लड़ने का दबाव था, लेकिन हमने एक ऐसे प्रत्याशी को टिकट दिया जो बेहद ईमानदार है और पार्टी का पुराना कार्यकर्ता है।



मंच पर मौजूद जयंत चौधरी, भाजपा प्रत्याशी कंवर सिंह व अन्य। ● अमृत विचार



जनसभा में मौजूद लोग। ● अमृत विचार

**जनसभा में ये लोग रहे मौजूद :** कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, भाजपा प्रदेश महामंत्री सुभाष यदुवंशी, आरएलडी क्षेत्रीय अध्यक्ष चौधरी रामवीर सिंह, भाजपा प्रत्यशी चौधरी कंवर सिंह तंवर, पूर्व सांसद देवेंद्र नागपाल, हसनपुर विधायक महेंद्र खड़गवंशी, धनौरा विधायक राजीव तरारा, भाजपा जिलाध्यक्ष उदयगिरी गोस्वामी, आरएलडी जिलाध्यक्ष मनवीर सिंह चिकारा, सैदनगली नगर पंचायत अध्यक्ष डॉ. अनुकृति चौधरी, हसनपुर ब्लॉक प्रमुख ममता गुर्जर, गजरौला ब्लॉक प्रमुख मीनाक्षी चौधरी, लोकसभा संयोजक बृजेश चौधरी, पूर्व विधायक कमल सिंह मलिक भाजपा व आरएलडी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### उपचार के दौरान महिला की मौत, हत्या का आरोप

**डिडौली, अमृत विचार :** गांव सलेमपुर नवादा में महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजनों ने महिला के ससुराल वालों पर हत्या किए जाने का आरोप लगाया।

मामला कोतवाली क्षेत्र के गांव सलेमपुर नवादा का है। थाना अमरोहा देहात क्षेत्र के गांव अहमदनगर निवासी राजवीर सिंह ने बेटी सूरजमुखी की शादी 15 साल पहले डिडौली कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सलेमपुर नवादा में की थी। आरोप है कुछ दिन पहले से घर में विवाद चल रहा था। इसके बाद महिला बीमार हो गई। गुरुवार को उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर मृतका के मायके वाले मौके पर पहुंच गए। परिजनों ने ससुराल पक्ष पर हत्या करने का आरोप लगाया। हंगामे की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# युवा अधिवक्ता नीति और नीयत के खरा बनने की शपथ लें : सुरमित

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** तहसील बार एसोसिएशन हसनपुर द्वारा ऑल इंडिया बार एग्जामिनेशन की परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले युवा अधिवक्ताओं को सम्मानित किया।

तहसील बार एसोसिएशन के महासचिव ने कहा कि युवा वकील अपने प्रोफेशन में ऊंचाई छूना चाहते हैं, तो अपनी नीति और नीयत में खरा बनने की शपथ लें। बार के कनिष्ठ उपाध्यक्ष फतेह सिंह ने कहा कि वकील के पास जो भी आता है, वह कहीं न कहीं से पीड़ित होता है। ऐसे में वकील को चाहिए कि वह उस व्यक्ति को राहत देने का प्रयास करें। कनिष्ठ सदस्य विनोद कुमार त्यागी ने कहा वकीलों को चाहिए कि वह अपराध करके आए व्यक्ति की भी पहचान करें। इस प्रकार आप सही व्यक्ति को न्याय दिला सकेंगे। कार्यक्रम में सरफराज अली, रविंद्र सिंह, दिनेश कुमार, सत्य प्रकाश सैनी, विनोद भाटी, अमित राणा, लक्ष्मीकांत का माल्यार्पण कर स्वागत किया। कार्यक्रम में केशव प्रजापति, नईम अहमद, रमेश चंद्र, अरविंद कुमार शर्मा, संजीव कुमार, विनोद कुमार त्यागी, जयकुमार, राना, नंदराम, सागर, संदीप कुमार, रामेश्वर राणा, परवेज आलम, शोभित भाटी आदि मौजूद रहे।



हसनपुर में तहसील बार एसोसिएशन के कार्यक्रम में बोलते वक्ता। ● अमृत विचार

▸▸ बैठक में पीड़ित की मदद करने पर दिया जोर

### शनिवार, रविवार को भी खुलेंगे विद्युत कार्यालय

**अमरोहा, अमृत विचार :** विद्युत वितरण खंड अधिकारी जीडी प्रजापति ने कहा कि वित्तीय वर्ष के अंतिम सप्ताह में शनिवार, रविवार को भी कार्यालय खुलेंगे।

गुरुवार को विद्युत वितरण खंड अधिकारी ने बताया कि उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड के वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश हैं कि वित्तीय वर्ष के अंतिम सप्ताह में प्रतिदिन की तरह कार्यालय खोला जाए और राजस्व वसूली को जमा किया जाए। उन्होंने कहा कि 29 और 31 मार्च को अवकाश होने के बाद भी विद्युत विभाग के सभी कार्यालय हर रोज की तरह खुलेंगे। इन सभी कार्यालय पर बिजली उपभोक्ताओं के बकाया बिल भुगतान को जमा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि त्योहारों को देखते हुए विभाग द्वारा राजस्व वसूली के अभियान को कुछ समय के लिए रोक दिया है। उपभोक्ताओं को नोटिस जारी कर बिल जमा करने को कहा जा रहा है।

## सार संक्षेप

### छुट्टा पशु के हमले में ग्रामीण घायल

**गजरौला, अमृत विचार :** छुट्टा पशु के हमले से ग्रामीण घायल हो गया। घायल को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। क्षेत्र के गांव सलेमपुर गोंसाई निवासी टोडरमल सिंह गुरुवार को अपने खेत की सिंचाई कर घर लौट रहे थे। इसी दौरान गांव के ही बाहर छुट्टा पशु ने टोडरमल पर हमला बोल दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई। राहगीरों ने छुट्टा पशु को किसी तरह वहां से भगाया। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने घायल को निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। परिजनों के मुताबिक गंभीर हालत में घायल को दिल्ली के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### कार की टक्कर से बाइक सवार दो लोग घायल

**गजरौला, अमृत विचार :** शहर के मोहल्ला गंगापुरी निवासी शुभम व देवकी बाइक से हापुड़ गए थे। इसी दौरान नेशनल हाइवे पर गांव शहबाजपुर डोर के पास पीछे से आई कार ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दोनों लोग घायल हो गए। मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। हादसे के बाद आरोपी चालक कार समेत फरार हो गया। देवकी की हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि मामले में तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### गुड फ्राईडे पर सुरक्षा के लिए दिया ज्ञापन

**अमरोहा, अमृत विचार :** राष्ट्रीय मसीह विकास संगठन के राष्ट्रीय महासचिव ग्लैडविन डिसूजा ने पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह को ज्ञापन दिया। जिसमें कहा है कि ईसाई समाज का धार्मिक पर्व गुड फ्राईडे 29 मार्च को और ईस्टर 31 मार्च को मनाया जाएगा। जनपद में पंजीकृत संस्थाओं के करीब 20 चर्च हैं। जिनमें विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन होगा। इस दौरान कोई अप्रिय घटना न हो, इसलिए सुरक्षा के लिहाज से पुलिस फोर्स तैनात की जाए।



बच्चों को परीक्षाफल देतीं प्रबंधिका इंद्रेश देवी व अन्य। ● अमृत विचार

### टीआर मेमोरियल पब्लिक स्कूल में बंटा परीक्षाफल

**हसनपुर, अमृत विचार :** न्यू तुलसी कॉलोनी स्थित चौधरी टीआर मेमोरियल पब्लिक स्कूल में वार्षिक परीक्षाफल बांटा गया। जिसमें मेधावी छात्र-छात्राओं को स्कूल की ओर से पुरस्कार दिया गया। गुरुवार को वार्षिक परीक्षाफल वितरण समारोह का आरंभ स्कूल प्रबंधिका इंद्रेश देवी एवं प्रधानाचार्य ललित त्यागी द्वारा मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इसके बाद उन्होंने नर्सरी से कक्षा आठ तक के बच्चों का रिपोर्ट कार्ड दिए। इस दौरान प्रबंधिका इंद्रेश देवी ने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं और जब देश का भविष्य पढ़ा लिखा होगा, तो देश तरक्की की राह पर जाएगा। इस मौके पर विद्यालय प्रधानाचार्य ललित त्यागी आदि मौजूद रहे।



गजरौला में सेंटसेफ पब्लिक स्कूल में परीक्षाफल वितरण के दौरान बच्चे और शिक्षक।

### सेंटसेफ पब्लिक स्कूल में वार्षिक परीक्षाफल घोषित

**गजरौला, अमृत विचार :** नाईपुरा के सेंटसेफ पब्लिक स्कूल में गुरुवार को वार्षिक परीक्षाफल घोषित किया। इसमें मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत कर सम्मानित किया। स्कूल चेयरमैन इकबाल सैफी ने मेधावियों को सम्मानित कर उत्साहवर्धन किया। इस दौरान नीरज चौहान, वीरेंद्र सिंह, उजमा, रीता सिंह, कमल चौहान, संतोष सैनी, बबलेश कुमार, विजय सिंह आदि मौजूद रहे।



अमरोहा में नैतिक पार्टी के कार्यक्रम में बोलते कांग्रेस प्रत्याशी दानिश अली।

# इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार दानिश अली का किया स्वागत

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** लोकसभा की अमरोहा सीट से सपा और कांग्रेस गठबंधन के उम्मीदवार कुंवर दानिश अली का नैतिक पार्टी के बैनर तले मोहल्ला चाहगौरी में स्वागत किया।

कुंवर दानिश अली ने कहा कि नैतिक पार्टी दिल व जान से मेहनत कर चुनाव लड़ा रही है। नैतिक पार्टी युवा इकाई के राष्ट्रीय अध्यक्ष पयम्बर रजा जैदी ने कहा कि आना वाला समय इंडिया गठबंधन का है। नैतिक पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चन्द्र भूषण पाण्डेय ने कहा कि बिना शर्त कांग्रेस पार्टी का साथ दे रहे हैं। बैठक में कांग्रेस शहर अध्यक्ष फैज आलम रायनी, इन्तेजार मेंहदी, सरदार इन्द्र सिंह, अली इमाम रिजवी, टीटू, खूशतर मिर्जा, मोहम्मद आदिल, मोहम्मद आमिल, अब्बास हैदर, नदीम नकवी, सैफ आदि मौजूद रहे।

# भाकियू की बैठक में उठा जमीन के मुआवजे का मुद्दा

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार :** भाकियू चढ़ूनी की गुरुवार को जिला कार्यालय भानपुर खालसा में पंचायत हुई। जिसमें ठाकुरद्वारा तहसील के ग्राम बथुआ खेड़ा में किसानों की 804 एकड़ जमीन का अधिग्रहण का मुद्दा उठाया गया।

पंचायत में वक्ताओं ने कहा कि सरकार ने जिन शर्तों के अनुसार अधिग्रहण किया था, उनका पालन नहीं किया जा रहा है। सरकार ने किसानों को मुआवजा तो दिया, लेकिन जमीन को बिड़ला समूह को बेच दिया। जिसके विरुद्ध किसान चार महीने से धरने पर बैठे हैं। जिसका नेतृत्व भाकियू चढ़ूनी कर रहा है। वहां किसानों को आए दिन बिड़ला समूह द्वारा परेशान किया जा रहा है। धरना खत्म करने के लिए डराया जा रहा है। जिसके खिलाफ यूनियन 30 मार्च को बथुआ खेड़ा से ठाकुरद्वारा तहसील से पैदल मार्च निकाल कर तहसील का घेराव करेगा। जिसके लिये अमरोहा से कार्यकर्ताओं को शामिल होकर मार्च को सफल बनाने का आह्वान किया। पंचायत में राकेश सिंह को जिला उपाध्यक्ष युवा मोर्चा के पद पर मनोनीत किया गया। पंचायत में जिलाध्यक्ष जाकिर चौधरी, प्रदीप चौधरी, तस्लीम सैफी, शकील चौधरी, सौरव वर्मा, सोनू यादव, अमरजीत राय, बंटी चौधरी, आसिफ मलिक, विजयपाल मौर्य, राकेश सिंह, शब्बन खान, नरेश धारीवाल, सरफराज सैफी, अमित, समरपाल सिंह, रनवीर सिह, फरमान सैफी, आदि लोग मौजूद रहे। पंचायत का संचालन नफीस मेवाती ने किया।



पंचायत में नारेबाजी करते किसान। ● अमृत विचार

### बैठक में बीडीओ पर जताई नाराजगी

**रहरा, अमृत विचार :** गंगेश्वरी क्षेत्र के रहरा ब्लाक परिसर में भाकियू शंकर की बैठक हुई। पंचायत में क्षेत्र की समस्याओं पर चर्चा की गई। ब्लाक अध्यक्ष डॉ. योगेन्द्र सिंह ने कहा कि क्षेत्र में छुट्टा पशु फसलों को बर्बाद कर रहे हैं। बैठक में बीडीओ गंगेश्वरी को बैठक में बुलाना चाहा, तो उन्होंने आने से इनकार कर दिया। इससे नाराज किसानों नारेबाजी की। किसानों का कहना है कि गुरैठा खादर क्षेत्र से एक भी छुट्टा पशु नहीं पकड़ा गया है, एनजीओ और ठेकेदार द्वारा अवैध वसूली की जा रही है। रात में सांड़ों की रस्सी काटकर बाहर निकाल दिया जाता है। विद्युत विभाग के संविदा लाइनमैन लाइन काट देते हैं। बैठक की अध्यक्षता प्रेमपाल ने की और संचालन राकेश कुमार ने किया। डॉ. शीशपाल सिंह, कमल ठाकुर, राकेश कुमार, धनपत सिंह, भागमाल सिंह, चरण सिंह मौजूद रहे।



भगवान परशुराम की मूर्ति के समक्ष पुष्प चढ़ाते लोग। ● अमृत विचार

### अक्षय तृतीया पर निकलेगी परशुराम की शोभायात्रा

**मंडी धनौरा, अमृत विचार :** नगर के महादेव चुंगी स्थित भगवान परशुराम धाम में अखिल भारत वर्षीय ब्राह्मण महासभा ने होली मिलन समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम का आरंभ संगठन के कार्यकर्ताओं ने भगवान परशुराम की मूर्ति के सम्मुख पुष्प अर्पित कर किया। सभी ने एक दूसरे पर पुष्पवर्षा कर होली की बधाई दी। वहीं भगवान परशुराम से सभी प्राणियों के कल्याण को प्रार्थना की गई। इस दौरान 10 मई को अक्षय तृतीया पर नगर में भगवान परशुराम की शोभायात्रा निकालने को लेकर चर्चा की गई। वक्ताओं ने ब्राह्मण एकता बल पर जोर देते हुए कहा कि ब्राह्मण ने सर्व समाज को सदैव आगे बढ़ाने का कार्य किया है। अपने विवेक, बुद्धि बल से आदर्श स्थापित किया है। इस मौके पर अध्यक्ष राजीव दीक्षित, हरिओम त्रिवेदी, गीतेश शर्मा, सुदीप शर्मा, नरेंद्र शर्मा, खेमकरन शर्मा, शिवकुमार त्रिवेदी, श्रीपति शर्मा आदि मौजूद रहे।

**शैक्षिक भ्रमण** छात्र-छात्राओं को चीनी मिल में कच्ची खांड और चीनी भी खिलाई गई

# बच्चों को दिखाई चीनी मिल की कार्यविधि

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के अंतर्गत विकास क्षेत्र हसनपुर के परिषदीय बच्चों को सहकारी चीनी मिल का भ्रमण कराया गया। जिसमें बच्चों को चीनी मिल के संबंध में जानकारी दी गई।

गुरुवार को बच्चों ने सर्वप्रथम वेयरहाउस, उसके बाद गन्ने की माप तौल की प्रक्रिया, कांटा तथा मेकैनिकल कांटे के बारे में जाना। उसके बाद बच्चों को गन्ने की पेराई की पूरी विधि दिखाई गई। इस बारे में बच्चों ने अनेक प्रश्न किए। अध्यापक जगबीर सिंह तथा चीनी मिल अधिकारियों ने बच्चों के प्रश्नों का उत्तर दिया। बच्चों ने गन्ने की पेराई के बाद रस निकालने की प्रक्रिया, खोई से फैक्ट्री के बायलर संचालन और रस से चीनी बनने तक की प्रक्रिया को देखा व समझा। चीनी बनने से पहले कच्ची खांड और चीनी को चखकर देखा। इसके बाद बच्चों को प्रशासनिक भवन का भ्रमण कराया।

चीनी मिल के जनरल मैनेजर का कार्यालय व अन्य अधिकारियों के कार्यालय दिखाए गए। जनरल मैनेजर ने बताया कि काम को व्यवस्थित रूप से संचालित करने के लिए किस प्रकार दिशा निर्देश देते हैं। बच्चों को प्रेरित करने के लिए बताया गया कि अधिकारी बनने के लिए बच्चों को किस प्रकार कितनी मेहनत करनी चाहिए। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी उदयवीर सिंह, जगवीर सिंह, अमित गुप्ता, प्रदीप कुमार, विनोद कुमार गौतम, देवकांत भारतभूषण, सतपाल सिंह, ऋतु पॉल, राजकुमार, ऋतुराज, आकांक्षा सक्सेना आदि मौजूद रहे।



हसनपुर चीनी मिल में भ्रमण के दौरान जनरल मैनेजर के कक्ष में बैठे बच्चे व शिक्षक। ● अमृत विचार



छात्राओं को मतदान की जानकारी देते शिक्षक। ● अमृत विचार

# मतदान का महत्व बताया

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** शर्मा देवी कन्या इंटर कॉलेज की छात्राओं ने अभियान चलाकर अभिभावकों को मतदान के महत्व को समझाया। सभी को मतदान के लिए जागरूक किया।

गुरुवार को कॉलेज की प्रधानाचार्य चारू शर्मा ने बताया कि इंटर कॉलेज की छात्राओं ने लोकसभा चुनाव को देखते हुए सभी मतदाताओं को जागरूक करने के लिए अभियान चलाया। उन्होंने घर-घर जाकर अभिभावकों को मतदान के महत्व को समझाया एवं मतदान के लिए सभी को जागरूक किया। उन्होंने मतदाताओं से कहा कि वह अपने मत का प्रयोग अवश्य करें। प्रधानाचार्य ने मतदाताओं को जागरूक करते हुए कहा कि इसे एक पर्व के रूप में मनाना चाहिए। मतदाताओं को अपने मत का प्रयोग करना चाहिए। जिससे एक अच्छी सरकार चुन सकें। इस अवसर पर कॉलेज की अध्यापिका पुष्पा वर्मा, ममता अग्रवाल, श्वेता शालिनी, आलोक आदि मौजूद रहे।

### खेत से लौट रही महिला से छेड़छाड़, विरोध पर पीटा

**सैदनगली, अमृत विचार :** खेत से लौट रही महिला से बुधवार को मोहल्ले के ही निवासी युवक ने छेड़छाड़ की। विरोध करने पर आरोपी युवक ने परिजनों के साथ मिलकर महिला की पिटाई भी की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले में रिपोर्ट दर्ज की है। थानाध्यक्ष ने मामले में पीड़िता की तहरीर पर तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति–पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

# भाजपा व बसपा के उम्मीदवारों सहित 17 ने खरीदे पर्चे

## पहले दिन एक भी नामांकन पत्र नहीं हुआ दाखिल, चार अप्रैल तक चलेगी नामांकन प्रक्रिया

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** अमरोहा लोकसभा सीट पर दूसरे चरण के मतदान के लिए नामांकन प्रक्रिया गुरुवार से शुरू हो गई। पहले दिन कुल 17 नामांकन पत्र बिके। भाजपा, बसपा के उम्मीदवारों ने भी नामांकन के लिए पर्चे खरीदे। नामांकन प्रक्रिया चार अप्रैल तक चलेगी।

लोकसभा चुनाव के लिए गुरुवार से कड़ी सुरक्षा के बीच नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई। सुरक्षा के लिहाज से कलेक्ट्रेट परिसर में बैरिकेडिंग की गई है। सुबह 11 बजे से लेकर दोपहर तीन बजे तक अमरोहा-जोया रोड को वन-वे कर दिया गया। नामांकन प्रक्रिया के पहले जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार त्यागी समय से पहले कार्यालय पहुंच गए। कलेक्ट्रेट परिसर में जिला मजिस्ट्रेट न्यायालय कक्ष में सुरक्षा व्यवस्था के बीच दिन में 11 बजे से नामांकन प्रक्रिया शुरू हुई। सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में जिला मजिस्ट्रेट के न्यायालय कक्ष में नामांकन पत्र दाखिले की प्रक्रिया तीन बजे तक चली। पहले दिन 17 लोगों ने नामांकन पत्र खरीदा। जबकि एक भी नामांकन पत्र दाखिल नहीं किया गया। जिसमें भाजपा प्रत्याशी कंवर सिंह तंवर के लिए विजय पंवार, बसपा उम्मीदवार मुजाहिद हुसैन के लिए अरमान अहमद ने पर्चा खरीदा। इसके अलावा धर्मेंद्र यादव और नरेंद्र सिंह ने भी पर्चा खरीदा। वहीं न्यू ऑल इंडिया कांग्रेस पार्टी से अदीबा परवीन, विकास इंडिया पार्टी से विकार अहमद, महताब जहां, खालिद हुसैन, राजपाल सिंह सैनी, कुशाग्र, राष्ट्रीय कांग्रेस जनता पार्टी से प्रेमपाल, रामअवतार, काशिफ हुसैन, रमेश सिंह, जनहित पार्टी प्रगतीशील से अंजू चौहान व तस्सवुर अजान ने पहले दिन नामांकन पत्र खरीदा। अपर जिलाधिकारी व उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुरेंद्र सिंह ने बताया कि पर्चा दाखिल करने से पहले प्रत्याशियों को बैंक में अकाउंट खुलवाना है। इसके अलावा अन्य अर्हताएं पूरी करनी हैं। कलेक्ट्रेट परिसर में बैरिकेडिंग की गई है। सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में नामांकन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया जिला मजिस्ट्रेट के न्यायालय कक्ष में चल रही है।



नामांकन कक्ष के बाहर खड़े पुलिसकर्मी। ● अमृत विचार



कलेक्ट्रेट में मतदान सामग्री तैयार करते कर्मचारी। ● अमृत विचार

### भारी वाहनों को नहीं मिला प्रवेश

**अमरोहा, अमृत विचार :** नामांकन प्रक्रिया के समय शहर के जोया रोड स्थित बंबूगढ़ चौराहे पर बैरिकेडिंग की गई थी और भारी वाहनों को जोया रोड पर नहीं जाने दिया ।इस दौरान यातायात वन-वे रहा। दोपहर तीन बजे के बाद बैरियर को हटाया। उधर, कचहरी चौराहे पर भी बैरियर लगाए गए थे। सुबह 10 बजे से लेकर दोपहर तीन बजे तक अमरोहा जोया रोड पर वाहनों की आवाजाही कम रही। नामांकन प्रक्रिया को लेकर सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम किए गए हैं।

### चुनाव को लेकर चल रहा सामग्री मिलान का कार्य

**अमरोहा, अमृत विचार :** कलेक्ट्रेट परिसर में चुनाव सामग्री तैयार करने का कार्य चल रहा है। 26 अप्रैल को जिले में दूसरे चरण में मतदान होना है। जिसको लेकर सामग्री तैयार की जा रही है। सामग्री तैयार करने को लेकर लेखपाल समेत अन्य लोगों की डयूटी लगाई गई है।

## आज प्रबुद्ध सम्मेलन को संबोधित करेंगे मुख्यमंत्री

**गजरौला, अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अमरोहा के रजबपुर में श्री वेंकटेश्वरा यूनिवर्सिटी में आज प्रबुद्ध सम्मेलन को संबोधित करेंगे। प्रबुद्ध सम्मेलन की सफलता के लिए भाजपा पदाधिकारियों ने क्षेत्र का दौरा कर जनसंपर्क किया। वहीं मंच से लेकर हेलीपेड तक सभी व्यवस्थाओं को भी पूरा किया गया है।

भाजपा जिलाध्यक्ष उदयगिरि गोस्वामी ने बताया कि मुख्यमंत्री भाजपा प्रत्याशी कंवर सिंह तंवर के समर्थन में चुनावी सभा को भी संबोधित करेंगे। शुक्रवार दोपहर 1:45 पर मुख्यमंत्री का हेलीकॉप्टर श्री वेंकटेश्वरा यूनिवर्सिटी में बने हेलीपैड पर उतरेगा। 1:55 पर मुख्यमंत्री कार्यक्रम स्थल पर पहुंचेंगे। करीब एक घंटे तक प्रबुद्ध सम्मेलन में संबोधित करेंगे। तीन बजे से 3:15 बजे तक समय आरक्षित रहेगा। 3:20 पर मुख्यमंत्री मुरादाबाद के लिए रवाना हो जाएंगे। गुरुवार को एएसपी राजीव सिंह ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यक्रम की तैयारियों का निरीक्षण किया।

## एक नजर

### गांव में मारपीट के मामले में 28 पर रिपोर्ट दर्ज

**डिडौली, अमृत विचार :** ग्राम मूढ़ाइम्मा में पुलिस ने शांतिभंग के मामले में दो पक्षों के आठ नामजद व 20 अज्ञात के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है। गांव में 25 मार्च की दोपहर डिडौली पुलिस को विवाद की सूचना मिली थी। पुलिस घटनास्थल पर पहुंची तो देखा कि गांव के दो पक्ष मारपीट कर रहे थे। इससे गांव के लोग भयभीत होकर घरों में घुस गए थे। पुलिस मौके पर पहुंची तो मारपीट कर रहे आरोपी फरार हो गए। पुलिस ने शाकिर, खुर्शीद, फैद, कैफ व 10 अन्य अज्ञात व दूसरे पक्ष के शमीम उर्फ शमूम, अच्छन समेत 10 अन्य अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### बाग स्वामी व ठेकेदार पर पेड़ काटने पर रिपोर्ट

**नौगांवा सादात, अमृत विचार :** कस्बा नौगांवा सादात में मोहल्ला अलीनगर से सटे बाग में आम और जामुन के 18 पेड़ों को काट दिया था। वन क्षेत्राधिकारी राजीव वर्मा व वन दरोगा केपी सिंह ने थाना नौगांवा सादात में हसन अब्बास, कौशर रजा, अली अख्तर पुत्र आबिद हसन नौगांवा सादात, जिया मेहंदी मोहल्ला शाहफरीद नौगांवा सादात व ठेकेदार फैजी पुत्र गौहर अब्बास, महावीर पुत्र जीवराज अलीनगर नौगांवा सादात पर मामला दर्ज कराया है।

### दो लोगों पर अश्लील हरकत का आरोप

**हसनपुर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव निवासी महिला ने होली के दिन गांव के दो लोगों पर अश्लील हरकत करने व विरोध पर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में तहरीर दी है। आरोपियों द्वारा घर में रखे 15,000 रुपये ले जाने का आरोप भी पीड़िता ने लगाया है। प्रभारी निरीक्षक सनोज कुमार ने बताया कि मामले की जांच-पड़ताल की जा रही है।

### युवक ने महिला से की छेड़छाड़, लोगों ने पीटा

**गजरौला, अमृत विचार :** महिला से छेड़छाड़ करना युवक को भारी पड़ गया। लोगों ने युवक को पीट दिया। इंदिरा चौक पर एक महिला रेलवे स्टेशन मार्ग की तरफ जा रही थी। तभी रास्ते में युवक ने उससे छेड़खानी शुरू कर दी। इस पर महिला ने हंगामा किया। इससे लोगों की भीड़ जमा हो गई। राहगीरों ने आरोपी को पकड़कर लिया और उसे पीटा। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया मामले में तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## दानिश अली के पोस्टर चिपकाने में रिपोर्ट दर्ज

**अमरोहा, अमृत विचार :** आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के मामले में रिपोर्ट दर्ज की गई है। सपा-कांग्रेस गठबंधन के प्रत्याशी व मौजूदा सांसद दानिश अली के पोस्टर लगाने को लेकर ईओ की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

अमरोहा लोकसभा सीट के लिए जिले में 26 अप्रैल को मतदान होना है। इसी बीच शरारती तत्वों ने नौगांवा सादात क्षेत्र के खेड़ी मोड पर यात्री शेड पर सपा-कांग्रेस गठबंधन प्रत्याशी व सांसद दानिश अली के पोस्टर चस्पा कर दिए। इसकी जानकारी पर नगर पंचायत के ईओ सलिल भारद्वाज मौके पर पहुंचे और पोस्टरों को रंग से पुतवा दिया। प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि ईओ की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ आचार संहिता उल्लंघन के मामले में रिपोर्ट दर्ज की गई है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि आरोपी को सीसीटीवी कैमरे की वीडियो के आधार पर गिरफ्तार किया जाएगा।



अमरोहा में वाहनों की चेकिंग करती पुलिस। ● अमृत विचार

## 10 दिनों में पुलिस ने किया 3,573 वाहनों का चालान

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव को लेकर यातायात पुलिस ने वाहनों की चेकिंग की। पुलिस ने 10 दिन में 3,573 वाहनों के चालान किए।

गुरुवार को पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जिले भर में चलाए यातायात नियमों का पालन कराने के लिए अभियान में ट्रैफिक पुलिस ने 24 से अधिक वाहनों के चालान किए। चार पहिया वाहनों पर लगी ब्लैक फिल्म को उतारा। पुलिस ने वाहनों से सायरन भी उतरवाए। ट्रैफिक इंचार्ज विनोद कुमार बाजपेई ने बताया की ट्रैफिक पुलिस ने वाहन चालकों को रोककर यात्रा नियमों के प्रति जागरूक किया। उनको बताया कि बिना हेलमेट एवं सीट बेल्ट न लगाकर वाहन चलाने पर उनकी जानमाल को खतरा हो सकता है। इसलिए वह हेलमेट और सीट बेल्ट लगाकर वाहनों का प्रयोग करें।

## मीट कारोबारी, परिजनों पर गैंगस्टर की कार्रवाई

**अमरोहा, अमृत विचार :** पुलिस ने मीट कारोबारी और उसके परिवार के नौ लोगों पर गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की है। पुलिस ने आरोपी दानिश व उसके भाई का चालान कर दिया है।

नगर कोतवाली क्षेत्र में पुलिस ने कुछ दिनों पहले मोहल्ला घेर पछछेया में आबादी के बीच मवेशियों का कटान पकड़ा था। वहां एक घर के भीतर ही कटान हो रहा था। पुलिस ने मौके से तीन क्विंटल मीट व कटान में इस्तेमाल होने वाले उपकरण बरामद किए थे। तब मामले में मीट कारोबारी दानिश समेत उसके पिता व अन्य परिवार वालों पर रिपोर्ट दर्ज की गई थी। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार तिवारी ने बताया कि कार्रवाई के बाद भी आरोपी अवैध कटान कर रहे थे। इन पर गैंगस्टर एक्ट का मामला दर्ज किया गया है। इसके बाद आरोपी दानिश और उसके भाई को गिरफ्तार कर चालान कर दिया गया है।

## कलेक्ट्रेट परिसर की सुरक्षा जांची

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के नामांकन प्रक्रिया को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए कलेक्ट्रेट की सुरक्षा व्यवस्था का पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह ने निरीक्षण किया। पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों को सुरक्षा व्यवस्था सख्त रखने के निर्देश दिए।

गुरुवार को लोकसभा चुनाव की नामांकन प्रक्रिया के शुरू होने पर पुलिस अधीक्षक ने नामांकन स्थल कलेक्ट्रेट परिसर का सुरक्षा को लेकर जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने बैरिकेडिंग, कंट्रोल रूम, सीसीटीवी कैमरे और सुरक्षा उपकरणों और पार्किंग व्यवस्था का जायजा लिया। पुलिस अधीक्षक ने ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा जारी की गई गाइडलाइंस को शत प्रतिशत पालन कराया जाए। नामांकन के लिए आने वाले सभी प्रत्याशियों की चेकिंग के बाद ही अंदर भेजा जाए। कहा कि प्रत्याशी के समर्थकों को निश्चित दूरी पर ही रोक दिया जाए। साथ ही आचार संहिता का उल्लंघन करने वालों पर तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।



कलेक्ट्रेट परिसर में सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण करते पुलिस अधीक्षक।

**तैयारी**

- बैरिकेडिंग, कंट्रोल रूम सीसीटीवी कैमरे की जांच की
- प्रत्याशी के समर्थकों को बाहर रोकने के दिए निर्देश



हसनपुर में परीक्षा प्रमाण पत्र दिखातीं छात्राएं और साथ में शिक्षिकाएं। ● अमृत विचार

## कक्षा नौ में नीलम, 11वीं में पल्लवी प्रथम

संवाददाता, हसनपुर

- कन्या इंटर कॉलेज का वार्षिक परीक्षाफल वितरित

**अमृत विचार :** गुरुवार को पुरुषोत्तम शरण राममूर्ति सरस्वती कन्या इन्टर कॉलेज में वार्षिक परीक्षाफल का वितरण किया। जिसमें कक्षा छह में सलोनी प्रथम, वंश द्वितीय एवं दिव्यांशी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

कक्षा सात में दीपिका प्रथम, दीपिका द्वितीय व ऋषिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा आठ में हिमांशी प्रथम, अंशिका गौण द्वितीय एवं वैष्णवी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा नौ में नीलम प्रथम, जिया प्रकाश द्वितीय एवं संजुल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 11 में पल्लवी प्रथम, प्रिया द्वितीय एवं खुशी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी छात्र छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर इनरव्हील क्लब आस्था की अध्यक्षा डोली अग्रवाल व विद्यालय की प्रबंधिका दीपाली अग्रवाल, अध्यक्षा रेनू अग्रवाल, प्रधानाचार्या अंकिता शर्मा, नेहा रस्तौगी, अंकित चौहान, अशोक कुमार, उमा, नीतू आंचल अल्बर्ट आदि मौजूद रहे।

## संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत, तहरीर दी

संवाददाता, हसनपुर

**दुखद**

- महिला के परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप
- डेढ़ साल पहले हुई थी शादी मृतका के पिता ने दी तहरीर

**अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत हो गई। महिला के परिजनों ने ससुराल पक्ष पर हत्या का आरोप लगाते हुए कोतवाली में तहरीर दी है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव रझौहा निवासी अतर सिंह ने लगभग डेढ़ वर्ष पहले बेटी प्रीति की शादी ग्राम नंगलिया मुंशी निवासी नरेंद्र के साथ की थी। बुधवार को प्रीति घर में अकेली थी तभी उसकी तबीयत खराब हो गई और परिजन उसे निजी चिकित्सक के यहां आए। जहां चिकित्सक ने प्रीति को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर प्रीति के मायके वाले भी गांव पहुंचे और उन्होंने ससुराल पक्ष पर बेटी की हत्या करने का आरोप लगाना शुरू कर दिया। मृतका के पिता अतर सिंह ने पति सहित चार लोगों के खिलाफ कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने तहरीर लेकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका के चाचा राधेश्याम ने बताया कि शादी के कुछ समय बाद से ही ससुराल पक्ष दहेज के लिए प्रीति को प्रताड़ित करता था। तब समाज के कुछ लोगों द्वारा दोनों पक्षों में समझौता कर दिया था। वरिष्ठ उप निरीक्षक शोकेंद्र सिंह बालियान ने बताया कि मृतका के पिता ने तहरीर दी है। शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## थाने के पास फायरिंग और मारपीट

संवाददाता, मंडी धनौरा

**अमृत विचार :** थाने से कुछ कदमों की दूरी पर कुछ युवकों ने फायरिंग कर दहशत फैला दी। मामला निजी बैंककर्मी के पुराने विवाद से जुड़ा बताया जा रहा है। जबकि पुलिस फायरिंग से इनकार कर रही है।

बुधवार देर रात शहर में थाना मार्ग पर पुलिस को दो राउंड फायरिंग होने की सूचना मिली। जानकारी पर आनन-फानन कस्बा चौकी पुलिस मौके पर पहुंची। वहां मौजूद लोगों से पूछताछ की गई। लेकिन मौके पर फायरिंग किए जाने से पुलिस ने इनकार किया। थाना प्रभारी निरीक्षक रविंद्र प्रताप सिंह के मुताबिक बुधवार रात फायरिंग की सूचना सिद्धार्थ शर्मा नाम के युवक ने पुलिस को दी थी। सिद्धार्थ निजी बैंक में कार्यरत है। उसका आरोप है कि कुछ युवकों ने उसे देखकर पहले फायरिंग और फिर मारपीट की। वहीं, स्थानीय लोगों से पूछताछ में फायरिंग की बात गलत निकली। बताया कि मामला बैंककर्मी के किसी पुराने विवाद से जुड़ा है। कार्रवाई के लिए तहरीर मांगी गई है। तहरीर के आधार पर आगे जांच व कार्रवाई की जाएगी।




## मास्टर ट्रेनर्स का तीसरा प्रशिक्षण सम्पन्न

**अमरोहा, अमृत विचार :** मुख्य विकास अधिकारी अश्विनी कुमार मिश्र की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में मास्टर ट्रेनर्स को तीसरा व अंतिम प्रशिक्षण दिया।

सीडीओ अश्विनी कुमार मिश्र ने बताया कि प्रशिक्षण में सभी मास्टर ट्रेनर को प्रशिक्षित कर दिया है। अब मास्टर ट्रेनर लिटिल स्कॉलर्स अकादमी में पीठासीन अधिकारी और मतदान अधिकारियों का प्रशिक्षण देंगे। मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि प्रशिक्षणर्थियों को सीआरसी, मॉकपोल सीयू, बीयू, वीवीपैट के खराब होने पर क्या करेंगे , मतदाता रजिस्टर मत पत्रलेखा, चैलेंज वोट, मतदाता पर्ची का सील बंद लिफाफा को लेकर निर्देश दिए है। मतदान की समाप्ति पर क्लोज बटन दबाना, प्रोक्सी वोटर सहित विभिन्न समस्याओं के बारे में बताया गया। अंत में अधिकारियों और मास्टर ट्रेनर्स को शपथ भी दिलाई। इस दौरान बीएसए, डीआईओएस, जिला पंचायत राज अधिकारी मौजूद रहे।



मतदाता जागरूकता की शपथ लेते छात्र-छात्राएं व शिक्षक। ● अमृत विचार

## छात्र-छात्राओं को दिलाई मतदान की शपथ

संवाददाता, गजरौला

- मतदाता जागरुकता को लेकर दस्तक कार्यक्रम आयोजित

**अमृत विचार :** नगर के शिव इंटर कॉलेज गजरौला में मतदाता जागरुकता अभियान के अंतर्गत प्रत्येक मतदाता पहुंचने और दस्तक अभियान का आयोजन गुरुवार को किया गया।

गुरुवार को इण्टर कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. शलभ भारद्वाज ने विद्यार्थियों को मतदान की शपथ दिलाई और मतदाताओं से संपर्क किया।

उन्होंने विशेषकर पहली बार मतदाता बने युवाओं और छात्रों से संपर्क कर उन्हें मतदान की महत्ता बताते हुए लोकतंत्र के महापर्व में भाग लेने का आह्वान किया गया। प्रबंधक सुभाष भूषण शर्मा ने कहा कि हम सबके मतदान से लोकतंत्र मजबूत होता है। हम सभी को मतदान अवश्य करना चाहिए। इस मौके पर गगन अग्रवाल, शरद शर्मा, जसपाल, नरेंद्र, नरेश दत्त शर्मा, विशाल अग्रवाल, शैलेंद्र, हरिओम शर्मा, जयविंदर, उपस्थित रहे।

## यूपी बोर्ड की 1197 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन शेष

**अमरोहा, अमृत विचार :** जिले में तीन केंद्रों पर हो रहा यूपी बोर्ड उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन लगभग संपन्न हो गया है। अब महज एक केंद्र पर मूल्यांकन जारी है।

यूपी बोर्ड की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के लिए चार केंद्रों को चयनित किया गया था। जिन पर 3,82,530 उत्तर पुस्तिकाएं मिली थीं। गुरुवार तक अधिकतर उत्तर पुस्तिकाएं जांची जा चुकी हैं। जबकि एक केंद्र पर 1197 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन शेष है। डीआईओएस विष्णु प्रताप सिंह ने बताया कि जेएस हिंदू इंटर कॉलेज, आईएम इंटर कॉलेज, एकेके इंटर कॉलेज में मूल्यांकन कार्य संपन्न हो गया है। जबकि राजकीय इंटर कॉलेज केंद्र पर मूल्यांकन कार्य जारी है। यहां भी मूल्यांकन कार्य जल्द ही संपन्न हो जाएगा।

# ससुराल में युवक की मौत, पिता ने लगाया जहरीला पदार्थ देकर हत्या करने का आरोप

## मुरादाबाद जिले के गांव मानपुर नारायणपुर का युवक पत्नी व बच्चे को लेने गया था

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** सदर कोतवाली क्षेत्र में पत्नी को लेने आए मुरादाबाद जिले के गांव मानपुर नारायणपुर निवासी युवक की ससुराल में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजनों ने ससुराल वालों पर जहरीला पदार्थ देकर इकलौते बेटे की हत्या करने का आरोप लगाया है।



मुरादाबाद जिले के गांव मानपुर नारायणपुर निवासी जयवीर ठाकुर ने बताया कि इकलौते बेटे मोहित ठाकुर 28 वर्ष की शादी सात वर्ष पहले सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव टांडा शेखूपुरा निवासी काजल के साथ हुई थी। दंपती पर पांच साल का बेटा ध्रुव ठाकुर है। बुधवार को मोहित ठाकुर डेयरी पर काम करने गया था। काजल बेटे ध्रुव के साथ सोने चांदी के जेवर, नकदी लेकर ससुराल वालों को बिना बताए अपने मायके आ गई। दोपहर बाद घर पहुंचकर मोहित ठाकुर ने पत्नी व बेटे के बारे में अपनी मां से पूछताछ की। फोन पर बेटे व पत्नी काजल के अपने मायके में होने की जानकारी मिलने पर मोहित आनन फानन में बाइक से ससुराल आ गया। आरोप है कि यहां पानी पीते ही मोहित को उल्टियां आने लगीं। जमीन पर पड़ा देखकर पड़ोसियों ने मोहित को उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराकर परिजनों को सूचना दी। सूचना मिलने पर परिजन इससे पहले मौके पर पहुंचते मोहित ठाकुर की मौत हो गई। इकलौते बेटे की मौत होने से परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने जहरीला पदार्थ पिलाकर मोहित की हत्या करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने देर शाम पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम को भेज दिया। परिजन गुरुवार को बिना तहरीर दिए पोस्टमार्टम कराकर बेटे का शव घर लेकर चले गए।



छात्र की हत्या के बाद बिलखती परिवार की महिलाएं। ● अमृत विचार

### छात्र की हत्या में पिता व पुत्रों पर रिपोर्ट दर्ज, आरोपी फरार

**संभल, अमृत विचार :** हयातनगर थाना क्षेत्र में पुरानी रंजिश के चलते विवाद के दौरान छात्र को चाकू मारकर हत्या करने के मामले में पुलिस ने पिता और दो पुत्रों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। आरोपी फरार हैं। पुलिस की मौजूदगी में अंतिम संस्कार हुआ। थाना क्षेत्र के गांव महौरा लखूपुरा निवासी बीए के छात्र राहुल यादव (18 वर्ष) पुत्र रंगरेस की पुरानी रंजिश के चलते बुधवार को देर शाम विवाद के दौरान चाकू मारकर हत्या कर दी गई थी। बचाने के प्रयास में राहुल यादव के ताऊ करूं और तहेरे भाई रविंद्र उर्फ रप्पू को चाकू मारकर घायल किया गया था। पुलिस ने राहुल यादव के ताऊ अमरपाल की तहरीर पर आरोपी तेजपाल, इसके बेटे विरलेश और वीकेश के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। गुरुवार को परिजनों ने राहुल के शव का अंतिम संस्कार कर दिया। अंतिम संस्कार के दौरान असमोली से सपा विधायक पिंकी यादव के पति प्रमोद यादव, पूर्व जिला पंचायत सदस्य जाकिर खान और विधानसभा अध्यक्ष ताहिर उल्ला खां ने भी राहुल के परिजनों को सांत्वना दी।

## एक नजर

### मारपीट कर रहे दो लोगों सहित तीन गिरफ्तार

**धनारी, अमृत विचार :** धनारी थाना क्षेत्र के गांव आर्थल निवासी वीरेंद्र व गांव के ही मुकेश की बीच किसी बात को लेकर पुरानी रंजिश चली आ रही है। गुरुवार को मुकेश व वीरेंद्र पुरानी रंजिश को लेकर आमने सामने आ गए और गाली गलौज करते हुए एक दूसरे के साथ मारपीट करने लगे। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने वीरेंद्र व मुकेश को गिरफ्तार कर लिया। दूसरी ओर थाना क्षेत्र के गांव गढ़ा निवासी मोरध्वज उर्फ एमडी के सूचना मिलने पर पुलिस ने डीपी यादव फार्म के पास से हिरासत में ले लिया।

### हम सब की जाति मनुष्य और हमारा धर्म वेद

**संभल, अमृत विचार :** राष्ट्रीय आर्य वीर दल की ओर से महर्षि दयानंद सरस्वती की 200 वीं जयंती के मौके पर गुरुवार को संभल विकासखंड के गांव में आयोजित यज्ञ कार्यक्रम में जीवन में पांच यज्ञों का होना आवश्यक बताया गया। ठिलूपुरा में हनुमान मंदिर पर गुरुवार को आयोजित यज्ञ के दौरान आचार्य धर्मवीर आर्य ने कहा कि यज्ञ मानव जीवन के कल्याण का कार्यक्रम है। बताया कि जीवन में पांच यज्ञों का होना आवश्यक है। जैसे ब्रह्म यज्ञ, देव यज्ञ, वली वेश्या यज्ञ वेश्याज, पित्र यज्ञ और अथिति यज्ञ। कार्यक्रम संजोयक आर्य भोले सिंह त्यागी ने कहा कि इन पांच यज्ञों को मानव योनियों के लिए किया जाता है। इस दौरान होराम सिंह, तराना, आयुषी आर्य, केशव आर्य, अंकित त्यागी, रोहित भटनागर, जबर सिंह, आदि आदि रहे।

### तमंचा व चरस बरामद, दो लोग गिरफ्तार

**संभल/सिरसी, अमृत विचार :** नखासा व हजरतनगर गढ़ी थाना पुलिस ने गुरुवार को तमंचा व चरस बरामद कर दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया। नखासा थाना क्षेत्र के मुहल्ला शहबाजपुर खुर्द निवासी अनस मुहल्ला में ही चरस बेचने के लिए ग्राहक का इंतजार कर रहा था। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने 310 ग्राम चरस बरामद कर अनस को गिरफ्तार कर लिया। हजरतनगर गढ़ी थाना क्षेत्र में ढहलिया तिराहा गांव मोमिनपुर के पास संदिग्ध व्यक्ति के खड़े होने की सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची और संदिग्ध से पूछताछ की। तलाशी लेने पर तमंचा बरामद हुआ तो पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस की पकड़ में आया व्यक्ति असमोली थाना क्षेत्र के गांव शाहपुर सोत निवासी औगार सिंह है।

# अवैध संबंधों को लेकर विवाद के बाद ग्रामीण ने दी जान

**संभल/कैलादेवी, अमृत विचार :** कैलादेवी थाना क्षेत्र में महिला के साथ अवैध संबंधों को लेकर बुधवार को परिजनों से विवाद होने के बाद ग्रामीण का शव गुरुवार को जंगल में बने मचान से रस्सी के फंदे पर लटका मिला। परिजनों ने बिना पुलिस को सूचना दिए शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 45 वर्षीय ग्रामीण बीरेश का गांव की ही महिला के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था।

इसी बात को लेकर कई दिनों से ग्रामीण का अपने परिजनों से विवाद चल रहा था। बुधवार की शाम विवाद होने के बाद ग्रामीण जंगल की ओर गया। देर रात तक वापस नहीं लौटा तो परिजनों ने उसकी तलाश की, लेकिन पता नहीं चला।

गुरुवार की सुबह खेतों पर काम करने जा रहे लोगों ने ग्रामीण को जंगल में बने मचान पर रस्सी के फंदे पर लटका देखा।

सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे परिजनों ने फंदा खोलकर ग्रामीण को नीचे उतारा। तब तक उसकी को मौत हो चुकी थी।

## सार-संक्षेप

### पुलिस और एसएसबी के जवानों ने किया पैदल मार्च

**असमोली/ओबरी, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव को लेकर असमोली क्षेत्र के कई गांवों में पुलिस और एसएसबी जवानों ने पैदल मार्च किया। लोगों को सुरक्षा का अहसास दिलाते हुए निर्भीक होकर मतदान करने का संदेश दिया। गुरुवार को असमोली थाना प्रभारी हरीश कुमार ने पुलिस एवं एसएसबी जवानों के साथ क्षेत्र के गांव राजा गालबपुर, खासपुर, हरथला, बिलालपत, मबई डोल में पैदल मार्च किया। पुलिस ने लोगों ने शांति व्यवस्था कायम रखने की अपील की। इस दौरान एसआई अजीत सिंह, संजय कुमार आदि मौजूद रहे।



सिरसी में परीक्षाफल के साथ बच्चे व उपस्थित अतिथि। ● अमृत विचार

### परीक्षाफल घोषित होने पर खिले छात्र छात्राओं के चेहरे

**संभल/सिरसी, अमृत विचार :** जवाहर लाल मेमोरियल नगर पंचायत इंटर कॉलेज सिरसी में प्रधानाचार्य रवींद्र कुमार शर्मा ने कक्षा 6, 7, 8, 9, 11 का वार्षिक परीक्षाफल घोषित किया। कक्षा छह ए के सौरभ कुमार ने सर्वाधिक 92 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। सफल छात्र एवं छात्राओं को आशीर्वाद देते हुए निरंतर सफलता हासिल करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विद्यालय के पूर्व संस्थापक प्रधानाचार्य राम सिंह के पुत्र राजीव कुमार ने कक्षा में प्रथम और द्वितीय स्थान पर आए छात्र छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। हिम्मत सिंह, नूरे हसन, शादाब आलम, चेतेंद्र भटनागर ने विचार रखे। परीक्षा प्रभारी महेश कुमार मौर्य, मीनू कुमारी ने धन्यवाद किया। संचालन मनोज कुमार रस्तोगी ने किया।



ओपीएल पब्लिक स्कूल में टॉपर बच्चे व मौजूद अतिथि। ● अमृत विचार

### मेहनत से भविष्य संवारने का काम करें बच्चे : नीलांशु

**संभल/सरायतरीन, अमृत विचार :** ओपीएल पब्लिक स्कूल हयातनगर का वार्षिक परीक्षाफल घोषित किया गया। नन्हें मुन्ने बच्चों को रिजल्ट कार्ड के साथ ट्राफी मिलीं तो चेहरे खिल उठे। गुरुवार को ओपीएल पब्लिक स्कूल हयातनगर में घोषित हुए परीक्षाफल के अनुसार कक्षा पीजी में मानवी और पर्व, एलकेजी में मान्या, निष्ठा और अरना, यूकेजी में झलक और अरनव, नर्सरी में अयांश और तेजस वार्ष्णेय, कक्षा एक में मरियम, कक्षा दो में शिवन्या, कक्षा तीन में अवनी वर्मा, कक्षा चार में अदीना, कक्षा पांच में पाखी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। स्कूल प्रबंधक नीलांशु वार्ष्णेय ने मेधावी बच्चों को रिजल्ट कार्ड और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। बच्चों को आगे भी मेहनत करके नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान प्रधानाचार्य शिवानी गुप्ता, शशि वार्ष्णेय, शोभित वार्ष्णेय, रेखा वार्ष्णेय, सोनल आर्य, आरती वार्ष्णेय, शालिनी वार्ष्णेय, संजना आर्य, शिखा प्रकाश, मोना वार्ष्णेय, सीमा आर्य, आरती सराफ, पारुल वार्ष्णेय, दीपा वार्ष्णेय आदि रहे।

### समाधि स्थल से अवैध कब्जा हटाने की मांग

**संभल, अमृत विचार :** हापुड़ जनपद के बक्सर में बाबा मस्तराम के समाधि स्थल की भूमि पर कब्जे का मामला तूल पकड़ने लगा है। समाज हित संरक्षण समिति ने जमीन से कब्जा न हटाये जाने पर धरना प्रदर्शन करने की चेतावनी दी है। समाज हित संरक्षण समिति के पदाधिकारी गुरुवार को गढ़मुक्तेश्वर पहुंचे। वहां तहसीलदार सीमा सिंह को ज्ञापन देर मांग की गई कि ग्राम गंगाधर उर्फ बक्सर में समाधि बाबा मस्तराम उदासीन की भूमि पर ग्राम के ही कई लोगों ने अवैध कब्जा कर लिया है। दबंगई तथा षड्यंत्र के तहत धर्मस्थल की जमीन पर दुकानें बना ली गई हैं। कहा गया कि जमीन को अवैध कब्जे से मुक्त कराकर अवैध कब्जा धारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाए। चेतावनी दी गई कि एक सप्ताह में समाधान नहीं होता है तो संस्था के लोग धरने पर बैठने को बाध्य होंगे। इस दौरान महंत भगवानदास शर्मा,जयपाल सिंह,चंद्रप्रकाश एडवोकेट,जोगेंद्र,महिपाल आदि उपस्थित रहे।

### मेडिकल स्टोर संचालक के नौकर से की मारपीट

**बहजोई, अमृत विचार :** मामूली विवाद के चलते मेडिकल स्टोर संचालक के घर में घुसकर नौकर के साथ मारपीट की। बमुश्किल मेडिकल संचालक ने नौकर को बचाया। अब मेडिकल स्टोर संचालक ने हमला करने वाले दो महिलाओं सहित तीन-चार अज्ञात लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने को लेकर थाना में तहरीर दी है। नगर के मोहल्ला कुम्हारान निवासी मेडिकल स्टोर संचालक सोम प्रकाश वार्ष्णेय का नौकर अवधेश पुत्र महेश पाल किसी कार्य को लेकर घर पर आया हुआ था। होली से एक दिन पहले नौकर के ऊपर गौरव के लड़के ने पानी डाल दिया था। जिसको लेकर कहासुनी हो गई थी। इसी को लेकर बुधवार को गौरव अपनी पत्नी गुंजन कथा माता कमलेश तथा तीन चार अज्ञात लोगों के साथ मेडिकल स्टोर संचालक के यहां आ धमके और घर में घुसकर उनके नौकर के साथ मारपीट की।

### जंगली जानवर की तलाश को लगेंगे सीसीटीवी कैमरे

**संभल, अमृत विचार :** पंवासा विकासखंड क्षेत्र में जंगली जानवर द्वारा पशुशाला में घुसकर गोवंशीय पशु पर हमले की घटना के बाद वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। वन विभाग की टीम ने जंगली जानवर की तलाश के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाने का ग्रामीणों को आश्वासन दिया है। विकासखंड क्षेत्र के गांव रुदायन निवासी डॉ. कोमल सिंह गुरुवार को बताया कि बुधवार की रात पशुशाला में जंगली जानवर घुस आया था। जंगली जानवर के हमले से गोवंशीय पशु घायल हो गया था। गोवंशीय पशु के रंभाने की आवाज को सुनकर नींद से जागकर टॉर्च जलाकर देखा तो जंगली जानवर चारपाई के पास निकलकर जा रहा था।

# नमाज पढ़कर लौट रहे रोजेदार को छुरा मार कर घायल किया

संवाददाता, गुन्नौर

**हमला**
- घायल रोजेदार को सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर किया
- दोनों पक्षों के युवक आपस में रिश्तेदार भी हैं

**अमृत विचार :** मस्जिद से नमाज पढ़कर लौट रहे रोजेदार को छुरे से हमला कर लहूलुहान कर दिया गया। घायल को सीएचसी से जिला अस्पताल संभल रेफर किया गया।

कस्बे के मोहल्ला मासूम अली निवासी मन्नान पुत्र भूरे गुरुवार दोपहर को जामा मस्जिद में जोहर की नमाज पढ़ने के बाद वापस लौटने लगा। आरोप है कि पहले से घात लगाकर बैठे दो युवकों ने मन्नान को रास्ते में घेरकर मारपीट शुरू कर दी। एक युवक ने मन्नान के सिर पर छुरे से हमला कर उसे लहूलुहान कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंच गई। पुलिस ने घायल मन्नान को सीएचसी में भर्ती कराया गया। डॉक्टर ने उपचार करते हुए गंभीर हालत में मन्नान को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। बताया गया कि दोनों पक्षों के युवक रिश्तेदार हैं। इनमें पहले से रंजिश चली आ रही है। इसी के चलते हमला हुआ। चौकी प्रभारी सत्येंद्र चौहान ने बताया कि तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

# दो बाइकों की टक्कर में तीन लोग गंभीर घायल

**संभल/धनारी, अमृत विचार :** धनारी थाना क्षेत्र में दो बाइकों की आमने-सामने से टक्कर में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सीएचसी रजपुरा से तीनों घायलों को रेफर कर दिया गया।

रजपुरा थाना क्षेत्र के गांव चंदू नगला निवासी मुकेश पुत्र हरि सिंह और राजेंद्र पुत्र वीरेंद्र बाइक से धनारी थाना क्षेत्र गांव भागनगर में होली मिलने जा रहे थे। जबकि राजघाट रोड बबराला निवासी अखिलेश पुत्र कल्लू बाइक द्वारा सामने से आ रहा था।

आर्थल पेट्रोल पंप के सामने दोनों बाइकों की भिड़ंत में तीनों लोग घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रजपुरा भेजा। वहां डॉक्टर उपचार करते हुए तीनों घायलों को गंभीर हालत में हायर सेंटर रेफर कर दिया।

# सांड़ ने रास्ते में हमला कर दो लोगों को किया घायल

कार्यालय संवाददाता, संभल/ओबरी

**हमला**
- ग्रामीणों ने आतंक मचा रहे सांड को पकड़वाने की उठाई मांग

**अमृत विचार :** असमोली थाना क्षेत्र में सांड़ ने हमला कर दो लोगों को घायल कर दिया। घायलों का निजी अस्पताल में उपचार कराया गया। ग्रामीणों ने सांड को पकड़वाने की मांग उठाई है।

थाना क्षेत्र के गांव मतावली पट्टी परशुराम उर्फ नया गांव निवासी सुरेश (40 वर्ष) पुत्र रामकुंवर बुधवार को रात करीब आठ बजे खाना खाने के बाद घर से टहलने के लिए निकला। जैसे ही सुरेश घर से कुछ दूरी पर पहुंचा तो रास्ते में खड़े सांड़ ने हमला कर दिया। शोर मचाने पर आसपास के लोगों ने किसी तरह सुरेश को बचाया। हमले में सुरेश घायल हो गया। करीब आधा घंटे बाद बलवीर (50 वर्ष) घर से दुकान पर कुछ सामान खरीदने जा रहा। अचानक सामने से आया सांड़ हमलावर हो गया। सांड ने बलवीर को सींग पर उठाकर उछाल दिया। बलवीर के चीखने पर लोगों ने लाठी डंडे लेकर किसी तरह सांड को भगाया। हमले में घायल हुए बलवीर और सुरेश को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। कल्लू खां, गिरधारी लाल, फरमान अली, मोहम्मद सालिम आदि ने सांड को पकड़वाने की मांग उठाई है।

# वर्दी पहनकर रौब दिखाने वाले के खिलाफ चार्जशीट दाखिल

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- दो मार्च को कोतवाली सिविल लाइन पुलिस ने आरोपी को पकड़ा था

**अमृत विचार :** पुलिस की वर्दी पहनकर खुद को सिपाही बताते हुए रौब झाड़ने वाले और उगाही के फिराक में लगे युवक के खिलाफ पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की थी। दो मार्च को रंगेहाथ पकड़कर जेल भेजा था। पुलिस ने विवेचना के बाद आरोपी के खिलाफ कोर्ट में चार्जशीट दाखिल कर दी है। सिविल लाइन पुलिस को दो मार्च को सुबह सूचना मिली कि वर्दी पहने एक युवक मुरादाबाद-फर्रुखाबाद राजमार्ग स्थित पटेल चौक प्रिंस ढाबे पर है। जो खुद को सिपाही बताते हुए लोगों पर रौब झाड़ता घूम रहा है। लगता है कि वह किसी से वसूली करने की फिराक में है। प्रभारी निरीक्षक गौरव विश्नोई पुलिस बल के साथ पटेल चौक पहुंचे। जहां एक युवक पुलिस की वर्दी पहने खड़ा था। वह प्रभारी निरीक्षक को देखकर सकपका गया। मांगने पर उसने पुलिस का परिचय पत्र दिखाया। प्रभारी निरीक्षक ने जांच की तो परिचय पत्र फर्जी निकला। युवक ने अपना नाम जिला बागपत के थाना सिंघावली अहीर क्षेत्र के गांव रामनगर निवासी हरीश गिरी पुत्र राजेश गिरी बताया। उसके पास से एक कार बरामद हुई। प्रभारी निरीक्षक उसे हिरासत में लेकर कोतवाली आए। पुलिस ने उसका मोबाइल फोन में फोटो चेक किए तो हैरत में आ गए। कई उपनिरीक्षक और पुलिस की गाड़ियों के साथ उसके फोटो थे। पुलिस ने आरोपी हरीश गिरी के खिलाफ धोखाधड़ी, लोकसेवक की पोशाक का प्रयोग करने, कूटरचना आदि के आरोप में रिपोर्ट दर्ज करके जेल भेज दिया था।

# तकनीकी जानकारी लेकर परिपक्व हों मास्टर ट्रेनर

**बहजोई, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के लिए मास्टर ट्रेनर्स का सामान्य व ईवीएम तकनीकी जानकारी के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसमें निर्वाचन आयोग के नियमों से रूबरू कराया गया। ईवीएम की तकनीकी जानकारी भी दी गई।

कलेक्ट्रेट सभागार में प्रशिक्षण के प्रथम दिन भूमि संरक्षण अधिकारी ओंकार सिंह, बीएसए चंद्रशेखर, आईटीआई के प्रधानाचार्य एसके वार्ष्णेय ने ईवीएम की तकनीकी जानकारी दी। वहीं बैलेट यूनिट ,कंट्रोल यूनिट, वीवीपैट आदि के विषय में प्रशिक्षण दिया। सीडीओ भरत कुमार मिश्रा ने मास्टर ट्रेनरों से कहा कि मेहनत से प्रशिक्षण पूर्ण करें ताकि प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद अच्छे से पीठासीन व अन्य कार्मिकों को प्रशिक्षित कर सकें। डीएम मनीष बंसल ने इन कार्यों को लेकर जानकारी प्राप्त की।

# मतदान के प्रति जागरूक करने की शपथ दिलाई

कार्यालय संवाददाता, संभल/जुनावई

**अमृत विचार :** एसडीएम गुन्नौर ने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों, आशाओं, सफाई कर्मचारियों और पंचायत सहायकों को लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान के लिए मतदाता जागरूकता अभियान के तहत शपथ दिलाई। संचारी रोग नियंत्रण अभियान और दस्तक कार्यक्रम के बारे में भी जानकारी दी।

गुरुवार को जनता इंटर कालेज जुनावई में एसडीएम रमेश बाबू की अध्यक्षता में बैठक हुई। जिसमें कहा गया कि लोकसभा चुनाव में युवाओं से लेकर बुजुर्ग मतदाता अधिक से अधिक हिस्सा लेकर मतदान करें। इसके लिए जिम्मेदारी बनती है कि घर-घर जाकर मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक किया जाए। एसडीएम ने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों, आशाओं, सफाई कर्मचारियों और पंचायत सहायकों को शपथ दिलाई।



मतदान करने की शपथ दिलाते एसडीएम रमेश बाबू। ● अमृत विचार

- संचारी रोग नियंत्रण अभियान और दस्तक कार्यक्रम के बारे में भी जानकारी दी

वहीं संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक रोग की रोकथाम के लिए एक अप्रैल से 31 अप्रैल तक विशेष अभियान चलने की जानकारी दी। कहा कि अभियान को सफल बनाने में अहम भूमिका निभायें। सफाई कर्मचारी गांव में सफाई का विशेष ध्यान रखें। बीडीओ अखिलेश कुमार ने कहा कि ग्राम पंचायतों में स्वास्थ्य टीकाकरण में विशेष योगदान दिया जाए। गर्भवती महिलाओं का रजिस्ट्रेशन कराएं ताकि उन्हें योजनाओं का लाभ मिल सके। इस दौरान चिकित्सा अधीक्षक डॉ. नरेश यादव, बीईओ विनोद मेहरा, एडीओ पंचायत कुलदीप कुमार, एडीओ कृषि दलवीर सिंह, ग्राम पंचायत सचिव अक्षय कुमार, नासिर, कुलदीप शर्मा आदि रहे।

# डाक मत पत्र से वोट दे सकेंगे 12 विभाग के कर्मी

संवाददाता, बहजोई

**अमृत विचार :** निर्वाचन आयोग प्रत्येक मतदाता को मताधिकार का प्रयोग करने व मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर पूरा प्रयास कर रहा है। अब जिला निर्वाचन अधिकारी ने 12 ऐसे विभागों के कर्मचारियों को डाक पत्र से मतदान करने का अवसर प्रदान किया है। सूची जारी करते हुए 16 अप्रैल तक आवेदन विभागों के अधिकारी व कर्मचारियों से मांगे हैं।

मतदान के दिन इमरजेंसी ड्यूटी पर रहने वाले अधिकारी व कर्मचारी मतदान के दिन लोकतंत्र के पर्व में कैसे मतदान करें। इसके लिए उनके मन में भी उत्सुकता रहती थी। वह केवल अपनी ड्यूटी तक रह जाते थे। अब निर्वाचन आयोग ने उनके लिए डाक मत पत्र से मतदान करने की सुविधा दी है। वह भी लोकसभा चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकते हैं। उनके लिए डाक मत पत्र दिए जाएंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी ने पत्र जारी करते हुए इन विभागों के अधिकारी व कर्मचारियों से कहा है कि डाक मतपत्र के जरिए अपने मत का प्रयोग करने के लिए वह अपना आवेदन निर्धारित प्रारूप 12 डी के साथ 16 अप्रैल तक विधिवत रूप से भरकर अपने विभाग के नोडल अधिकारी से सत्यापित कराकर रिटर्निंग ऑफिसर लोकसभा संभल स्थित कलेक्ट्रेट बहजोई को उपलब्ध करा दें। यदि ऐसे मतदाता डाक मत पत्र के माध्यम से अपने मत का प्रयोग करने के लिए अपना आवेदन भर कर भेजते हैं तो उन्हें निर्धारित दिनांक पर पोस्टल वोट सेंटर पर ही अपना मत पत्र देना होगा। ऐसे मतदाता मतदान के दिन मत नहीं डाल सकेंगे।

### इन्हें डाक मत पत्र से मतदान की मिलेगी छूट

**बहजोई।** स्वास्थ्य विभाग के फैमिली वेलफेयर इमरजेंसी व एंबुलेंस सर्विस, डाक विभाग, यातायात विभाग, रेलवे, बिजली विभाग, मेट्रो रेल कॉरपोरेशन उत्तर प्रदेश, दूरदर्शन, ऑल इंडिया रेडियो, भारत संचार निगम लिमिटेड तथा मीडिया कर्मचारी भी इसमें शामिल होंगे। सभी अधिकारी व कर्मचारी इन विभागों के नोडल अधिकारी से सत्यापित प्रारूप देकर ही डाक मत पत्र का प्रयोग पोस्ट बैलेंस सेंटर पर कर सकेंगे। ऑथराइज्ड मीडिया कर्मियों को भी छूट दी गई है।

> निर्वाचन आयोग की ओर से 12 विभागों की सूची जारी की गई है। इन विभागों में तैनात अधिकारी व कर्मचारी डाक पत्र के माध्यम से अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। उन्हें पोस्टल वोट सेंटर पर अपना मत देना होगा। मतदान के दिन वह मत नहीं डाल सकेंगे। दिए गए निर्धारित प्रारूप को भरकर नोडल अधिकारी से सत्यापित कराकर इन 12 विभागों के कर्मचारी आवेदन कर सकते हैं।
>
> – **मनीष बंसल**, जिला निर्वाचन अधिकारी, संभल।

# अवैध गैस रिफिलिंग के कारोबार का भंडाफोड़, रिपोर्ट दर्ज कराई

कार्यालय संवाददाता, संभल/जुनावई

- डीएसओ द्वारा गठित टीम ने पकड़ा अवैध कारोबार

**अमृत विचार :** डीएसओ द्वारा गठित जांच टीम ने छापेमारी कर जुनावई में अवैध गैस रिफिलिंग कारोबार का भंडाफोड़ किया। मौके पर सिलेंडर व अन्य सामान बरामद हुआ। कारोबारी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

अवैध गैस रिफलिंग की सूचना पर जिलाधिकारी मनीष बंसल ने कार्रवाई के निर्देश दिए। डीएसओ शिवि गर्ग ने जांच के लिए पूर्ति निरीक्षक संभल सजनलाल गुप्ता, पूर्ति निरीक्षक बनियाखेड़ा ललित कुमार की टीम गठित की। बुधवार को टीम ने जुनावई चौराहा पर बताए गए स्थान पर छापेमारी की। वहां विजयपाल निवासी जुनावई दो वाहनों में मशीन से घरेलू गैस सिलेंडर से गैस की अवैध रिफिलिंग करता मिला। अधिकारियों ने दोनों गैस रिफलिंग मशीनों को सिलेंडरों से हटवाया। दोनों सिलेंडर इण्डेन कंपनी के थे। एक सिलेंडर में तीन किलो और दूसरे सिलेंडर में चार किलो गैस मिली। इनके अलावा मौके पर पांच सिलेंडर (दो इण्डेन कंपनी एक भरा और एक खाली, एचपीसीएल कंपनी के दो खाली सिलेंडर, बीपीसीएल कंपनी का एक सिलेंडर तीन किलो गैस), पांच किलो क्षमता के दो व्यवसायिक सिलेंडर खाली, दो इलेक्ट्रॉनिक रिफलिग मशीन, एक काँटा, दो बाट पांच किलो, दो बाट 10 किलो के मिले। मामले में विजयपाल को पेट्रोलियम गैस (प्रदाय एवं वितरण विनियम) आदेश 2000 का उल्लंघन का दोषी पाते हुए उसके खिलाफ धारा 3/7 के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कराया गया।

# क्षय रोगियों को पोषण किट बांटी

संवाददाता,बहजोई

**अमृत विचार :** विश्व क्षयरोग दिवस पर कार्यक्रम में टीबी रोगियों को पोषण किट वितरण की गई। इस दौरान गोष्ठी में क्षय रोग के लक्षण और इलाज पर चर्चा की गई।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में सीएमओ डॉ. तरन्नुम रजा ने 5 मरीजों को पोषण किट का वितरण किया। सीएमओ ने इस पहल को क्षय रोगियों को सही पोषण और उपचार की दिशा में मदद पहुंचाने का उद्देश्य बताया। उन्होंने भी इस प्रयास को एक महत्वपूर्ण कदम मानते हुए कहा कि क्षय रोग के खिलाफ जन जागरूकता बढ़ाने के लिए सतत प्रयासरत रहेंगे।डीटीओ डा. सन्तोष कुमार ने क्षय रोग पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि जिन व्यक्तियों में पोषण की कमी होती है, उनकी रोगों से लड़ने की क्षमता कमजोर हो जाती है। ऐसे व्यक्तियों को टीबी समेत तमाम संक्रामक रोग लगने का खतरा बढ़ जाता है। एसीएमओ डॉ पंकज विशनोई ने बताया दो सप्ताह से अधिक खांसी या बुखार, खांसी के साथ बलगम या खून आना, रात में सोते समय पसीना आना, थकान और कमजोरी, वजन कम होना, सीने में दर्द रहना टीबी के लक्षण हो सकते हैं। इस दौरान एसीएमओ डॉ. कुलदीप आदिम , एआरओ महेश गौतम , जिला समन्वयक पंकज यादव , एसटीएस विजयपाल सिंह, एसटीएलएस शाकिब खान आदि मौजूद रहे ।



रोगियों को किट का वितरण करती सीएमओ डा. तरन्नुम रजा। ● अमृत विचार

**विश्व क्षयरोग दिवस**
- गोष्ठी में क्षय रोग के लक्षण और इलाज पर चर्चा की गई
- रोग के खिलाफ जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रयासरत रहेंगे

## एक नजर

### तिहाड़ जेल में बंद मिला 25 हजार का इनामी

**मुजरिया,(बदायूं) अमृत विचार :** थाना मुजरिया पुलिस 25 हजार के इनामी अपराधी की तलाश कर रही थी। उसका पता लगाने में पुलिस को कामयाबी मिली है। वह तिहाड़ जेल में बंद है। मुजरिया थानाध्यक्ष आरती कौशिक ने बताया कि कोतवाली बिसौली क्षेत्र के मोहल्ला मल्यान नई बस्ती निवासी राशिद पुत्र असीर अहमद शातिर अपराधी है। जिसके चलते एसएसपी ने दो फरवरी को उस पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। वह दिल्ली के मुस्तफाबाद में रहता था। जहां लूट की घटना में वह तीन महीने पहले तिहाड़ जेल भेजा गया था।

### ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार दो युवक घायल

**विजय नगला, (बदायूं) अमृत विचार :** ट्रैक्टर की टक्कर लगने से बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। जनपद संभल के कस्बा बहजोई निवासी अर्जुन 35 वर्ष पुत्र महेंद्र प्रसाद, धर्मवीर 25 वर्ष पुत्र छोटेलाल बाइक से गुरुवार की शाम करीब सात बजे थाना बिनावर क्षेत्र के गांव बिलहत में अपने रिश्तेदारों से होली मिलने जा रहे थे। गांव सिकरोड़ी बिलहत रोड पर सामने से आलू की बोरी लदा ट्रैक्टर आ रहा था तभी दोनों की आमने-सामने की टक्कर हो गयी।

# दुष्कर्म के आरोप में कोर्ट ने 70 साल के वृद्ध को दोषी ठहराया

## 2021 में मानसिक कमजोर युवती को बनाया था हवस का शिकार

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी



**निर्णय**

- शुक्रवार (आज) अदालत सुनाएगी सजा
- चंद रुपयों का लालच देकर घर में बुला लिया था युवती को

**अमृत विचार :** मानसिक रुप से कमजोर युवती से दुष्कर्म करने के आरोप में 70 साल के वृद्ध को अदालत ने दोषी करार देकर फैसला सुरक्षित कर लिया है। मामला 2021 में थाना बनियाठेर के कस्बा नरौली का है। मुकदमा न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश रेप केसेस एंड पॉक्सो एक्ट संभल स्थित चन्दौसी में विचाराधीन था। सजा 29 मार्च (शुक्रवार) को सुनाई जाएगी।

पीड़िता के पिता ने सात जनवरी 2021 को थाना बनियाठेर पुलिस को तहरीर दी थी। जिसमें कहा गया था कि वह मजदूरी करके अपना व परिवार का भरण पोषण करता है। उसकी 23 वर्षीय पुत्री मानसिक रुप से कमजोर है और बिना बताए घर से निकल जाती थी। उसके परिचित मनीराम गुप्ता निवासी मोहल्ला साहूकारा कस्बा नरौली थाना बनियाठेर ने उसकी पुत्री को गली में आते देख चंद रुपयों का लालच देकर घर में बुला लिया। पुत्री भी मनीराम से परिचित थी और ताऊ बोलती थी। इसलिए बुलाने से घर में चली गयी थी। आरोप है कि मनीराम ने उसकी पुत्री के साथ दुष्कर्म किया। दुष्कर्म करने के बाद पांच रुपये देकर ये कह दिया कि घर मत बताना। अगर बताया तो तेरे पापा तेरी पिटाई करुंगा। इस भय से उसने घर कुछ नहीं बताया। कुछ दिनों बात सरकारी अस्पताल में जांच कराने पर रिपोर्ट में पता चला कि उसकी पुत्री 20 सप्ताह की गर्भवती है। काफी प्रयास के बाद पुत्री ने आरोपी का नाम मनीराम बताया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा धारा 376(2) आईपीसी के तहत मनीराम गुप्ता के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली थी। विवेचना के बाद साक्ष्य जुटा कर अदालत में आरोप पत्र दाखिल कर दिया था। गुरुवार को न्यायाधीश निर्भय नारायण राय ने आरोपी मनीराम गुप्ता को दोषी करार देते हुए फैसला सुरक्षित कर लिया है। आरोपी जिला कारागार में निरुद्ध है। दण्ड की अवधि पर सुनवाई हेतु पत्रावली 29 मार्च दिन शुक्रवार को अदालत में पेश की जाएगी।

# एसडीएम ने प्रतिबंधित पॉलीथिन की बिक्री को लेकर कसा शिकंजा

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार :** नगर पालिका कार्यालय पर ईओ (एसडीएम) ने पॉलीथिन व्यापारियों के साथ बैठक की। कहा कि व्यापारी प्रतिबंधित पॉलीथिन न बेचें। अगर ऐसा करते पकड़ा जाता है तो पॉलीथिन जब्त कर उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। एसडीएम ने शहरवासियों से अपने घर के पास सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने की अपील भी की।

गुरुवार सुबह 11 बजे नगर पालिका कार्यालय में एसडीएम नीतू रानी ने पॉलीथिन व्यापारियों के साथ बैठक की। जिसमें कहा कि सरकार की ओर से कुछ पॉलीथिन को प्रतिबंधित किया गया है। ऐसी पॉलीथिन हानिकारक सिद्ध हो रही है। अगर प्रतिबंधित पॉलीथिन को पशु खा लेता है, तो उसकी मौत तक हो सकती है। एसडीएम ने कहा कि अगर किसी व्यापारी की दुकान पर प्रतिबंधित पॉलीथिन पायी जाती है तो उसके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर गिरिराज किशोर, मुकेश कुमार, मोहित कुमार, निखिल वार्ष्णेय, पुलकित गुप्ता, मनीष गुप्ता आदि पॉलीथिन व्यापारी मौजूद रहे।



पॉलीथिन के व्यापारियों के साथ बैठक करतीं एसडीएम नीतू रानी। ● अमृत विचार

## सार-संक्षेप



जनसंपर्क के दौरान संबोधित करते भाजपा प्रत्याशी परमेश्वर लाल सैनी।

### जनसंपर्क के दौरान भाजपा प्रत्याशी का स्वागत

**चन्दौसी, अमृत विचार :** लोकसभा संभल से भाजपा प्रत्याशी परमेश्वर लाल सैनी ने गुरुवार को चन्दौसी में जनसंपर्क किया। प्रबुद्धजनों से मिलकर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान जगह-जगह फूल मालाओं से उनका स्वागत किया गया। समाजसेवी ओम प्रकाश ओमीलाला, गिरीश बंधु, अखिलेश कुमार खिलाड़ी, फूल प्रकाश वार्ष्णेय, कपिल गुप्ता ओएलएफ, धीरेंद्र यादव, आकाश अग्रवाल, ग्रीश रतन, पालिकाध्यक्ष लता वार्ष्णेय, डॉ. टीएस पाल, मनोज दिवाकर, विनोद बिन्नी, कौशल वंदेमातरम, अरविंद कुमार गुप्ता, अभिनव शर्मा, अनुज वार्ष्णेय अन्नू आदि ने जनसंपर्क किया।

### छेड़छाड़ पर दो युवकों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज

**चन्दौसी, अमृत विचार :** युवती ने दो युवकों पर पीछा कर छेड़छाड़ करने व जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। युवती की तहरीर पर पुलिस ने दो युवकों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है। कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ले की युवती ने तहरीर दी है कि 27 मार्च को वह अपनी रिश्ते की बहन के साथ स्कूटी से पंजाबी कॉलोनी से होते हुए बाजार जा रही थी। तभी दो युवक पीछे से आए। एक युवक सागर चावला निवासी मुरादाबाद गेट ने युवती से कहा कि स्कूटी धीरे चला, मुझे तुझसे शादी करनी है। दोनों युवक युवती का पीछा करते हुए गोशाला रोड तक चले गए। तभी युवती का भाई आता दिखाई दिया तो बाइक सवार दोनों युवक फरार हो गए। युवती का आरोप है कि सागर चावला कई बार उसका पीछा कर गलत-गलत कमेंट कर चुका है और भाई व पिता को मारने की धमकी दे चुका है। तहरीर पर पुलिस ने सागर चावला निवासी मुरादाबाद व मयंक गुप्ता के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है।



बैठक को संबोधित करतीं जिलाध्यक्ष राखी सिरोही। ● अमृत विचार

### भाजपा प्रत्याशी को जीत दिलाने का संकल्प

**चन्दौसी, अमृत विचार :** गुरुवार को गोशाला रोड स्थित यदुवंशी गार्डन में भाजपा महिला मोर्चा जिला संभल की बैठक आयोजित की गई। मुख्य वक्ता महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष एवं लोकसभा महिला संपर्क अभियान प्रमुख राखी सिरोही ने संबोधित करते हुए कहा कि सभी को महिला अधिवक्ता, चिकित्सक, अध्यापिका, एनजीओ से संपर्क करना है। शीला सागर ने झुग्गी झोपड़ी में जनसंपर्क का सुझाव दिया। बैठक में लोकसभा संभल से भाजपा प्रत्याशी परमेश्वर लाल सैनी को भारी मतों से जीत दिलाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर मोक्षिका शर्मा, किरन शर्मा, आशा गोस्वामी, नीलम अरोरा, संगीता सक्सेना, अंजलि रस्तोगी, रेखा सैनी, राधा कश्यप आदि उपस्थित रहीं।



असलहा चेक करते सीओ जीआरपी देवीदयाल। ● अमृत विचार

### सीओ ने जीआरपी थाने का किया निरीक्षण

**चन्दौसी, अमृत विचार :** जीआरपी थाना में सीओ ने अर्द्धवार्षिक निरीक्षण किया। सीओ ने रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा को लेकर यात्रियों से वार्ता भी की। गुरुवार को मुरादाबाद जीआरपी सीओ देवी दयाल चन्दौसी रेलवे स्टेशन पहुंचे। उन्होंने पहले हथियारों का बारीकी से निरीक्षण किया। इसके बाद अभिलेख व रजिस्टर देखे। रेलवे स्टेशन पर भ्रमण कर यात्रियों से सुरक्षा संबंधी वार्ता की। इस दौरान थाना प्रभारी राजदेव पूनिया व स्टाफ मौजूद रहा।



नारी शक्ति कार्यक्रम में मौजूद महिलाएं व पदाधिकारी। ● अमृत विचार

### मंडल बहजोई देहात में हुआ नारी शक्ति का सम्मान

**बहजोई, अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी ने मंडल बहजोई देहात में नारी शक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें पदाधिकारियों ने नारी शक्ति का सम्मान किया। वहीं आगे जाकर महिलाओं को अपनी भूमिका निभाने का आह्वान किया। गांव बिसारू व ग्राम भरतपुर में आयोजित कार्यक्रम में महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष राखी सिरोही जिला महामंत्री मोक्षका शर्मा, मंडल अध्यक्ष राजू राणा बहजोई देहात, वरिष्ठ समाजसेवी विनोद सैनी ,प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी उमेश चंद दिवाकर ने सभी का सम्मान किया। इस दौरान मंडल अध्यक्ष किशनवती, महामंत्री निर्मला, सुषमा देवी,मंडल उपाध्यक्ष, शिबू श्रीमाली, संजय राणा, हरीश चंद्र आर्य आदि मौजूद रहे।

### दो बाइकों की भिड़ंत में तीन लोग गंभीर रूप से घायल

**गुन्नौर, अमृत विचार :** जुनावई थाना क्षेत्र में बदायूं मेरठ हाईवे पर दुबारी कला गांव के पास दो बाईकों में भिड़ंत में एक बाइक पर सवार दो लोग बुरी तरह से घायल हो गए जबकि दूसरी बाइक सवार भी घायल हुआ है। जनपद बदायूं के जरीफनगर थाना क्षेत्र के गांव सुजावली निवासी मुकेश और राकेश एक बाइक पर थे जो कि अपने गांव से दुबारी कला रिश्तेदारी में जा रहे थे। जबकि दूसरी बाइक पर ऊमरा निवासी गौरव अपने गांव से जुनावई जा रहा था। दुबारी कला गांव के पास कट पर बाइक मोड रहे थे। उसी समय दोनों की बाइक आपस में टकरा गई। जिसमें दोनों बाइकों पर तीन लोग घायल हो गए।

# पत्नी से अनबन होने पर ट्रेन के आगे कूद कर दी जान

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**आत्महत्या**

- थाना बनियाठेर क्षेत्र के गुमथल स्टेशन के निकट हुई घटना
- परिजनों की ओर से कोई तहरीर नहीं दी गई है

**अमृत विचार :** पत्नी से अनबन होने पर थाना बनियाठेर क्षेत्र के गुमथल रेलवे स्टेशन के निकट युवक ने ट्रेन के आगे कूद कर जान दे दी।



सूचना पाकर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव की शिनाख्त की।

गुरुवार की दोपहर गुमथल रेलवे स्टेशन के स्टेशन मास्टर ने थाना पुलिस को मेमो भेजा कि रेलवे लाइन ट्रैक किलोमीटर नंबर 36/05 पर एक व्यक्ति कट गया है। थाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुंच गई और शव की शिनाख्त जितेंद्र (28) पुत्र वीर सिंह निवासी गांव मानकपुर थाना बनियाठेर के रूप में कराई। पुलिस के मुताबिक दोपहर के समय किसी बात को लेकर जितेंद्र की पत्नी रिंकी से कहासुनी हो गई थी। इसके बाद जितेंद्र घर से निकल आया और उसकी मौत की सूचना मिली। थानाध्यक्ष मोहित कुमार काजला ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। परिजनों की ओर से कोई तहरीर नहीं मिली है। यदि तहरीर दी जाएगी तो पुलिस मामले की जांच कर कार्रवाई करेगी।

# टैक्स जमा नहीं करने पर 178 लोगों को नोटिस

**चन्दौसी, अमृत विचार :** नगर पालिका ने जल कर व गृह कर जमा करने पर 178 बड़े बकायेदारों को जारी किए हैं। बकायेदारों को नोटिस मिलने पर कर जमा कराने के लिए एक सप्ताह का समय दिया जाएगा। इसके बाद कर जमा नहीं हुआ तो बकायेदारों के विरुद्ध कुर्की की कार्रवाई की जाएगी।

नगर पालिका की अधिशासी अधिकारी व एसडीएम नीतू रानी ने बताया कि कई लोगों ने जल कर व गृह कर जमा नहीं कराया है। इसको देखते हुए 244 लोगों की सूची बनाई गई।

एक माह से नगर पालिका की टीम जल कर व गृह कर जमा करने की बात कह रही थी। अनाउंसमेंट कराया है कि लोग अपना जल व गृह कर 31 मार्च से पहले जमा करा दें। जिस पर 66 लोगों ने अपना कर नगर पालिका में जमा करा दिया। मगर 178 लोगों ने कर जमा नहीं कराया।

# मेडल व सर्टिफिकेट देकर किया सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार :** न्यू सत्यम अकादमी में वार्षिक परीक्षाफल व पुरस्कार वितरण समारोह हुआ। कार्यक्रम का आरंभ विद्यालय प्रबंधक नमिता चौधरी, प्रधानाचार्य एससी गंगवार व उप प्रधानाचार्य श्वेता मनचंदा ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके किया। विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

गुरुवार को रामबाग रोड स्थित न्यू सत्यम अकादमी में हुए पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में स्कूल के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। जिसमें नृत्य, युगल नृत्य, नाटक, गजल, गीत, शायरी, चुटकुले आदि की प्रस्तुति दी। इसके बाद विद्यालय में प्रत्येक कक्षा में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को मुख्य अतिथि पालिकाध्यक्ष लता वार्ष्णेय द्वारा मेडल, सार्टिफिकेट व पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि बच्चे मन लगाकर अध्ययन करें। ताकि वह आने वाले समय में अपने परिवार व देश का नाम रोशन कर सकें। इस अवसर पर मानसी, स्नेहा, स्वाति, मीमांसा, यशी, आयुषी, रुबी, आरती, सपना, कोमल, अमित, जय गोपाल, विशाल, शिल्पी, विशेष, सपना, अभय, मुजम्मिल, अंशिका, गौरव, नीशी, कोमल, राखी, रितु, गीता, झांवी, गौरी, अनन्या, अनुज, नियाज, अर्चना, सुमित, विनीता आदि शिक्षिकाएं मौजूद रही।



न्यू सत्यम अकादमी में पुरस्कृत बच्चे। ● अमृत विचार

- न्यू सत्यम अकादमी का वार्षिक परीक्षाफल व पुरस्कार वितरण समारोह

# नेजा मेला विवाद निपटाने की पहल

कार्यालय संवाददाता, संभल



मेला कमेटी के पदाधिकारियों से वार्ता करते अधिकारी। ● अमृत विचार

**निपटारा**

- कोतवाली में एसडीएम और सीओ ने कमेटी के पदाधिकारियों से की बात

**अमृत विचार :** संभल में तय समय के बाद नेजा मेला आयोजन की तिथि तय करने को लेकर पनपे विवाद को निपटाने की कवायद शुरू हुई है। अधिकारियों ने नेजा मेला कमेटी से जुड़े पदाधिकारियों के साथ बैठक कर परंपरागत तरीके से नेजा मेला आयोजन की बात कही तो पदाधिकारियों ने भी अपनी बात रखी। अब शुक्रवार को पदाधिकारी प्रार्थना पत्र अधिकारियों को देंगे।

श्री रामलीला कमेटी के पदाधिकारियों ने बुधवार को नेजा मेला आयोजन की तिथि को लेकर आपत्ति की थी। कहा था कि परम्परा से हटकर इस बार नेजा मेला आयोजन का प्रयास किया जा रहा है। नेजा मेला आयोजन तिथि को लेकर विवाद के हालात बने तो गुरुवार को कोतवाली में बैठक बुलाई गई। बैठक में एसडीएम विनय कुमार मिश्रा, सीओ अनुज कुमार चौधरी, कोतवाल पवन कुमार ने नेजा मेला कमेटी के पदाधिकारियों के साथ संवाद किया। अधिकारियों ने कहा कि नेजा मेला का आयोजन परंपरागत तरीके से निर्धारित तिथि पर किया जाए। पदाधिकारियों ने भी अधिकारियों के सामने अपनी बात रखी। हालांकि नेजा मेला आयोजन की तिथि को लेकर पनपे विवाद का हल नहीं निकल सका। नेजा मेला कमेटी के शाहिद हुसैन मसूदी का कहना रहा कि अधिकारियों ने कहा है कि शुक्रवार को प्रार्थना पत्र प्रस्तुत करें। जिसे सुनकर कोई निर्णय लिया जाएगा। बैठक में चौधरी शरफ अली खां, पूर्व सभासद तस्दीक इलाही, शकीलुर्रहमान मलिक आदि रहे।

# स्नातक सम सेमेस्टर के परीक्षा फार्म भरने की कल अंतिम तिथि

**बरेली, अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय के स्नातक सम सेमेस्टर के परीक्षा फार्म भरने को दिन का समय शेष रह गया है। होली की छुट्टी की वजह से काफी संख्या में छात्र फार्म भरने से रह गए।

गुरुवार को बरेली कॉलेज में फार्म जमा करने के लिए छात्रों की भीड़ जुटी। छात्र 30 मार्च तक ऑनलाइन परीक्षा फार्म भरकर 31 मार्च तक कॉलेज में जमा कर सकते हैं। विश्वविद्यालय ने 11 मार्च को बीए, बीकॉम, बीएससी और बीबीए द्वितीय, चतुर्थ और षष्टम सेमेस्टर के परीक्षा फार्म भरने की तिथि निर्धारित की थी। 14 मार्च से ऑनलाइन फार्म भरे जा रहे हैं। बड़ी संख्या में छात्र फार्म भरने से रह गए हैं। इसकी वजह से छात्र तिथि बढ़ाने की भी मांग कर रहे हैं।

# बीमा कंपनी को धनराशि के भुगतान करने का आदेश

संवाददाता, बहजोई

**फैसला**

- इलाज पर व्यय राशि यह कह कर देने से इनकार कर दिया कि पेट की बीमारी के लिए भर्ती करने की आवश्यकता नहीं थी

**अमृत विचार :** बीमा कंपनी द्वारा स्वास्थ्य बीमा की धनराशि न दिए जाने पर उपभोक्ता आयोग ने बीमा कंपनी को फटकार लगाई। किसी भी बहाने से बीमा की धनराशि नहीं रोके जाने के निर्देश दिए। वहीं उपभोक्ता को धनराशि का भुगतान करने का आदेश पारित किया।

डीडीओ दफ्तर में तैनात कर्मचारी चंदौसी निवासी तरुण श्रीवास्तव ने अपने व परिजनों की स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी एक कंपनी द्वारा कराई थी। तरुण श्रीवास्तव की पुत्री कुमारी खुशी श्रीवास्तव के पेट में 12 जुलाई 2023 को अचानक पीड़ा हुई तो मुरादाबाद के सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टर से इलाज कराया। इलाज पर 34581 रुपए खर्च का भुगतान तरुण श्रीवास्तव द्वारा किया गया। बीमा कंपनी ने उनकी पुत्री के इलाज पर व्यय हुई धनराशि यह कह कर देने से इनकार कर दिया कि पेट की बीमारी को भर्ती करने की आवश्यकता नहीं थी।

अधिवक्ता लव मोहन वार्ष्णेय ने इस मामले में उपभोक्ता आयोग जनपद संभल में वाद दायर किया। आयोग के अध्यक्ष व सदस्यों ने विपक्षी बीमा कंपनी को आदेश दिया कि विपक्षी बीमा कंपनी परिवादी को उसकी पुत्री कुमारी खुशी श्रीवास्तव के इलाज के मद में व्यय की गई धनराशि 34581 रुपए व 7 प्रतिशत वार्षिक ब्याज सहित अंदर दो माह में अदा करें।



पदाधिकारियों के साथ भाजपा में शामिल होने वाले लोग। ● अमृत विचार

# सपा व बसपा से नाता तोड़ कर ली भाजपा की सदस्यता

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में समाजवादी पार्टी व बसपा से नाता तोड़कर दर्जनों लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। भाजपा जिला अध्यक्ष चौधरी हरेंद्र सिंह एवं क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेश सिंघल ने पटका पहनाकर भाजपा में शामिल होने वालों का स्वागत किया। कार्यक्रम में भाजपा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेश सिंघल ने कहा कि भाजपा सरकार ने देश को तरक्की के रास्ते पर ले जाकर आम आदमी को खुशहाली दी है। जिला अध्यक्ष चौधरी हरेंद्र सिंह ने कहा कि हमारी सरकार सदैव सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास की नीति पर कार्य करती है। कार्यक्रम में सपा से धीरज आर्य , नवरत्न वार्ष्णेय ,साकुल गुप्ता,बसपा से सचिन प्रजापति, तरिक पाशा, फिरोज खान, अय्यूब हुसैन, मोहम्मद नबी, इलियास मुहम्मद, मतलूब के साथ ही अमन वर्मा, पराग वार्ष्णेय ने भाजपा की सदस्यता ली।

**स्वास्थ्य** वायरल बुखार-खासी के साथ टायफाइड के बढ़े मरीज,

# होली बाद सीएचसी में बढ़ी मरीजों की संख्या

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार :** होली के बाद मौसम में आए परिवर्तन से लोगों को वायरल बुखार व टायफाइड ने अपनी चपेट में लेना शुरू कर दिया है। रोजाना बुखार से पीड़ित 250 मरीज उपचार कराने सीएचसी पहुंच रहे हैं। वहीं चिकित्सक भी उपचार करने के साथ मरीजों को एहतियात बरतने की सलाह दे रहे हैं। यही हाल निजी चिकित्सकों के नर्सिंग होम का भी है।

होली के त्योहार पर खानपान व बदलता मौसम लोगों पर भारी पड़ रहा है। दिन में तापमान में बढ़ोत्तरी का होना और सुबह व शाम हल्की ठंडक रहने से स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। जिससे लोग बुखार, खांसी, जुखाम के साथ-साथ टायफाइड से ग्रसित हो रहे हैं। सीएचसी में रोजाना 600 से 650 मरीज उपचार कराने जाते हैं। जिसमें 250 से ज्यादा बुखार व टायफाइड पीड़ित उपचार कराने पहुंच रहे हैं। इनमें 30 से 35 बच्चे भी शामिल हैं। चिकित्सकों का कहना है कि अभी ठंडे पानी व कोल्ड ड्रिंक का समय नहीं आया है, मगर त्योहार व गर्मी होने पर लोगों ने इसका सेवन करना शुरू कर दिया है। जिसका खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। चिकित्सक मरीजों से एहतियात बरतने की सलाह दे रहे हैं।



सीएचसी में दवा लेने को लाइन में लगे मरीज व तीमारदार। ● अमृत विचार

- उपचार के साथ एहतियात बरतने की सलाह दे रहे हैं चिकित्सक

"मौसम में काफी बदलाव आ गया। इस मौसम में पूरी तरह से खानपान पर ध्यान करने के साथ एहतियात बरतनी बहुत जरूरी है। लापरवाही भारी पड़ सकती है। बुखार आने पर चिकित्सक द्वारा बताई गई दवा का सेवन करें।

-डॉ. हरवेंद्र सिंह, प्रभारी, सीएचसी

### यह बरतें सावधानियां

- ठंडे पानी व कोल्ड ड्रिंक का सेवन बिल्कुल न करें।
- रात को सोते समय पंखा न चलाएं व कंबल ओढ़कर सोएं।
- बाजार की तली-भुनी खाद्य सामग्री का सेवन न करें।
- बाहर से आकर तुरंत पानी न पिएं, कुछ देर के बाद पिएं।
- बुखार आने पर चिकित्सक के परामर्श के बाद ही दवा का सेवन करें।

### फायर करते पूर्व प्रधान के बेटे का वीडियो वायरल

**विजय नगला (बदायूं), अमृत विचार :** पूर्व प्रधान के बेटे का रंगशाला में मंच पर चढ़कर तमंचे से फायर करते वीडियो सोशल साइट्स पर वायरल हुआ है। बताया जा रहा है कि गांव के पूर्व प्रधान का बेटा रंगशाला के मंच पर चढ़ गया। उसने तमंचे से फायर किया।

**सम्बन्ध-विच्छेद**

मेरा पुत्र मकसूद व उसकी पत्नी के गलत आचरण के चलते उनसे सम्बन्ध-विच्छेद कर लिये है। और अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है अब मेरा पुत्र मकसूद व उसकी पत्नि, उसके बच्चों का कोई ताल्लुक वास्ता नही है। ये अपने कुकृत्यों के स्वयं जम्मेदार होंगे। करीम पुत्र सुबाती नि. ग्राम दलेल नगर थाना टाण्डा जिला रामपुर।

## एक नजर

### मुख्यमंत्री आज बिजनौर में सम्मेलन को करेंगे संबोधित

**बिजनौर, अमृत विचार :** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को बिजनौर आएंगे। वह जेवीएम बैंक्वेट हॉल में आयोजित प्रबुद्ध सम्मेलन में लोगों के साथ संवाद करेंगे। भाजपा के जिलाध्यक्ष भूपेंद्र चौहान बॉबी ने बताया कि मुख्यमंत्री चक्कर रोड स्थित बाईपास पर जेवीएस रिसॉर्ट में सुबह 11:35 बजे पहुंचेंगे। यहां वह भाजपा के कार्यकर्ताओं में लोकसभा चुनाव को लेकर जोश भरेंगे। साथ ही बिजनौर और नगीना प्रत्याशियों के लिए प्रचार को धार देंगे। गुरुवार को दिनभर कार्यक्रम की तैयारियां की गईं। भाजपा के जिलाध्यक्ष ने तैयारियों का जायजा लिया।

### महिला को पीटने में रिपोर्ट

**किरतपुर, अमृत विचार :** मारपीट के मामले में महिला ने थाने में शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। रुखसाना ने तीन महिलाओं पर मारपीट का आरोप लगाया है। बताया कि उसके बीच फय्याज का अपने पड़ोसी समीर निवासी मोहल्ला लाडपुरा से झगड़ा हो गया था। जब रुखसाना उनके घर के सामने से जा रही थी तभी तरन्नुम, उजमा व लुबना ने लाठी डंडों से उस पर हमला बोल दिया।

# देश में सुशासन चला रही भाजपा सरकार

## हिंदू इंटर कॉलेज में रालोद प्रमुख जयंत चौधरी ने जनसभा को किया संबोधित

संवाददाता, चांदपुर (बिजनौर)



जनसभा में मंचासीन रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी, भाजपा के जिलाध्यक्ष भूपेंद्र चौहान उर्फ बॉबी व अन्य। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी ने कहा कि लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए भाजपा और राष्ट्रीय लोकदल का गठबंधन है। दोनों दल मिलकर प्रदेश में सभी 80 सीटों पर प्रत्याशियों को जिताकर संसद में भेजने का काम करेंगे, ताकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मंशा के अनुसार, 400 सीट पार का लक्ष्य सच साबित हो सके। उन्होंने कहा कि 400 सीटें मिलने पर किसानों का गन्ना मूल्य 400 रुपये क्विंटल करने का प्रयास किया जाएगा।

हिंदू इंटर कॉलेज में गुरुवार को वह जनसभा को संबोधित कर रहे थे। यहां उन्होंने भाजपा सरकार की प्रशंसा की। कहा कि भाजपा सरकार देश में सुशासन चला रही है। भाजपा ने देश के लिए अनेक विकास कार्य किए हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ की। जयंत ने

**▸▸ राष्ट्रीय अध्यक्ष बोले- जीत के बाद 400 रुपये प्रति क्विंटल गन्ना मूल्य का करेंगे प्रयास**

लोकसभा चुनाव के प्रत्याशियों के लिए वोट देने की अपील की। कहा कि भाजपा-रालोद का गठबंधन चुनाव में निर्णायक सिद्ध होगा। उन्होंने भाजपा व रालोद गठबंधन की नीतियों के बारे में बताया। उन्होंने दोनों दलों के कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर चुनाव में जुटने का आह्वान किया। कहा कि प्रदेश की सभी सीटों पर भाजपा गठबंधन का परचम लहराएगा। इससे पहले मंच पर मौजूद भाजपा और राष्ट्रीय लोकदल के कार्यकर्ताओं ने जयंत चौधरी का स्वागत किया। बिजनौर से भाजपा विधायक सुचि चौधरी के पति मौसम चौधरी ने हल का प्रतीक चिह्न जयंत चौधरी को भेंट किया। जनसभा में भाजपा के जिलाध्यक्ष भूपेंद्र चौहान उर्फ बॉबी ने कहा कि नगीना लोकसभा सीट से प्रत्याशी ओम कुमार को कमल के निशान पर और बिजनौर लोकसभा सीट से चंदन चौहान को नल के चिह्न पर मुहर लगाकर संसद में जिताकर भेजना है। इस दौरान विधायक अशोक राणा, जिला पंचायत अध्यक्ष साकेंद्र चौधरी, भाजपा जिला महामंत्री विवेक कर्णवाल, महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष मनीषा अहलावत, मथुरा से यशपाल बघेल, सुनील भराला, मंत्री अनिल कुमार, नागेंद्र पवार, डॉ. नीरज चौधरी, अशोक चौधरी, अदनान मलिक, इमरान चौधरी, ब्रजवीर सिंह, आशु राणा आदि रहे।

## दो कारों की भिड़ंत में छह लोग घायल

**बढ़ापुर, अमृत विचार :** नगीना-हरेवली मार्ग पर खारी नदी के पुल के पास दो कारों में आमने-सामने से भिड़ंत हो गई। इस हादसे में छह लोग घायल हो गए। उन्हें उपचार के लिए सीएचसी नगीना ले जाया गया।

बताया गया कि गुरुवार को गांव बूढ़ावाला निवासी पवन अपनी बहन का रिश्ता लेकर शेरकोट जा रहा था। उसके साथ कार में नौ लोग सवार थे। कार राजा सिंह चला रहा था। जब इनकी कार हरेवली मार्ग पर नदी के पुल के पास तीव्र मोड़ पर पहुंची तो विपरीत दिशा से आ रही कार से टक्कर हो गई। इस दुर्घटना में दोनों कारें क्षतिग्रस्त हो गईं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दोनों कारों की तेज गति दुर्घटना का सबब बनी है। इस दुर्घटना में दोनों कारों में सवार छह से अधिक लोग घायल हुए हैं। दुर्घटना की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। इससे पहले ही स्विफ्ट डिजायर कार में सवार घायलों को उपचार के लिए उनके परिजन अस्पताल ले गए, जबकि स्कार्पियो में सवार घायलों को एंबुलेंस से उपचार के लिए सीएचसी नगीना पहुंचाया।

## सार-संक्षेप




राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम में शामिल छात्राएं, साथ में अन्य। ● अमृत विचार

### मतदान करने के लिए छात्र-छात्राओं को किया जागरूक

**नहटौर, अमृत विचार :** पीजी डिग्री कॉलेज में गुरुवार को मतदाता जागरूकता दिवस मनाया गया। महाविद्यालय के प्रबंधक आशीष सिंघल ने छात्र-छात्राओं को मतदान का महत्व समझाया। कहा कि भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और मतदान करना सभी का अधिकार है। उन्होंने छात्र-छात्राओं से लोकतंत्र के इस महापर्व पर अधिक से अधिक मतदान करने का संकल्प लिया। इस दौरान प्रचार्य डॉ. संजीव गौड़, राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सीमा शर्मा, कैलाश सिंह, डॉ. मनोज कुमार, दुष्यन्त कुमार, नरेश कुमार, यशपाल सिंह, आबिद हुसैन जैदी, पंकज कुमार, विपिन सैनी, सुनीता त्यागी, अनीता रानी आदि रहे।

### नौ साल की हिफ्जा ने रखा रोजा



**हल्दौर, अमृत विचार :** नगर निवासी शाहनवाज सलमानी की 9 वर्षीय पुत्री हिफ्जा सलमानी ने गुरुवार को अपनी जिंदगी का पहला रोजा रखा। हिफ्जा के रोजा रखने पर उसके दादा-दादी ने खुशी जताई। कार्यक्रम आयोजित कर रिश्तेदारों को इफ्तार कराया। इसमें शरीक होकर रिश्तेदारों ने हिफ्जा को अपनी दुआ से नवाजा।

### नगर में सफाई कराने की मांग, ईओ को ज्ञापन सौंपा

**नगीना, अमृत विचार :** नगर पालिका परिषद के पूर्व सभासद डॉ. मुअज्जम हुसैन रियाजी ने मच्छरों से लोगों को बचाने के लिए शहर में फॉगिंग और नालियों की सफाई कराने की मांग की है। गुरुवार दोपहर उन्होंने अधिशासी अधिकारी संदीप सक्सेना को ज्ञापन सौंपा। कहा कि गर्मी बढ़ने के साथ ही मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है। बुखार व संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा भी बढ़ गया है। जनित बीमारियों की रोकथाम के लिए नगर के प्रत्येक वार्ड व मोहल्लों में विशेष सफाई अभियान चलाकर फॉगिंग कराई जाए।

### ग्रामीण पर हमले के आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**किरतपुर, अमृत विचार :** गांव मोमिनपुर दासू उर्फ छितावर निवासी जायपाल सिंह ने थाना प्रभारी को एक शिकायती पत्र दिया। बताया कि वह अपने घर बैठा था। तभी सामने से उसका पोता पुनीत कुमार ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर आया। जयपाल के पुत्र मनेंद्र ने भाग कर उसे पकड़ लिया तो उसने मनेन्द्र पर हमला किया जिससे वह घायल हो गया। पीड़ित ने घटना की सूचना पुलिस को दी तो आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। पीड़ित ने थाना प्रभारी को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की। थाना प्रभारी ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है।



कार्यक्रम में उपस्थित भारत विकास परिषद के सदस्य। ● अमृत विचार

### भारतीय संस्कृति की रक्षा करने का संकल्प लिया

**कांठ, अमृत विचार :** भारत विकास परिषद की कांठ शाखा के पदाधिकारियों ने गुरुवार देर शाम फूलों की होली खेली गई। एक दूसरे को शुभकामनाएं दीं। इस होली मिलन समारोह में गीत, गजल शायरी पेश की। रेत पर नाम लिखने से क्या फायदा एक आई लहर कुछ बचेगा नहीं, तुमने पत्थर का दिल हमको कह तो दिया, पत्थरों पर लिखोंगे मिटेगा नहीं, दारू बनाने वाले क्या तेरे मन में समाई, आदि पर लोग मंत्र मुग्ध हो गए। वक्ताओं ने भारतीय संस्कृति की रक्षा करने का संकल्प लिया। परिषद के अध्यक्ष दीपक बिश्नोई, सचिन चौहान उर्फ बंटी, महेश चंद्र गुप्ता, सुदेश आदि रहे।

### चेकिंग में दो लोगों से बरामद किए 3.40 लाख रुपये

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव की आदर्श आचार संहिता का पालन कराने के लिए जनपद में एसएसटी ( स्टैटिक सर्विलांस टीम ) और एफएसटी टीम ( उड़न दस्ता टीम ) सक्रिय है। जिसके तहत कुंदरकी और बिलारी में एसएसटी टीम ने चेकिंग के दौरान दो लोगों से तीन लाख 40 हजार रुपये नकद बरामद किए हैं। जनपद में लोकसभा के लिए 19 अप्रैल को मतदान होना है। इससे पहले चुनाव को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए पुलिस-प्रशासन कवायद में जुटा है। चुनाव में धनबल का प्रयोग रोकने के लिए प्रशासन ने छह उड़न दस्ता (एफएसटी) और प्रत्येक थाना क्षेत्र के लिए एक-एक स्थैटिक सर्विलांस टीम (एसएसटी) का गठन किया है। इन टीमों में एक मजिस्ट्रेट के साथ एक एसआई और चार सिपाही लगाए गए हैं। प्रत्येक टीम में एक महिला सिपाही भी है। पुलिस चुनाव सेल के नोडल अधिकारी एसपी ट्रैफिक सुभाष चंद्र गंगवार ने बताया कि एसएसटी टीमें प्रत्येक थाना क्षेत्र में चेकपोस्ट बैरियर लगाकर नियमित रूप से चेकिंग कर रही हैं। बुधवार को कुंदरकी थाना क्षेत्र में चेकिंग कर रही एसएसटी टीम ने एक कार सवार से दो लाख रुपये बरामद किए। कार सवार उस रकम के संबंध में कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सका। इसलिए वह रकम जब्त कर ली गई है। इसी तरह बिलारी की एसएसटी टीम ने भी एक लाख 40 हजार रुपये की नकदी बरामद की गई है। दोनों मामलों को मिलाकर कुल तीन लाख 40 हजार रुपये की नकदी जब्त की गई गई है। साथ ही पुलिस टीमें अवैध शराब और नशे के सामान की सप्लाई करने वालों की भी धपकड़ कर रही है। नोडल अधिकारी एसपी ट्रैफिक सुभाष चंद्र गंगवार ने बताया कि आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से अब तक जिले भर से लगभग 45 लाख रुपये कीमत की अवैध शराब और नशे का सामान बरामद किया गया है।



कटे पड़े आम के हरे पेड़। ● अमृत विचार

## आम के हरे पेड़ों पर चली आरी, रिपोर्ट

संवाददाता, नहटौर

**अमृत विचार :** क्षेत्र में बुधवार रात लकड़ी के धंधेबाजों ने आम के हरे पेड़ों पर आरी चला दी। आरोपियों ने 40 आम काट दिए। इस मामले में एक व्यक्ति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। कुछ लोगों ने मुख्यमंत्री को ट्वीट कर मामले की जांच कर कार्रवाई करने की मांग की है।

मिलक रोड पर बने एक निजी स्कूल के पास कॉलोनी में खड़े हरे आम के पेड़ों का काट किया गया। रात्रि में चोरी से कटान में वन विभाग और स्थानीय प्रशासन की मिली भगत रही। इसकी सूचना के बाद मौके पर पर्यावरण विद लोग पहुंचे और पेड़ों के काटने का विरोध किया। आरोप है कि लकड़ी के धंधेबाजों नें उन्हें डराया और धमकाया। उधर, वन रेंजर संतोष गंगवार ने बताया मौके पर वन विभाग की टीम पहुंची थी। टीम ने कटे हुए पेड़ों को कब्जे में ले लिया है। मोहल्ला अफगान निवासी बकुला के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# सार्वजनिक स्थलों पर नहीं दिखे प्रचार सामग्री

कार्यालय संवाददाता, बिजनौर




बैठक में मौजूद प्रेक्षक पंकज अग्रवाल, राहुल कुमार जैन व अन्य। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** कलेक्ट्रेट सभागार में गुरुवार को लोकसभा चुनाव के लिए नामित प्रेक्षक राहुल कुमार जैन और पंकज अग्रवाल की अध्यक्षता में प्रभारी, सह प्रभारी अधिकारियों की बैठक हुई। इसमें प्रेक्षक राहुल ने अधिकारियों से जिले में लोकसभा चुनाव की तैयारियों के बारे में जानकारी ली।

उन्होंने कहा कि सार्वजनिक स्थलों व संपत्तियों पर चुनाव प्रचार सामग्री नहीं पाई जानी चाहिए। आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन नहीं हो। उन्होंने पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देश दिए कि दूसरे प्रदेश की सीमा वाले स्थानों पर विशेष रूप से सतर्कता बरतें और चेकिंग अभियान चलाएं। चुनाव से पहले गुणवत्तापरक प्रशिक्षण उपलब्ध कराएं और ईवीएम के बारे में भी मतदान कार्मिकों को जानकारी दें। प्रेक्षक पंकज अग्रवाल ने कहा कि

**▸▸ बैठक में प्रेक्षकों ने की मतदान के लिए की गईं तैयारियों की समीक्षा**

स्वतंत्र, निर्भीक, निष्पक्ष एवं पारदर्शी चुनाव संपन्न हो, इसके लिए सभी चुनाव प्रभारी और सहायक प्रभारी अधिकारी सजगता से कार्य करें। बैठक में जिले की दोनों लोकसभा क्षेत्रों के लिए जिला प्रशासन की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने जिला निर्वाचन प्रबंधन में समाहित समस्त कार्यों, मतदाताओं, मतदान केंद्रों, पिंक बूथ, ईवीएम, वीवीपैट, मतदान कर्मी प्रबंधन, पोस्टल बैलेट, वाहन प्रबंधन, सुरक्षा व्यवस्था, जिले में तैयार किए गे चैक पोस्ट, उड़नदस्ता, वीडियो निगरानी दल, कंट्रोल रूम, एमसीएमसी के बारे जानकारी ली। डीएम अंकित कुमार अग्रवाल ने दोनों लोकसभा क्षेत्रों के चुनाव के लिए की गई तैयारियों के बारे में जानकारी दी। इस दौरान पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन, प्रभारी अधिकारी कार्मिक, मुख्य विकास अधिकारी पूर्ण बोरा, अपर जिलाधिकारी प्रशासन विनय कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी अरविंद कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

### दैनिक रिपोर्ट पर जताया संतोष

**बिजनौर, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के प्रेक्षक राहुल कुमार जैन ने सूचना भवन स्थित मीडिया प्रमाणन व अनुवीक्षण केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान सभी व्यवस्थाएं मानकों के अनुरूप मिलीं। उन्होंने प्रत्याशी के विज्ञापन का विवरण प्रभारी व्यय निर्वाचन को देने का निर्देश दिया। कहा कि प्रत्याशी के व्यय खाते में विज्ञापन का खर्च जोड़ा जाएगा। प्रेक्षक ने समाचार पत्रों में प्रकाशित खबरों, विज्ञापन का भी अवलोकन किया। पत्रावली व विज्ञापन पत्रावली का निरीक्षण कर दैनिक रिपोर्ट पर संतोष व्यक्त किया। इस दौरान प्रभारी एमसीएमसी, अपर जिलाधिकारी अरविंद कुमार सिंह, उपजिलाधिकारी न्यायिक जयेन्द्र सिंह, अपर सांखियकीय अधिकारी वरूण कुमार व अन्य मौजूद रहे।

# बसपा कार्यकर्ताओं की बैठक के दौरान मैरिज हाल में लगी आग

संवाददाता, नगीना



आग पर काबू पाने के बाद मैरिज हॉल की सफाई करते कर्मचारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** कृष्णा मैरिज हाल में बुधवार देर शाम बहुजन समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं की बैठक के दौरान आग लग गई। जय माला हाल में आग से लाखों रुपये का सामान जलकर नष्ट हो गया। हाल के स्वामी व स्टाफ ने दो घंटे तक पानी डालकर आग पर काबू किया।

मैरिज हाल के स्वामी महेंद्र सैनी ने बताया कि हाल के रेस्टोरेंट में बसपा प्रत्याशी ने रहने के लिए चार कमरे बुक किए थे। बुधवार को बसपा नेता व उनके साथी रेस्टोरेंट के कमरों में बैठक कर चुनाव से संबधित रणनीति तैयार कर रहे थे। कुछ कार्यकर्ता जय माला हाल में बैठे थे। इस बीच कार्यकर्ताओं ने वहां जलती बीड़ी, सिगरेट फेंक दी होगी। इससे आग लग गई। लपटें देखकर स्वामी व स्टाफ के होश उड़ गए। वहां ठहरे बसपा के कार्यकर्ताओं में भी खलबली मच गई। बताया कि गांव धीमा रेहड़ी निवासी तिलक राज का ढाई लॉख रुपये का डेकोरेशन का सामान कपड़ा, फूलों के गमले, बिजली की झालरे, मैट, लकड़ी की टेबल, सैकड़ों कुर्सी, पंखे व पर्दे जल गए। आग से चार लाख रुपये का नुकसान हुआ है। नुकसान की क्षतिपूर्ति के लिए बसपा प्रत्याशी सुरेंद्र पाल सिंह एडवोकेट से बातचीत चल रही है। मैरिज हाल स्वामी ने बताया कि उसके नुकसान की भरपाई नहीं हुई तो वह बसपा कार्यकर्ताओं के विरुद्ध मामला दर्ज कराएंगे।

## ग्रामीण ने खुद को मारी गोली, मौत

**नगीना, अमृत विचार :** गांव तेलीपुरा में मानसिक रूप से परेशान व्यक्ति ने घर में गुरुवार सुबह तमंचे से गोली मारकर आत्महत्या कर ली। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने उसका शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। बताया गया कि तेलीपुरा में ईश्वर शरण का परिवार रहता है। उनका पुत्र नरेंद्र सिंह (45) मानसिक रूप से परेशानी रहता था। सुबह आठ बजे वह घर में ही था। इस दौरान उसने खुद को तमंचे से गोली मार ली जिससे उसकी मौत हो गई। कुछ समय बाद परिजन घर पहुंचे तो देखा कि वह लहूलुहान पड़ा था। इसके बाद किसी ने सूचना दी तो पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने परिजनों से पूछताछ के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। थाना प्रभारी सुनील कुमार ने बताया कि घटना के समय परिजन घर नहीं थे। मृतक बीमारी के कारण मानसिक रूप से परेशान था। इसके चलते उसने यह कदम उठाया। नरेंद्र शादीशुदा था।

# कैंची घोंपकर ताऊ की हत्या करने वाले दो भाई गिरफ्तार

संवाददाता, अफजलगढ़



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

**अमृत विचार :** नगर में कैंची घोंपकर ताऊ की हत्या करने के मामले में गुरुवार को पुलिस ने दोनों भतीजों को गिरफ्तार कर लिया। दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। उधर, देर शाम मृतक का दफन कर दिया गया।

नगर के मोहल्ला जैनुल आबेदीन में रंजिश को लेकर भतीजे फैसल उर्फ धोनी का ताऊ मोहम्मद ताहिर (65) से किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। इस दौरान फैसल व फैजान ने ताऊ मोहम्मद ताहिर को घेर लिया और उनके साथ मारपीट की। उन्होंने विरोध किया तो भतीजों ने उनके पेट में कैंची घोंप दी थी। मोहम्मद ताहिर के पुत्र आमिर ने शोर मचा दिया था। पुत्र ने घायल पिता को सीएचसी में भर्ती कराया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। गुरुवार को उपचार के दौरान उत्तराखंड के ॠषिकेश में मोहम्मद ताहिर की मौत हो गई।

बताया कि ताहिर मजदूर थे। इसके बाद मोहम्मद आमिर आरोपियों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर फैसल व फैजान को पूर्व चेयरमैन के आवास के पास से गिरफ्तार कर लिया। कोर्ट में पेश कर आरोपियों को जेल भेज दिया।

# महिला अधिवक्ता से छेड़खानी में सात लोगों पर मामला दर्ज

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** महिला अधिवक्ता से छेडखानी, सात हजार रुपये व सोने की चेन लूटने के मामले में कोर्ट के आदेश पर सात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव निवासी अधिवक्ता के पति ने न्यायालय में शिकायती पत्र दिया था। इसमें बताया था कि गांव दारापुर निवासी नरेश, सुमित, सचिन, शुभम, होलिका मंदिर निवासी योगेंद्र, अनिल कुमार निवासी रहटा माफी थाना डिलारी और सतीश कुमार उससे रंजिश रखते हैं। उसकी पत्नी पेशे से अधिवक्ता हैं और प्रतिदिन ठाकुरद्वारा कचहरी में आती जाती हैं। आरोप है कि 30 जनवरी की शाम साढ़े छह बजे वह अपने साथी अधिवक्ता के साथ दारापुर मोड़ तक उसकी कार से आईं और वंहा से उसकी पत्नी ने उसे फोन किया कि वह मोड़ पर खड़ी हैं। उसने बाइक लाने को कहा। आरोप है कि इस दौरान आरोपियों ने अश्लील हरकतें कीं और उसके गले की चेन और सात हजार रुपये लूट लिए थे।

### पांच के खिलाफ रिपोर्ट

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** फर्जी तरीके से भूमि का दानपत्र पंजीकरण कराने के मामले में न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने पांच लोगो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। डिलारी थाना क्षेत्र के गांव मोहिउद्दीनपुर निवासी नजर हुसैन ने न्यायालय में शिकायत दर्ज की थी। इसमें बताया था कि उत्तराखंड की कोतवाली काशीपुर स्थित जसपुर खुर्द निवासी इरशाद अली, सहादत अली, कुंवर सिंह, मुनाजिर उर्फ नाजिर हुसैन, अली हसन निवासी मनकुआ मकसूदपुर ने षड्यंत्र रचकर उसकी व उसके भाई की भूमि हड़पने की नीयत से 170 वर्ग मीटर भूमि का दानपत्र सहादत के नाम पर ठाकुरद्वारा रजिस्ट्रार कार्यालय में पंजीकृत करवा दिया। पीड़ित ने पुलिस से शिकायत की। लेकिन कार्रवाई नहीं हुई।



फैशन शो में शामिल प्रतिभागी, साथ में अन्य। ● अमृत विचार

# फैशन शो में आठवीं की राधिका प्रथम

संवाददाता, कुंदरकी

**अमृत विचार :** गांव काजीपुरा स्थित हाजी झंडा खान मेमोरियल इंटर कॉलेज में गुरुवार को वार्षिक समारोह में एक फैशन शो का आयोजन किया गया।

इसमें कक्षा एक से आठवीं तक के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। कॉलेज प्रबंधक डॉ. तुफैल अहमद ने प्रतिभागियों की तारीफ की।

**▸▸ वक्ता बोले- कार्यक्रमो से बच्चों की निखारती है प्रतिभा**

बताया कि ऐसे कार्यक्रमों से बच्चों की प्रतिभा निखारती है। प्रधानाचार्य सलीम अहमद ने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ ऐसे कार्यक्रमों से बच्चों के अंदर की हीन भावना दूर होती है।

शो के प्राइमरी सेक्शन में आभू प्रथम, हमजा द्वितीय और सैफ ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जूनियर वर्ग में कक्षा 8 की राधिका प्रथम, कक्षा 8 की रोशनी द्वितीय और कक्षा 6 की जोया तीसरे स्थान पर रहीं।

कार्यक्रम में अध्यापिका रेशमा खानम व आरजूमन्द का विशेष सहयोग रहा।

इस मौके पर तस्लीम अहमद, रजा अब्बास, हनीफ खां, इस्तेखार, जुनैद खां, दीक्षा, अक्सा आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में राहत अली ने उपस्थित सभी विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया।

## एटीएम कार्ड बदल खाते से 25 हजार निकाले

**कुंदरकी, अमृत विचार :** नगर स्थित एक एटीएम से रुपये निकालने गए युवक का जालसाजों ने एटीएम कार्ड बदल लिया। उसके खाते से 25 हजार रुपये निकाल लिए। पीड़ित में थाने में शिकायत पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

मोहल्ला सादात पश्चिमी निवासी तौफीक अहमद सिलाई की दुकान चलाता है। बताया गया है कि बृहस्पतिवार को लेबर वालों को रुपये देने थे। उन्होंने अपना पंजाब नेशनल बैंक का एटीएम कार्ड अपने बेटे उवैस को देकर रुपये निकालने के लिए भेज दिया। वह सैफी वाली पुलिया और स्टेशन के बीच स्थित एक एटीएम कार्ड पर जब रुपये निकालने पहुंचा तो वहां उसने मशीन में एटीएम कार्ड लगाने की कोशिश की। वहां मौजूद कुछ लोगों ने एटीएम को खराब बताया। उन्होंने युवक के हाथ से एटीएम कार्ड लेकर बदल दिया और वहां से चले गए। युवक के पिता के मोबाइल पर 25000 रुपये खाते से निकलने का संदेश पहुंचा तो चौक गए।

# ईपीसीएच चुनाव में हेराफेरी का आरोप, लगाई गई रोक

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** हस्तशिल्प निर्यात संवर्द्धन परिषद की प्रशासनिक कमेटी के चुनाव में बड़ी हेराफेरी सामने आई है। ई-वोटिंग से हो रहे चुनाव में बगैर ओटीपी और पासवर्ड के वोट डाले जाने का खुलासा किया गया है। बकौल निर्यातक इस घोटाले में कोई भी किसी भी प्रत्याशी को कितने भी वोट डाल सकता है। इस खुलासे के बाद कमेटी ने चुनाव प्रक्रिया पर तत्काल रोक लगा दी है। प्रत्याशियों ने एक-दूसरे गुट पर आरोप लगाते हुए इसकी उच्च स्तरीय जांच कराकर दोषियों को दंडित करने की मांग की।

गुरुवार को लघु उद्योग भारती के प्रत्याशी हेमंत जुनेजा और अब्दुल अजीम के साथ मुरादाबाद हैंडीक्राफ्ट्स एक्सपोर्टस एसोसिएशन के अजय गुप्ता, सतपाल पुगला ने पत्रकारों को बताया कि ईपीसीएच के चुनाव में पूरी तरह हेराफेरी की जा रही थी। उन्होंने डीसी हैंडीक्राफ्ट्स के सामने ई-वोटिंग के फर्जीवाड़े का खुलासा किया। उन्होंने वोट डालकर भी दिखाए। जिसके बाद उन्हें निर्वाचन कमेटी अध्यक्ष से मिलने को कहा। उन्होंने कमेटी चेयरमैन के सामने भी फर्जी वोटिंग का खुलासा किया। उनके सामने भी बगैर ओटीपी और पासवर्ड के वोट डालने का प्रदर्शन किया। जिसके बाद चुनाव कराने वाली कंपनी एनएसडीएल से संपर्क किया गया, जिन्होंने जांच के बाद फर्जी वोटिंग होना माना है। निर्वाचन कमेटी ने इसके बाद तत्काल चुनाव प्रक्रिया पर रोक लगा दी है। प्रत्याशी हेमंत जुनेजा और अब्दुल अजीम ने बताया कि यह बड़ा घोटाला है और इसकी उच्चस्तरीय जांच होनी चाहिये। उन्होंने कहा है कि जरूरत हो तो मतदान प्रक्रिया बैलेट पेपर से कराई जाए। उन्होंने आरोप लगाया है कि यह फर्जीवाड़ा पुराना है जो इस बार खुल गया है। निर्यातक सतपाल और अजय गुप्ता का कहना है कि नियम बनाया जाए कि एक निर्यातक लगातार दो टर्म ही सदस्य रह सके।

